सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
17.11.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net कार्तिक, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 125



12 'अटल' में वाजपेयी की मां का किरदार निभायेंगी नेहा जोशी

## न्यूज डायरी

### झारखंड कैबिनेट की बैठक 22 नवंबर को

**रांची।** मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) द्वारा सूचित किया गया है कि मंत्रिपरिषद् (कैबिनेट) की बैठक 22 नवंबर को अपराह्न 4 बजे से प्रोजेक्ट भवन स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी।

### उत्तराखंड के उत्तर काशी में आया भूकंप

**उत्तर काशी (उत्तराखंड)।** उत्तर काशी में एक बार फिर भूकंप आया है। देर रात 02.02 बजे आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.1 मैग्नीट्यूड रही। भूकंप से किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं है। भारतीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार भूकंप की गहराई 5 किलोमीटर थी। उत्तरकाशी जिले में पिछले 7 महीने में 13 बार भूकंप आ चुके हैं। भू वैज्ञानिक इसे बड़े भूकंप का ट्रेलर मान रहे हैं।

### पाकिस्तान : मुठभेड़ में एक सैनिक की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर पश्चिम खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में गुरुवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच दो मुठभेड़ों में एक सैनिक और चार आतंकवादी मारे गये। आतंकियों के पास से हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक भी बरामद किये गये।

### रामगढ़ : अवैध संबंध में पति ने पत्नी को मारा

**रामगढ़।** थाना क्षेत्र के सिरका मुंडा पट्टी में अवैध संबंध का विरोध करने पर सुनील सिंह ने अपनी पत्नी सावित्री देवी की हत्या कर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची रामगढ़ पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### सहाराश्री सुब्रत रॉय पंचतत्व में विलीन

**लखनऊ।** सहारा इंडिया परिवार के संस्थापक, प्रणेता, मुख्य अभिभावक और समूह के प्रबंध कार्यकर्ता एवं चेयरमैन माननीय सहाराश्री सुब्रत रॉय सहारा का पार्थिव शरीर गुरुवार को गोमती किनारे बैकुंठ धाम में पंचतत्व में विलीन हो गया। नम आंखों से हजारों लोगों की मौजूदगी में पोते ने मुखाग्नि दी। गमगीन माहौल में सहारा परिवार के अधिकारी और कर्मचारीगण श्रद्धांजलि देने पहुंचे।

### गोड्डा : मूर्ति विसर्जन के दौरान जमकर बवाल

**गोड्डा।** जिले के पथरा में मूर्ति विसर्जन के दौरान युवकों के समूह के बीच जमकर मारपीट हुई। इस दौरान दोनों तरफ से लाठी डंडों से हमला किया गया। दोनों गुटों के बीच जब पुलिस बीच बचाव करने पहुंची तो असामाजिक तत्वों ने पुलिस पर भी हमला किया। इस हमले में एक दारोगा घायल हो गये।

### लालू के करीबी अमित की हिरासत बढ़ायी गयी

**नयी दिल्ली।** जमीन के बदले नौकरी घोटाला मामले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग केस में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के करीबी अमित कात्याल की इडी हिरासत गुरुवार को राउज एवेन्यू कोर्ट ने छह दिन बढ़ा दी। कात्याल को 11 नवंबर को इडी ने दिल्ली से गिरफ्तार किया था।

## गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 57,800 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 76,000 रु./प्रति किलो |

## तीसरी आंख




# नहाय-खाय के साथ आज से लोक आस्था का महापर्व छठ

## सज गये छठ बाजार, नदी-तालाबों की साफ सफाई जोरों पर, छठ घाट भी सजधज कर तैयार

- रांची समेत पूरे झारखंड-बिहार और देशभर में महापर्व की तैयारी जोरों पर
- रावण वध के बाद प्रभु श्रीराम और माता सीता ने रखा था छठ का व्रत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व छठ शुक्रवार (17 नवंबर) को नहाय खाय के साथ हो जायेगा। 18 नवंबर पंचमी को खरना, 19 नवंबर षष्ठी को डूबते सूर्य को अर्घ्य और 20 नवंबर सप्तमी को उगते सूर्य को जल अर्पित कर व्रत संपन्न होगा। रांची समेत पूरे झारखंड-बिहार और देशभर में इस महापर्व की जोरदार तैयारियां चल रही हैं। भारत में अस्ताचलगामी और उदीयमान सूर्य की पूजा करने की सदियों पुरानी परंपरा आज भी कायम है। मान्यता है कि भगवान श्रीराम और माता सीता ने रावण का वध करने के बाद कार्तिक शुक्ल की षष्ठी तिथि को उपवास किया और सूर्यदेव की आराधना की। उसके अगले दिन सप्तमी को उदीयमान सूर्य की पूजा कर आशीर्वाद प्राप्त किया। तब से दीपावली के ठीक अगले दिन से छठ महापर्व की आहट सुनाई देने लगती है। इस महापर्व नियम, निष्ठा और शुद्धता पर विशेष ध्यान रहता है। मुख्यतः यह व्रत महिलाएं ही रखती हैं, लेकिन बड़ी संख्या में पुरुष भी व्रत रख रहे हैं। (शेष पेज 11 पर)



### हर जगह वातावरण भक्तिमय

महापर्व के दौरान हर घर और समाज में भक्तिमय माहौल रहता है। भगवान सूर्य की उपासना का यह पर्व शुक्रवार 17 नवंबर को नहाय खाय के साथ शुरू होगा। व्रती स्नान और पूजन-अर्चना के बाद कद्दू और चावल के बने प्रसाद को ग्रहण करती हैं और खाने में सेंधा नमक का प्रयोग किया जाता है। इसके अगले दिन खरना के साथ व्रती महिलाओं का 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू होगा। दूसरे दिन यानी 18 को खरना के दिन व्रती दिनभर उपवास कर शाम को स्नान कर विधि विधान से रोटी और गुड़ से बनी खीर का प्रसाद तैयार करती हैं और भगवान भास्कर की आराधना कर प्रसाद ग्रहण करती हैं। खरना के अगले दिन उपवास रख शाम को व्रती बांस से बने दउरा में ठेकुआ, फल, ईख समेत अन्य प्रसाद लेकर नदी, तालाब या अन्य जलाशयों में जाकर शाम के समय अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य देते हैं। चौथे दिन सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित अन्न-जल ग्रहण कर 'पारण' कर व्रत तोड़ती हैं। इसके साथ ही 36 घंटे के कठिन पर्व का समापन हो जाता है।



महापर्व छठ को लेकर सजाया गया करमटोली तालाब।

### कब क्या

| | |
|---|---|
| 17 नवंबर | नहाय खाय |
| 18 नवंबर | खरना |
| 19 नवंबर | संध्या अर्घ्य |
| 20 नवंबर | उदीयमान सूर्य को अर्घ्य |

## रोमांचक मुकाबले में अफ्रीका को हरा आस्ट्रेलिया फाइनल में

# भारत से खिताबी भिड़ंत 19 को

**एजेंसी**

**कोलकाता।** ऑस्ट्रेलिया ने कांटे के रोमांचक सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 3 विकेट से हराकर क्रिकेट वर्ल्ड कप 2023 के फाइनल में प्रवेश कर लिया। खिताबी भिंडत अब भारत से 19 नवंबर को अहमदाबाद के मोदी स्टेडियम में होगा। भारत अबतक इस टूर्नामेंट में अभी तक अजेय है। यह सिलसिला फाइनल में भी रहने की उम्मीद है।

कोलकाता के इडन गार्डन में गुरुवार को खेले गये दूसरे सेमीफाइल में दक्षिण अफ्रीका द्वारा दिये गये 213 रन के लक्ष्य को ऑस्ट्रेलिया ने 47.2 ओवर में 7 विकेट खोकर हासिल कर लिया। इस तरह ऑस्ट्रेलिया रिकॉर्ड 8वीं बार वनडे विश्व कप के फाइनल में पहुंच गया। ऑस्ट्रेलिया की ओर से सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड ने सबसे ज्यादा 62 रनों की पारी खेली। स्टीव स्मिथ ने 30 ओर जोस इंगलिस ने भी महत्वपूर्ण 28 रन बनाये। वहीं, दक्षिण अफ्रीका की ओर से गेराल्ड कोएत्जी और तबरेज शम्सी ने 2-2 विकेट झटके।




**दक्षिण अफ्रीका 212 रनों पर ढेर :** इससे पूर्व आस्ट्रेलिया के गेंदवाजों के सामने दक्षिण अफ्रीका पहले बैटिंग करते हुए 49.4 ओवर में 212 रनों पर ढेर हो गयी। तेज गेंदबाजी झेलने में साउथ अफ्रीकी बल्लेबाज फेल रहे। पर डेविड मिलर ने अफ्रीका के लिए 101 रन बनाकर शानदार शतकीय पारी खेली। ऑस्ट्रेलिया के लिए स्टार्क और कप्तान कमिंस ने 3-3 विकेट झटके। 24 रनों पर 4 विकेट गंवा देने वाली साउथ अफ्रीका की डूबती नैया को डेविड मिलर और हेनरिक क्लासेन पांचवें विकेट के लिए 95 रनों की साझेदारी कर सहारा दिया।

इस साझेदारी की बदौलत अफ्रीका बोर्ड पर 200 (212) रनों से ज्यादा का टोटल लगाने में कामयाब रही। मिलर ने गेराल्ड कोएट्जी के साथ मिलकर सातवें विकेट के लिए 53 रनों की पार्टनरशिप की। वहीं मिलर ने 116 गेंदों में 8 चौके और 5 छक्कों की मदद से 101 रनों की पारी खली। पहले ही ओवर में टीम को पहला झटका कप्तान टेम्बा बवुमा के रूप में लगा, जो बिना खाता खोले पवेलियन लौट गये।

## सीएम हेमंत की अध्यक्षता में टीएसी की बैठक में कई अहम फैसले

# लुगू पहाड़ पर नहीं लगेगा डीवीसी हाइडल पावर प्लांट

- टीएसी उप समिति को एक वर्ष का अवधि विस्तार, सीएनटी के तहत 1950 में स्थापित जिलों और थानों को ही मान्यता देते हुए जमीन-खरीद बिक्री पर सहमति

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई जनजातीय परामर्शदातृ परिषद (टीएसी) की 26वीं बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। बैठक में बोकारो जिला स्थित आदिवासी संतालियों के धार्मिक धरोहर लुगू पहाड़ पर डीवीसी द्वारा प्रस्तावित हाइडल पंप्ड स्टोरेज प्रोजेक्ट किसी भी हाल में स्थापित नहीं होने देने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। साथ ही बैठक में प्रो स्टीफन मरांडी, सदस्य जनजातीय परामर्शदातृ परिषद की अध्यक्षता में गठित उप समिति के कार्यकाल को अगले 1 वर्ष के लिए अवधि विस्तार देने पर सहमति दी गयी। बैठक में सीएनटी एक्ट के अंतर्गत 26 जनवरी 1950 के समय राज्य के भीतर जो जिले और थाने स्थापित थे। (शेष पेज 11 पर)

### धार्मिक धरोहर को संरक्षित करने का निर्णय



बैठक में आदिवासी संतालियों के धार्मिक धरोहर लुगू पहाड़ को संरक्षित करने का निर्णय लिया गया। सीएम सह टीएसी के हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार हर हाल में आदिवासी समुदाय की आस्था और विश्वास का धार्मिक धरोहर लुगू पहाड़ को संरक्षित करेगी। हमारी सरकार किसी भी समुदाय की भावनाओं से खिलवाड़ नहीं होने देगी। जन भावना के अनुरूप लुगु पहाड़ पर प्रस्तावित प्रोजेक्ट नही लगाने देने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया।

### आपकी सरकार कार्यक्रम में जन-प्रतिनिधि की भूमिका अहम

बैठक में सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 15 से 29 दिसंबर 2023 तक राज्यव्यापी अभियान आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में जन-प्रतिनिधिगण एवं प्रभारी मंत्री को अपनी महती भूमिका निर्वहन करने का निर्देश दिया गया। आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार के अंतर्गत आयोजित शिविरों में बिरसा आवास योजना, बिरसा सिंचाई कूप योजना, जाति, आय,जन्म-मृत्यु, दिव्यांगता प्रमाण पत्र सहित सर्वजन पेंशन, सावित्रीबाई फुले बालिका समृद्धि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना आदि का लाभ शत प्रतिशत लाभुकों को सुनिश्चित कराया जा सके। इस निमित्त गहन विचार-विमर्श किया गया।

# वर्ल्ड कप खिताब जीतने को रोहित सेना अहमदाबाद पहुंची

- फाइनल भिड़ंत कल, पीएम मोदी भी जा सकते हैं मैच देखने

**एजेंसी**

**अहमदाबाद।** सेमीफाइनल में धमाकेदार जीत दर्ज कर फाइनल में पहुंची टीम इंडिया वर्ल्ड कप खिताब जीतने रोहित शर्मा की अगुवाई वाली क्रिकेट की सेना गुरुवार को अहमदाबाद पहुंच गयी है। यहां के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 19 नवंबर का क्रिकेट वर्ल्ड कप 2023 का फाइनल मुकाबला खेला जायेगा। संभावना है कि पीएम मोदी भी खिताबी भिड़ंत देखने स्टेडियम पहुंच सकते हैं। नरेंद्र मोदी स्टेडियम दुनिया का सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम है। इसकी क्षमता एक लाख दर्शकों से भी ज्यादा है। फाइनल मुकाबले की सभी टिकटें बिक चुकी हैं।

**फाइनल होगा खास, सूर्य किरण दिखायेगा करतब :** भारतीय वायुसेना की सूर्य किरण एरोबैटिक टीम 19 नवंबर को यहां खेले जाने वाले क्रिकेट विश्व कप के फाइनल मैच से पहले एयर शो पेश करेगी। रक्षा विभाग के गुजरात के जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ) ने बताया कि सूर्य किरण एरोबेटिक (हवाई जहाज की कलाबाजी) टीम मोटेरा इलाके के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले जाने वाले फाइनल ये पहले दस मिनट तक अपने करतब से लोगों को रोमांचित करेगी। भारतीय वायुसेना की सूर्य किरण एरोबेटिक टीम में आमतौर पर नौ विमान शामिल होते हैं और इसने देश भर में कई एयर शो किये हैं।

# झारखंड में बादल छाये, ठंड भी बढ़ी

## बंगाल की खाड़ी में बना डीप डिप्रेशन का पड़ रहा मौसम पर असर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मौसम में हुए बदलाव का असर राजधानी रांची में भी दिखने लगा है। यहा आसमान में बादल छाये हुए हैं और कई जगहों पर हल्की बारिश के आसार हैं। तापमान में गिरावट भी दर्ज की गयी है। रांची में अगले दो दिनों तक पूर्वी और मध्य भागों में धीरे-धीरे न्यूनतम तापमान में 2-3 डिग्री की बढ़ोतरी हो सकती है।

मौसम केंद्र, रांची के मुताबिक राज्य के पूर्वी भागों मसलन संथाल के इलाकों में कहीं-कहां हल्के दर्जे की बारिश देखी गयी। मौसम में हुए बदलाव की वजह बंगाल की खाड़ी के पश्चिम मध्य में बना डीप डिप्रेशन है, जो आगे चलकर उत्तर-पूर्व की ओर शिफ्ट होगा और साइक्लोनिक स्टॉर्म में तब्दील हो जायेगा। इसका सबसे ज्यादा असर बांग्लादेश पर पड़ेगा। देर रात तक राजधानी में भी अच्छी खासी ठंड महसूस की जा रही है। 16 नवंबर की सुबह तक रांची का न्यूनतम तापमान 13.8 डिग्री सेल्सियस तक गया था। इस दौरान गुमला में सबसे कम 10.5 डिग्री न्यूनतम तापमान रिकॉर्ड हुआ है। अगले चौबीस घंटों की बात करें तो उत्तर पूर्वी झारखंड के जिलों में न्यूनतम पारा 17 डिग्री के आसपास रहेगा। उत्तर-पूर्वी जिलों में न्यूनतम पारा 14 डिग्री, मध्य झारखंड में 15 डिग्री और दक्षिण झारखंड में न्यूनतम 18 डिग्री रहने का अनुमान है।

### छठव्रतियों के लिए राहत वाली बात

मौसम केंद्र का मानना है कि 17 नवंबर को भी आंशिक बादल छाये रह सकते हैं। इस दौरान मौसम शुष्क रहेगा। 18 नवंबर से धूप की कमी पूरी हो जायेगी। यह छठ व्रतियों के लिए सुकून देने वाली खबर है। 19 और 20 नवंबर को आसमान मुख्यतः साफ रहेगा और मौसम शुष्क रहेगा। 21 व 22 नवंबर को भी आसमान मुख्यतः साफ रहेगा और मौसम शुष्क रहने की संभावना व्यक्त की गयी है। बता दें कि महापर्व छठ का शुभारंभ 17 से हो रहा है। चार दिवसीय महापर्व का समापन 20 को होगा। जहां तक तापमान की बात है तो पिछले 24 घंटे में अधिकतम पारा गोड्डा में 30.7 डिग्री रिकॉर्ड हुआ है।

# अलीगढ़ का शिक्षक ही निकला आइएसआइएस का मुख्य आतंकी

- छात्रों को भड़काने और संगठित करने का करता था काम

**एजेंसी**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की आतंकवाद निरोधी दस्ता सूत्रों के हवाले से बड़ी खबर निकलकर सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि वजीहुद्दीन ही आइएसआइएस का मुख्य आतंकवादी है। वजीहुद्दीन ही छात्रों को आतंकवादी बनाने की ट्रेनिंग दे रहा था। वह भारत में आईएसआईएस के लिए ओवर ग्राउंड वर्कर की तरह काम कर रहा था। उससे अब्दुल्ला अर्शलान, माज बिन तारिक भी मिले थे। वजीहुद्दीन शरजील इमाम के संपर्क में भी था। उत्तर प्रदेश के आतंकवाद निरोधी दस्ता ने बीते सप्ताह दिनों छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के भिलाई में पकड़ा था। उस समय उसकी गिरफ्तारी आईएसआईएस के एक संदिग्ध आतंकवादी के तौर पर की गयी थी। उसकी पहचान वजीहुद्दीन उर्फ ??वजीर के रूप में हुई थी। एटीएस की जांच में अभी तक पता चला है कि अलीगढ़ के एक कोचिंग सेंटर में पढ़ाने वाला (शिक्षक) वजीहुद्दीन उर्फ ??वजीर छात्रों को आइएसआएस का आतंकी बनने के लिए तैयार कर रहा था। वजीहुद्दीन की गिरफ्तारी अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के छात्रों से जुड़े समर्थकों के पिछले गिरफ्तारियों के बाद हुई थी।

**संगठन में वजीहुद्दीन का नाम था अमीर :** यूपी एटीएस ने वजीहुद्दीन के खिलाफ आतंकवादी संगठन आईएसआईएस से संबंध के लिए मामला दर्ज किया था। यूपी एटीएस ने जब जांच की तो चौंकाने वाले खुलासे सामने आये। एटीएस जिस वजीहुद्दीन को केवल आईएसआईएस संबंध मानकर चल रही थी, वह संगठन का मुख्य आतंकी निकला है। पूछताछ में उसने कई राज उगले हैं। उसकी विचारधारा से जुड़े लोग उसे अमीर नाम से पुकारते थे।

# झारखंड विधानसभा की 23वीं वर्षगांठ को यादगार बनाने में जुटे स्पीकर

## सजेगी गीत-संगीत की महफिल, सिंगर जावेद अली झुमायेंगे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड विधानसभा की 23वीं वर्षगांठ को यादगार बनाने के लिए कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो के नेतृत्व में यादगार बनाने की तैयारी चल रही है। कार्यक्रम की शुरुआत 23 नवंबर गुरुवार 11 बजे होगी। समारोह के उद्घाटनकर्ता राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को गार्ड ऑफ ऑनर देने के बाद कार्यक्रम शुरू होगा। मुख्य अतिथि सीएम हेमंत सोरेन होंगे। इस बार बॉलीवुड सिंगर जावेद अली और गजल गायक कुमार सत्यम अपने सुरों से अतिथियों को झुमायेंगे। गीत और गजल में हास्य का तड़का डालेंगे रविंद्र सोनी। सिंगर जावेद अली किसी परिचय को मोहताज नहीं है। पुष्पा फिल्म में उनका गाना तेरी झलक अशर्फी खूब चली थी। उन्होंने एक से बढ़कर एक गाने गाये हैं। पहली बार करीब से रांची के लोग उनको देखेंगे और सुनेंगे। पिछले साल कवि कुमार विश्वास ने अपने काव्य और व्यंग से जबरदस्त समां बांधा था।



### सम्मान समारोह का भी आयोजन

दीप प्रज्ज्वलन के बाद चयनित उत्कृष्ट विधायक को सम्मानित किया जायेगा। पिछले साल भाकपा माले विधायक बिनोद सिंह को यह सम्मान मिला था। इसके अलावा विधानसभा के उत्कृष्ट कर्मी सम्मानित किये जायेंगे। इसके बाद देश की सीमा पर और नक्सल अभियान में शहीद और शांतिकाल में वीरता प्राप्त झारखंड के बहादुर पुलिसकर्मियों और जवान सम्मानित किये जायेंगे। कार्यक्रम के अगले पड़ाव में राज्य के खिलाड़ियों और 10वींए 12वीं समेत अन्य शैक्षणिक संस्थान के टॉपर छात्र-छात्राएं सम्मानित होंगे। साथ ही, सामाजिक क्षेत्र में योगदान देने वाले राष्ट्रपति पदक से सम्मानित और चंद्रयान 3 मिशन में भूमिका निभाने वाले राज्य के वैज्ञानिकों को भी सम्मानित किया जायेगा। कार्यक्रम के दौरान 12.50 बजे त्रैमासिक पत्रिका उड़ान समेत अन्य पुस्तकों का विमोचन होगा। सम्मान समारोह के बाद उत्कृष्ट विधायक, मुख्य सचेतक, नेता प्रतिपक्ष, संसदीय कार्यमंत्री का संबोधन होगा। फिर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बाद राज्यपाल का संबोधन होगा।

## नीतीश कुमार का केंद्र सरकार को अल्टीमेटम

# विशेष राज्य का दर्जा दो नहीं तो आंदोलन छेड़ेंगे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक बार फिर विशेष राज्य के दर्जे की मांग कर दी है। गुरुवार को पटना के बापू सभागार में आयोजित उद्योग विभाग के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जमकर हमला बोला। उन्होंने केंद्र पर निशाना साधते हुए कहा कि अब एक-एक जगह पर अभियान चलेगा कि बिहार का उत्थान करना चाहते हो तो विशेष राज्य का दर्जा दो। नहीं दोगे तो इसका मतलब है कि बिहार का उत्थान नहीं करना चाहते हो, सिर्फ प्रचार करना चाहते हो। ऐसे में हमलोग आंदोलन छेड़ने को विवश हो जायेंगे। फिर से बिहार की यात्रा शुरू करेंगे। नीतीश कुमार ने कहा, हम लोग जितना काम कर रहे हैं अब इसके बारे में एक-एक चीज गांव-गांव तक पहुंचायेंगे। हमने आज ही अधिकारियों को कह दिया है। एक-एक जगह जाकर हमारे अधिकारी पूछेंगे कि काम हुआ कि नहीं? (शेष पेज 11 पर)

## खबर एक नजर में

### सीएम से मिले विधानसभा के प्रभारी सचिव



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से गुरूवार को झारखंड मंत्रालय में विधानसभा के प्रभारी सचिव सैयद जावेद हैदर ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को उन्होंने आगामी 22 नवंबर 2023 को आयोजित होने वाले झारखंड विधान सभा 23वीं वर्षगांठ समारोह में सम्मिलित होने के लिये सादर आमंत्रित किया।

### 2002 से 2007 बैच आवंटित आइपीएस को मिला वरीयता का लाभ

**रांची।** 2002 से 2007 बैच आवंटित आइपीएस को एक साल का वरीयता का लाभ मिला है। इसको लेकर गृह विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। जारी अधिसूचना के मुताबिक, सेलेक्ट लिस्ट 2009, 2010 और 2011 के खिलाफ राज्य पुलिस सेवा से भारतीय पुलिस सेवा में प्रोन्नत पदाधिकारी के वरीयता वर्ष का पुनर्निर्धारण किया गया है। साथ ही साल 2002 से 2007 बैच आवंटित भारतीय पुलिस सेवा के पदाधिकारी को वरीयता वर्ष/बैच में एक वर्ष की वरीयता का लाभ प्रदान किया गया है। इसका लाभ सेवानिवृत आइपीएस प्रशांत कुमार कर्ण को मिला। पूर्व में इन्हें 2003 बैच आवंटित किया था, लेकिन बाद उन्हें 2002 बैच आवंटित किया गया है।

### बाबूलाल मरांडी देर शाम गये हैदराबाद, करेंगे चुनाव प्रचार

17 से 20नवंबर तक राज्य विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में करेंगे प्रचार

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी लगातार विभिन्न राज्यों के चुनाव प्रचार अभियान में स्टार प्रचारक बने हुये हैं। छत्तीसगढ़ चुनाव प्रचार के बाद उन्होंने प्रधानमंत्री की खूंटी झारखंड में हुई सभा को सफल बनाने में पार्टी कार्यकताओं का मार्गदर्शन किया। गुरूवार की देर शाम श्री मरांडी सेवा विमान से हैदरबाद रवाना हो गये। श्री मरांडी 17से 20नवंबर तक तेलंगाना राज्य के विभिन्न विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। 17नवंबर को श्री मरांडी हैदराबाद से चलकर संगा रेड्डी जिला के मगुदामपल्ली में जनसभा को संबोधित करेंगे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, खूंटी**

**सूचना**

पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, खूंटी अन्तर्गत Construction of H.L. Bridge over Bartoli Nala in 15th KM of Karra More (Torpa) to Karra Road का ई0–निविदा प्रसंग संख्या:– RCD /KHUNTI/858 दिनांक 14.10.2023 P.R. 309195Road (23-24)_D & P.R. 309376 Road (23-24)#D को अपरिहार्य कारण से निविदा रद्द की जाती है।

कार्यपालक अभियंता
प0नि0वि0, पथ प्रमण्डल, खूंटी

PR311475 (Road)23-24*D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमण्डल,खूंटी**

**सूचना**

पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, खूंटी अन्तर्गत Construction of H.L. Bridge Over Karma Nala in 14th KM of Karra More (Torpa) to Karra Road का ई0–निविदा प्रसंग संख्या:– RCD/KHUNTI/859 दिनांक 14.10.2023 P.R. 309194 Road (23-24)#D & P.R. 309354 Road (23-24)D को अपरिहार्य कारण से निविदा रद्द की जाती है।

कार्यपालक अभियंता
प0नि0वि0, पथ प्रमण्डल,खूंटी

PR 311474 Road(23-24).D

**JHARKHAND STATE RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY**
3rd Floor, F.F.P. Building, H.E.C. Dhurwa, Ranchi – 834 004
Letter No. JSRRDA-790/2023- 2170Ranchi, Dated – 14.11.2023
**CORRIGENDUM to PR No.: 304815**
**e-Tender NIT No. 121 / 2023-24**

The NIT issued vide PR No. 304815 dated 17.08.2023 regarding e-tender for Strengthening and Maintenance for package number JH-M-SIM-02/ 2023-24 in District Simdega bidding document which is available in website www.jharkhandtenders.gov.in:-

| Sl. No. | In place of | Read as |
|---|---|---|
| 1. | Last date and time for Receipt of e -Tender - 14.11.2023 at 1700 hrs | Last date and time for Receipt of e -Tender - 22.11.2023 at 1700 hrs |
| 2. | Date and Time for opening of Bid - 16.11.2023 at 1530 hrs | Date and Time for opening of Bid - 23.11.2023 at 1700 hrs |

All other terms and conditions will remain same.

Chief Engineer
JSRRDA, Ranchi

PR 311402 Rural Work Department(23-24)D

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**ROAD DIVISION, KHUNTI**
**e-Procurement Notice**
**VERY SHORT TENDER**
**E_Tender Reference No. RCD/KHUNTI/952**
**Date :- 14/11/2023**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | IRQP Work of SH-03 to Ulihatu Road(Km 0.00 to Km 12.870) (Total Length 12.870 KM) |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | Rs. 11,57,96,782.00 Rs. Eleven Crore Fifty Seven Lakh Ninety Six Thousand Seven Hundred Eighty Two only. |
| 3. | Bid Security (Rs.) | Rs. 11,58,000.00 Rs Eleven Lakh Fifty Eight Thousand Only. |
| 4. | Cost of Document (Rs.) | Rs. 10,000.00 Rs. Ten Thousand Only. |
| 5. | Time of Completion | 03 Months |
| 6. | Last date / Time for receipt of bids | 24.11.2023 up to 12:00 Noon |
| 7. | Date of Publication of Tender on website | 17.11.2023 at 12:00 Noon |
| 8. | Name & Address of office Inviting tender | Executive Engineer, Road Construction Department, Road Division, Khunti |
| 9. | Contact no. of Procurement Officer | 06528-221215 |
| 10. | Helpline number of e-Procurement Cell | 0651-2401010 |

Note :- Estimated cost of tender can be increased or decreased
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

PR.NO.311422 Road(23-24):D
Executive Engineer, R.C.D., Road Division, Khunti


# पीएम की सुरक्षा में चूक का मामला : कारकेड में घुसने वाली महिला के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कारकेड में अचानक प्रवेश करने वाली महिला के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। इसको लेकर एनएसजी के द्वारा रांची पुलिस से रिपोर्ट मांगी गई थी। जिसके बाद इस मामले में कार्रवाई करते हुए पीएम के वाहन के आगे जानबूझ कर आने वाली महिला के खिलाफ रांची के कोतवाली थाना में एफआईआर दर्ज करवाई गयी है। बताया गया है कि महिला सीआइपी से इलाज करवा कर लौटी है। उसे उसके पति के द्वारा ही निकाल कर लाया जाता है। महिला अपने पति का सारे क्रेडिट कार्ड, एकाउंट अपने पास ही रखती है। उसी से अपनी जीविका चला रही है और खुद ही कई बार थाने में पति के खिलाफ केस दर्ज कराया है।



बुधवार को जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का काफिला राजभवन से निकलकर रांची एसएसपी आवास से होकर रेडियम रोड से गुजर रहा था, इस दौरान गार्डन फ्रेश नामक प्रतिष्ठान के ठीक सामने प्रधानमंत्री का वाहन वहां पहुंचा तो उसी समय संगीता झा नामक महिला सुरक्षा घेरे को तोड़कर पीएम की गाड़ी के सामने पहुंच गई। इस दौरान मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने आननफानन में महिला को पीएम के कारकेड से बाहर निकाला। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए एनएसजी के द्वारा रांची पुलिस से रिपोर्ट मांगी गई थी। इस मामले में कार्रवाई करते हुए बुधवार रात ही मौके पर तैनात तीन पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया था। वहीं गुरुवार को पीएम की ड्यूटी पर तैनात इंस्पेक्टर विनोद पासवान के द्वारा रांची के कोतवाली थाना में महिला के ऊपर एफआईआर दर्ज करवाई गयी है। महिला को हिरासत में लेने के बाद उससे कड़ाई से पूछताछ की गई है। उसके बैकग्राउंड के बारे में भी रांची पुलिस के द्वारा पूरी जानकारी इकटठर की गई है।

#### क्या है मामला

बुधवार की सुबह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब राजभवन से निकलकर जेल चौक स्थित बिरसा मुंडा पुराने जेल की तरफ जा रहे थे। इस दौरान रेडियम रोड से गुजरने के दौरान प्रधानमंत्री के काफिले में एक महिला घुस आई। दौड़ते हुए महिला सीधे प्रधानमंत्री जिस वाहन में बैठे हुए थे उसके सामने आ गई थी। महिला के अचानक कारकेड में घुसने की वजह से इमरजेंसी ब्रेक लगानी पड़ी। पीएम का काफिला रुकने की वजह से तुरंत एनएसजी और दूसरे सुरक्षा गाड्र्स अलर्ट हो गए। महिला को सड़क से किनारे करने के बाद कड़ी सुरक्षा के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का काफिला रेडियम रोड से निकला।

#### तीन पर हो चुकी है कार्रवाई

इससे पहले पीएम के सुरक्षा में चूक सामने आने के बाद रांची एसएसपी ने तीन पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया था। निलंबित होने वाले पुलिसकर्मियों में पश्चिम सिंहभूम में पदस्थापित एएसआई अबू जफर, आरक्षी छोटेलाल टुडू और रंजन कुमार शामिल हैं। इस संबंध में बुधवार को एसपी ने आदेश जारी किया था।

## बाबूलाल मरांडी प्रथम आदिवासी सीएम, इसलिए मंच पर रही मौजूदगी : भाजपा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा ने कांग्रेस के उस बयान पर जवाब दिया है जिसमें बाबूलाल मरांडी को प्रधानमंत्री संग मंच पर उपस्थिति को लेकर सवाल उठाये गये हैं। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाडंगी ने कहा है कि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष बतायें कि अविनाश पांडे किस हैसियत से सरकारी मंच पर रहते हैं। दरअसल, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने आरोप लगाया है कि सरकारी कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को क्यों जगह दी गई। षाडंगी ने कहा की कांग्रेस को तो बस शोर मचाने की लत है। वर्ना यहां तो सब खैरियत है। उन्होंने कहा कि अखबारों में



बने रहने के लिए बस विरोध नहीं करनी चाहिये। तर्कयुक्त विरोध हो तो लोकतंत्र में उसका स्वागत है। वहीं, कांग्रेस के आरोपों पर भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाडंगी ने कहा कि प्रधानमंत्री के साथ मंच पर मरांडी की उपस्थिति भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के नाते नहीं थी। अपितु राज्य के प्रथम आदिवासी मुख्यमंत्री होने के कारण उनके प्रति प्रधानमंत्री का सम्मान और आदर भाव है। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी का ओहदा क्या है, यह पीएम के संबोधन के उस अंश से जाहिर हो जायेगा। जब उन्होंने मंच से पूर्व सीएम बाबूलाल को परम मित्र बताया। जहां तक हैसियत का सवाल है तो कांग्रेस के नेता यह बतायें कि विशाल चौधरी के घर में विभागीय संचिका किस हैसियत से गई थी। दलाल प्रेम प्रकाश के घर में सीएम सुरक्षा में लगे जवानों की ए-47 की बंदूक कैसे पाई गई थी। मुख्यमंत्री जी के हस्ताक्षर की हुई चेक बुक माफियाओं के घर पर कैसे मिली थी। कॉग्रेस के राज्य के प्रभारी अविनाश पांडे किस हैसियत से सरकारी कार्यक्रम में मंच पर आसीन होते हैं।

## उत्तरकाशी टनल हादसा : रेस्क्यू में देरी से झारखंड में श्रमिकों के परिजनों की बढ़ी चिंता

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी में नेशनल हाइवे प्रोजेक्ट की टनल के अंदर मलबे में फंसे झारखंड के श्रमिकों के परिजनों का सब्र छलक रहा है। रेस्क्यू में हो रही देरी से श्रमिकों के परिजनों की चिंता बढ़ गई है। मालूम हो कि टनल में फंसे 40 में से 15 मजदूर झारखंड के हैं।

झारखंड के अफसरों की एक टीम उत्तरकाशी में मौके पर मौजूद है और पल-पल का अपडेट ले रही है। रांची के ओरमांझी प्रखंड के खीराबेड़ा गांव के तीन श्रमिक अनिल बेदिया, राजेंद्र बेदिया और सुकराम बेदिया भी सुरंग में फंसे हैं। उनके परिजनों को मंगलवार को जब झारखंड सरकार की ओर से उनके सुरक्षित होने की खबर दी गई तो वे थोड़े इत्मीनान हुए, लेकिन बुधवार शाम तक रेस्क्यू अभियान की प्रगति धीमी पड़ने की खबर से वे फिर से बेचैन हैं। सुरंग में फंसा राजेंद्र बेदिया नामक श्रमिक के पिता श्रवण बेदिया दिव्यांग हैं। उनकी आंखों में आंसू हैं. मां फूलकुमारी और बहन चांदनी के भी आंसू नहीं थम रहे। एक अन्य श्रमिक सुकराम बेदिया की मां पार्वती देवी भी दिव्यांग हैं। वह मंदिर में मत्था टेक रही हैं।



झारखंड सरकार की ओर से उत्तरकाशी भेजे गए अफसरों की टीम ने वहां के जिला मजिस्ट्रेट अभिषेक रोहिला से मुलाकात कर उनसे रेस्क्यू ऑपरेशन की पूरी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बताया कि मंगलवार रात से जो रेस्क्यू की प्रक्रिया चल रही थी, उसमें रुकावट आई है। मशीन खराब हो गई है। साथ ही पत्थर आ जाने के कारण रेस्क्यू में रुकावट हुई है। झारखंड की टीम ने घटनास्थल से 7-8 किलोमीटर की दूरी पर एक प्रवासी नियंत्रण कक्ष -होटल अनंतम ब्रशखाल, उत्तरकाशी में खोल दिया गया है ताकि श्रमिकों या उनके शुभचिंतकों को कोई भी जानकारी तुरंत उपलब्ध कराई जा सके।

# स्टेट गर्वनेंस को डिस्टर्ब और एमपी-छत्तीसगढ़ का चुनाव प्रचार करने आए थे पीएम मोदी : सुप्रियो

- अब आदिवासी–मूलवासी बुड़बक नहीं रहे, कोई भी आए डमरू बजाकर चला जाए
- राज्यपाल को विकास के लिए राजनीति नहीं करने की सलाह दी, मगर रात भर मेजबानी में सरना धर्म कोड, एचईसी सहित अन्य मुद्दों के बारे में क्यों नहीं बताया पीएम को

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दो दिवसीय दौरा समाप्त होने के बाद झामुमो ने अपने तेवर तल्ख कर लिए हैं। कहा कि अब आदिवासी-मूलवासी बुड़बक नहीं रह गए हैं कि कोई भी आए और डमरू बजाकर बेवकुफ बनाकर चला जाए। पहले तो यह होता आया है कि गर्वनेंस को डिस्ट्रब करने के लिए सीबीआई, आईटी, ईडी आदि को लगाया जाता रहा है। मगर अब स्टेट गर्वनेंस को डिस्ट्रब करने के लिए प्रधानमंत्री खुद आते हैं। पिछली बार भी ऐसा हुआ। उक्त बातें पार्टी के केंद्रीय महासचिव और प्रवक्ता सुप्रियो भप्ताचार्य ने पार्टी कार्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान कही।

भप्ताचार्य ने कहा कि पहले तो जनजातीय दिवस के नाम पर भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आने की सहमति मिलने के बाद भी उन्हें आने नहीं दिया गया। अब इस साल राज्य सरकार के माइल स्टोन वाली योजनाओं की घोषणा और लॉन्चिंग से जनता का ध्यान भटकाने, अपना फोटो छपवाने और राजनीतिक प्रचार के लिए प्रधानमंत्री आए। क्योंकि पूरा सरकारी महकमा आधे दिन तक उनके कार्यक्रम में बिजी रहा। राज्य सरकार के कार्यक्रम को पूरी तरह से डिस्टर्ब करने का प्रयास किया गया। खर्च पर अप्रत्यक्ष तौर पर उन्होंने मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के लिए चुनाव प्रचार के लिए भगवान बिरसा मुंडा की धरती खूंटी-उलिहातू को चुना। वह भी सरकारी खर्च और जनता के पैसों पर।

**एचईसी के बारे में कहने की हिम्मत नहीं :** सुप्रियो भप्ताचार्य ने कहा कि देश की मदर कंपनी एचईसी को बचाने की मांग झामुमो ने की थी। एचईसी और राज्य की जनता भी इसकी उम्मीद लगाए बैठी थी। मगर एक शब्द भी नहीं कहा। अगर मोदी जी को एचईसी को एक दिन अडाणी को दे ही देना तो उसकी घोषणा कम से कम करके जाते। इसे भी राज्य की जनता कभी भूल नहीं पाएगी।

**ज्वलंत मुद्दे नहीं बताए राज्यपाल ने**

सुप्रियो भप्ताचार्य ने राज्य स्थापना दिवस समारोह में राज्यपाल के भाषण पर सवाल खड़ा किया। विकास में राजनीति की बात शामिल नहीं करने की बात की जाती है। तो जरा राज्यपाल को बताना चाहिए कि उन्होंने रात भर प्रधानमंत्री की मेजबानी की। रात भर में उन्हें क्या आदिवासी धर्म कोड, ओबीसी आरक्षण, एचईसी और झारखंड-देश के मुद्दों के बारे में नहीं बताया। अगर बताते तो उनका भाषण अच्छा लगता।

#### मणिपुर, मिजोरम, मेघालय जाने की हिम्मत नहीं

सुप्रियो भप्ताचार्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आदिवासी या उनके शब्द में जनजातियों से कोई प्रेम नहीं है। सब ढकोसला है। उन्हें आदिवासी सभ्यता, संस्कृति और न ही पर्व–त्योहार के बारे में कोई जानकारी नहीं है, यहां तक कि केंद्रीय जनजातीय मंत्री जो खुद मुंडा समाज से आते हैं। सरहुल–कर्मा, सोहराई सब मनाते हैं, कल सोहराय भी था। मगर न प्रधानमंत्री कुछ कहते हैं न जनजातीय मंत्री. प्रधानमंत्री को मणिपुर, मिजोरम, मेघालय जाने की हिम्मत नहीं है। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के आदिवासी बहुल क्षेत्रों में जाने की हिम्मत नहीं है, तो चुनावी प्रचार के लिए बिरसा मुंडा की धरती को चुना और यहां के आदिवासियों को बेवकूफ बनाया गया। झारखंड के आदिवासी समाज और यहां के लोगों के लिए उन्होंने कोई घोषणा नहीं की। यहां तक यहां की प्रमुख मांग जिसे हेमंत सरकार ने विधानसभा से पारित करा कर भेजा, सरना–आदिवासी धर्म कोड उसकी चर्चा तक नहीं की।

#### जंगल में कॉरपोरेट को घुसाने की तैयारी

सुप्रियो भप्ताचार्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आदिवासियों के विकास की बात करते हैं। बड़ी–बडी योजनाओं की घोषणा करते हैं। मगर वन अधिकार कानून में संशोधन करके जंगल में कॉरपोरेट को घुसाने की तैयारी करते हैं। क्या जंगल के बिना आदिवासी जी पाएंगे, बच पाएंगे। यह कैसा आदिवासी विकास की बात है। झूठ और प्रपंच का भी एक दायरा होता है। मगर सभी हदें अब पार की जा रही हैं।

## प्रधानमंत्री के संबंध में अनर्गल, असंवैधानिक बयानबाजी बर्दाश्त नहीं : समीर उरांव

### झामुमो प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य के बयान पर बिफरी भाजपा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा एसटी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव ने झामुमो को आड़े हाथों लेते हुये कहा है कि पीएम नरेंद्र मोदी के संबंध में अनर्गल बयानबाजी बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी ने जनजाति समाज केलिये जितना किया, झामुमो सात जन्मों में नहीं सोच सकता है। उन्होंने झामुमो प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य के बयान की कड़ी भर्त्सना की है। उन्होंने कहा कि पर सुप्रियो भप्ताचार्य विक्षिप्त मानसिकता से ग्रस्त हो चुके हैं। इसलिये उनका इलाज मानसिक आरोग्य शाला, कांके में कराया जाना चाहिये। उन्होंने कहा कि भारत के पहले ऐसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं, जिन्होंने भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातु में जाकर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया। लेकिन, झामुमो को इससे दिक्कत है। भगवान बिरसा मुंडा



की जयंती को जनजाति गौरव दिवस घोषित किया गया। आजादी के 75वर्षों के बाद भी बुनियादी सुविधाओं केलिये तरसते जनजाति समाज को पीएम जनमन योजना के माध्यम से 24हजार करोड़ रूपये की योजनाओं की शुरूआत हुई,यह झामुमो को पसंद नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री संवैधानिक रूप से राज्य के किसी हिस्से में कार्यक्रम में शामिल होने जा सकते हैं। लेकिन, झामुमो को अगर प्रधानमंत्री का यह दौरा राज्य सरकार को डिस्टर्ब करने वाला लगे तो फिर ऐसी सोच का संवैधानिक उपचार भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जिस मंच पर राज्य के राज्यपाल,स्वयं मुख्यमंत्री उपस्थित हों। राज्य का प्रशासनिक तंत्र काम में जुटा हो,उसे डिस्टर्बिंग आयोजन बताना पूरी तरह असंवैधानिक है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झामुमो के इस बयान पर अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिये। उन्होंने कहा कि झामुमो को जनजाति समाज की चिंता उस समय कहां चली जाती है जब लाखों आदिवासी भाई बहनों को उनकी धर्म संस्कृति से काटकर धर्मांतरित कराया जा रहा है। झामुमो आदिवासी बहन बेटियों की लूटती इज्जत पर कब चिंता व्यक्त करेगा। झामुमो पहाड़िया बेटी की टुकड़ों में हत्या होने पर क्यों चुप्पी साधे बैठ जाता है।

झामुमो बांग्लादेशी घुसपैठियों के कारण पूरे राज्य की बदलती डेमोग्राफी पर क्यों मुंह नही खोलता है। झामुमो प्रवक्ता लव जिहाद में आदिवासियों बेटियों के हो रहे शोषण पर क्यों कुछ नही बोलता है। उन्होंने कहा कि राज्य में आदिवासी दरोगा संध्या टोपनो की हत्या गो तस्करों ने कर दी झामुमो का मुंह नही खुला। होनहार आदिवासी बेटी दरोगा रूपा तिर्की की संदेहास्पद मौत पर झामुमो मौन बैठा रहा। उन्होंने कहा कि राज्य अनेक होनहार आदिवासी युवकों की हत्या हेमंत राज में हुई, फिर भी झामुमो चुप रहा। उन्होंने कहा कि झामुमो कैसा आदिवासी हितैषी है।

उन्होंने कहा कि झामुमो केलिये शिबू सोरेन परिवार ही केवल आदिवासी है। इसलिये दूसरे किसी आदिवासी नेता एवं आदिवासियों की भलाई सोचने वाला प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, नेता प्रतिपक्ष झामुमो को पसंद नही है। उन्होंने कहा कि अलग झारखंड राज्य बनाने से लेकर राज्य के आदिवासी, दलित पिछड़े महिला, युवा सभी के कल्याण केलिये भाजपा संकल्पित और समर्पित है।

## पीएम के कार्यक्रम को लेकर मुख्यमंत्री सचिवालय ने जारी किया भ्रामक प्रेस विज्ञप्ति : भाजपा

**रांची।** भाजपा ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड स्थापना दिवस और धरती आबा बिरसा मुंडा की जयंती के मौके पर खूंटी में विराट जनसभा को संबोधित किया। झारखंड सहित देश के जनजातीय आबादी के हितार्थ कई महत्वपूर्ण योजनाओं की आधारशिला रखी गई। सरकारी कार्यक्रम होने के कारण मंच पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी साथ दिखें और उन्हें भी कार्यक्रम को संबोधित करने का अवसर मिला। कार्यक्रम के समापन के उपरांत मुख्यमंत्री सचिवालय ने सीएम हेमंत के बयान में कुछ ऐसे अंश जोड़कर प्रेस विज्ञप्ति जारी किया है, जो मंच से सीएम ने अपने संबोधन में उल्लेख किया तक नहीं। झारखंड सरकार के पीआरडी विभाग द्वारा जारी विज्ञप्ति में जिक्र है कि सीएम ने प्रधानमंत्री के समक्ष आदिवासी धर्म कोड के आशय में मांग को दुहराया। जबकि मुख्य विपक्षी दल भाजपा का दावा है कि सार्वजनिक मंच से मुख्यमंत्री ने ऐसा कोई आग्रह नहीं किया है।

भाजपा ने इस मामले को उच्च श्रेणि का षड्यंत्र बताते हुये राज्य सरकार पर जुबानी हमला बोला है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाडंगी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से इस मामले में स्थिति स्पष्ट करने की मांग करते हुये कहा है कि सीएम को प्रधानमंत्री की सभा में अपने भाषण का वो अंश सार्वजनिक करनी चाहिये। जिसमें उन्होंने आदिवासी धर्म कोड की मांग रखी है। उन्होंने कहा कि भाजपा पहले भी कहती रही है कि राज्य के अधिकारी हेमंत सरकार के टूल्स बने हुये हैं, जिसका ताजा उदाहरण प्रेस विज्ञप्ति है।

उन्होंने कहा कि जनजातीय आबादी झामुमो गठबंधन के छल और झूठ को पहचान चुकी है और पूरी तरह से 2024 में सत्ता से उखाड़ फेंकने को संकल्पबद्ध है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी के कार्यक्रम में आदिवासी समाज की जबरदस्त भीड़ इस ओर साफ संकेत कर रही है। कुणाल षाडंगी ने मांग किया है कि मुख्यमंत्री सचिवालय अपने जारी किये गये विज्ञप्ति के संदर्भ में खंडन जारी करे और दोषी अफसरों पर विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित करे।

# सूर्य मंदिर छठ घाट के लिए 19 नवंबर को दोपहर 2 बजे खुलेगा प्रवेश द्वार

पहले आओ-पहले पाओ की तर्ज पर श्रद्धालु हो सकेंगे शामिल

राज्यपाल रघुवर दास भी अर्पित करेंगे भगवान भास्कर को अर्घ्य

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** सिदगोड़ा स्थित सूर्य मंदिर परिसर में छठ महोत्सव की तैयारी अंतिम चरण में हैं। गुरुवार को इस संबंध में सूर्य मंदिर समिति की महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता सम्पन्न हुई। सूर्य मंदिर के साभागर में आयोजित प्रेस वार्ता में मंदिर समिति के संरक्षक चन्द्रगुपत सिंह, अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह उपाध्यक्ष शैलेश गुप्ता मीडिया प्रभारी प्रमोद मिश्रा शामिल हुए। प्रेस-वार्ता के दौरान मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने बताया कि छठ महोत्सव को सफल बनाने के लिए सभी स्तरों पर जोर-शोर से तैयारियां की जा रही है। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य छठ महोत्सव के आयोजन में समिति के सदस्यगण पूरे तन्मयता से जुटे हैं। सूर्य मंदिर तालाब समेत पूरे मंदिर परिसर में पेंटिंग एवं सफाई के उपरांत तालाब की सतह की नयनाभिराम पेंटिंग की जा रही है। पेंटिंग का कार्य संपन्न होने के बाद इसमें स्वच्छ निर्मल जल भरा जायेगा। इस जल की पारदर्शिता और स्वच्छ्ता आकर्षक होगी। जल भरने के उपरांत छठ घाट तालाब नीले सरोवर की तरह झिलमिल करता नजर आयेगा। तालाब के भीतर-बाहर की लाइटिंग इंद्रधनुषी छटा को बिखेरेगी। इसके साथ ही, छठ महोत्सव के निमित्त मंदिर परिसर व आसपास के क्षेत्र में आकर्षक विद्युत सज्जा की जा रही है। साथ ही सूर्य मंदिर को विशेष तौर पर रंग-बिरंगे फूलों से सजाया जायेगा। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि सूर्य मंदिर आने-जाने वाली सड़कों की सफाई का कार्य जारी है। सूर्य मंदिर के स्वयंसेवक छठ व्रतियों एवं श्रधालुओं की सेवा में लगातार सक्रिय रहेंगे। बताया कि छठ व्रतधारियों के लिए दोपहर 2 बजे सभी प्रवेश द्वार को खोल दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि पहले आओ-पहले पाओ की तर्ज पर घाट पर भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया जाएगा। भूपेंद्र सिंह ने बताया कि मंदिर समिति की ओर से 18 नवंबर को आर्थिक रुप से कमजोर ग्यारह सौ व्रतधारियों के बीच निःशुल्क पूजन सामग्रियों का वितरण किया जायेगा। मंदिर समिति की ओर से सूर्य धाम परिसर में ऐसे जरूरतमंद ग्यारह सौ लोगों के परिजनों के बीच 18 नवंबर को पूर्वाह्न 10 बजे से पूजन सामग्रियों का वितरण किया जाएगा। सूर्य मन्दिर समिति के संरक्षक चन्द्रगुप्त सिंह ने छठ महोत्सव के तहत होने वाले सांस्कृतिक संध्या की जानकारी देते हुए बताया कि लोक आस्था के महापर्व छठ के प्रथम अर्घ्य 19 नवंबर को संध्याकाल में सुप्रसिद्ध लोक गायिका निशा पांडेय के संग सुर संग्राम की विजयी प्रतिभागी एवं प्रसिद्ध गायिका ममता राउत एवं स्थानीय कलाकार स्नेहा मिश्रा समेत अन्य कलाकार सूर्य मंदिर के शंख मैदान में भक्ति संगीत की धारा श्रधालुओं के बीच बहाएंगी।

छठ महोत्सव के कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रहेगी। काफी संख्या में महिला एवं पुरुष स्वयंसेवक व्रतधारियो की सुविधा हेतू उपलब्ध रहेंगें।



संवाददाता सम्मेलन में उपस्थित बायें से प्रमोद मिश्रा, अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह और उपाध्यक्ष शैलेश गुप्ता।

## आज होलसेल की दर पर छठ व्रतियों को फल उपलब्ध करायेगी पूर्व सैनिक सेवा परिषद



जमशेदपुर। लोक आस्था का सबसे बड़ा पर्व छठ के अवसर पर हर वर्ष पूर्व सैनिक सेवा परिषद पूर्वी सिंहभूम जो तीनों सेना से सेवानिवृत जांबाज सैनिकों की संस्था है, समाज सेवी संगठनों के सहयोग से मिलकर मानगो पुल के पास हर बर्ष होलसेल के दर पर छठ व्रतियों को उचित गुणवत्ता वाले फल उचित वजन के साथ उपलब्ध कराता है। मानगो क्षेत्र में इस सेवा शिविर का सभी छठ व्रतधारीयों को लगने का इंतजार रहता है। पुर्व सैनिक सेवा परिषद पूर्वी सिंहभूम के तमाम सैनिक साथी शिविर के संचालन में सुबह 6 बजे से रात 11 बजे तक सहयोग के रूप में शारीरिक सेवा तीन दिन देते हैं। सुबह 11:00 बजे इस सेवा शिविर का उद्घाटन होगा। इसकी तैयारी में सुशील कुमार सिंह दिनेश सिंह राजीव रंजन अमित कुमार सतनाम सिंह ज्योर्तिमय शॉ रामजीत प्रसाद अशोक श्रीवास्तव हंसराज सिंह डी के वर्मा मिथिलेश सिंह सुरेंद्र प्रसाद मौर्या आदि सैनिक साथी सेवा दे रहे हैं।

## स्पीड न्यूज

### एसडीओ पारुल सिंह ने छठ घाटों का किया निरीक्षण



जमशेदपुर। सरायकेला की एसडीओ पारुल सिंह ने आगामी छठ महापर्व को देखते हुए आदित्यपुर नगर निगम अंतर्गत आने 32 नंबर छठ घाट, कुलूपटांगा एवं बाबाकुटी आश्रम छठ घाट का कवचक निरीक्षण किया जहां उन्होंने 32 नंबर छठ घाट में फैली गंदगी को देखते ही नगर निगम के पदाधिकारी लेमांशु पर भड़कते हुए त्वरित सफाई करवाने के निर्देश दिए हैं। वहीं उन्होंने बाबा कुटीर आश्रम के पास मौजूद छठ घाट को पूरी तरह से डेंजर जोन घोषित किया है। मौके पर मौजूद गम्हरिया अंचल अधिकारी को वहां एक बोर्ड लगवा कर नगर निगम के द्वारा क्षेत्र को बैरिकेडिंग करवाने का निर्देश भी सरायकेला की एसडीओ ने दिया है। उन्होंने बताया कि पूर्व में उक्त छठ घाट पर कई दुखद घटना हो चुकी है एवं आम लोगों के हित और जीवन सुरक्षा को देखते हुए इस क्षेत्र में लोगों से अपील की जाती है की इस घाट पर छठ करने से बचें। यह क्षेत्र काफी ज्यादा खतरनाक और गहरा है। वहीं उन्होंने निरीक्षण के दौरान पाया की छठ घाट से दिनदहाड़े बालू का अवैध उत्खनन हो रहा था पता करने पर वह क्षेत्र गम्हरिया थाना के अधीन पाया गया जिसके बाद गम्हरिया के थाना प्रभारी को त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं और सूचना उपलब्ध कराने को कहा गया है कि किन के द्वारा सरकार के आदेश का पालन नहीं करते हुए खुलेआम बालू कि चोरी की जा रही है। दिवाली से ही लगातार सरायकेला के एसडीओ क्षेत्र में अभियान करती देखी जा रही है।

### दयावती मोदी पब्लिक स्कूल में मनाया गया बाल दिवस



**चांडिल।** चांडिल के हुमीद स्थित दयावती मोदी पब्लिक स्कूल में बाल दिवस के अवसर पर बाल मेला का आयोजन किया गया। इस मेला में बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार के पाकवान के स्टॉल, गेम्स एवं डांस म्यूजिक के कार्नर लगे हुए थे। इस प्रतियोगिता में नर्सरी से कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर विद्यालय के प्रिंसिपल संपा बनर्जी ने बच्चों का उत्साह वर्धन किया। उन्होंने कहा इस तरह के आयोजन से बच्चों के जीवन पर उचित प्रभाव पड़ता है एवं बच्चों में विभिन्न प्रकार के कौशलों का विकास होता है।

### मौहरांग गांव में दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम शुरू



गम्हरिया। बुडी बांदना पर्व के अवसर पर गम्हरिया प्रखंड के रंगामटिया स्थित मौहरांग गांव में दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान प्रथम दिन झूमर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें झूमर सम्राट संतोष महतो के द्वारा झूमर गीत की प्रस्तुति की गई। इस कार्यक्रम का उद्घाटन युवा एकता मंच के अध्यक्ष सूरज महतो ने फीता काटकर किया। इस मौके पर मुख्य रूप से कमेटी के अध्यक्ष लालटु महतो, सुनील महतो, लक्ष्मण महतो, कमल प्रधान, राजकुमार नायक, केशव सरदार, अशोक महतो, आशीष आदि उपस्थित थे।

### गम्हरिया लाल बिल्डिंग चौक पर व्रतियों के बीच बांटी गयी लौकी



गम्हरिया। स्थानीय समाजसेवियों द्वारा गम्हरिया लाल बिल्डिंग चौक पर शिविर लगाकर छठव्रतियों के बीच लौकी का वितरण किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से आदित्यपुर थाना प्रभारी राजन कुमार उपस्थित थे। इस दौरान करीब 500 छठव्रतियों के बीच लौकी वितरण किया गया। इसके आयोजन में पूर्व पार्षद सोनू सिंह, समाजसेवी मंटू दुबे, सन्तोष तिवारी, प्रमोद तिवारी, रमेश कुमार, दुर्गा तिवारी समेत कई स्थानीय गणमान्य लोगों का योगदान रहा।

### रेडक्रॉस ने लगाया आई कैंप



**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा यूरेनियम कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यक्रम के तहत आज आहारगुट्टु क्लब में स्वास्थ्य सह नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। जाने माने नेत्र चिकित्सक डॉ बी पी सिंह एवं चिकित्सक डॉ जया मोइत्रा ने ग्रामीणों की जांच की।

# पांच दिवसीय बाल मेला-2023 का उद्घाटन 20 को : विधायक सरयू राय

बच्चों के लिए हेड शो, माइम शो और बाल फिल्म होंगे आकर्षण का केंद्र

## संध्या चार बजे उद्घाटन, 1001 दीपों का गायत्री दीपोत्सव भी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** गुरुवार को सिदगोड़ा टाउन हॉल मैदान में विश्व बाल दिवस के अवसर पर दिनांक 20 नवंबर से लेकर 24 नवंबर तक सिदगोड़ा चिल्ड्रेन पार्क में आयोजित होने वाले बाल मेला 2023 को लेकर विधायक सरयू राय ने आयोजनकर्ताओं व समर्थकों के साथ अहम बैठक की। इस दौरान बाल मेला की तैयारियों के संबंध में चर्चा की गई। विधायक सरयू राय ने बताया कि बाल मेला का उद्घाटन दिनांक 20 नवंबर को संध्या 04:00 बजे होगा। इसी दिन गायत्री परिवार के द्वारा 1001 दीपों से यज्ञ किया जाएगा। 21 नवंबर से लेकर 24 नवंबर तक प्रातः 09:00 बजे लेकर 11:00 बजे तक बच्चो का पंजीयन होगा। प्रतिदिन दो बजे तक खेल प्रतियोगिता होगी और अपराह्न 03:00 बजे से कार्यक्रम तथा पुरस्कार वितरण होगा। इसके साथ ही दिनांक 21 नवंबर को हैड शो, 23 तारीख को माईम शो व 22 तारीख को बच्चों के लिए बाल फिल्म दिखाया जाएगा। मेले में प्रति दिन विभिन्न राज्यों के संस्कृति से जुड़े कार्यक्रम होंगे। सरयू राय ने बताया कि 23 नवंबर को नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विविध आयामों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया जाएगा। मेले में एनसीईआरटी, एनबीटी एवं प्रभात प्रकाशन के अधिकारियों द्वारा भी स्टाल लगाया जाएगा और बच्चों के शैक्षणिक विकास के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां दी जायेगी। बच्चो के बाल मन, विज्ञान, बच्चो के लिए दुनियाभर में बने नियम कानून की जानकारी बच्चो एवं बच्चो के गार्डियन को प्रदान कि जाएगी. विभिन्न प्रकार के फूड के स्टाल भी इस मेले के आनंद को दोगुना करेंगे। इस तरह कुल मिलाकर 50 स्टाल मेले में लगाए जाएंगे। इस मेले में राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो दिनांक 22 नवंबर को आयोजित संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। साथ ही राज्य बाल संरक्षण आयोग के पदाधिकारी भी इस मेले में शामिल होगे और मेले के आयोजन व मेले के संचालन में राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग व राज्य बाल संरक्षण आयोग की महत्ती भूमिका रहेगी।


बाल मेला की तैयारी को अंतिम रूप देते विधायक सरयू राय।

## मीरा-अर्जुन ने हजारों लोगों को अपने आवास पर खिलाया भोग


घोड़ाबांधा, टेल्को स्थित अपने आवास पर क्षेत्र के लोगों को धर्मपत्नी मीरा मुंडा संग अपने हाथ से भोग परोसते भारत सरकार के जनजातीय मंत्री अर्जुन मुंडा। भोग दिन के 11 बजे से शुरु हुआ जो देर रात तक चला जिसमें आम से लेकर खास तक हजारों लोगों ने काली पूजा का भोग ग्रहण किया।

## संवाद का दूसरा दिन : डांगी भील नृत्य ने मोहा मन


गुजरात के डांगी भील आदिवासी समुदाय ने गोपाल मैदान में चल रहे संवाद-2023 के दूसरे दिन अपना पारंपरिक नृत्य पेश कर दर्शकों का मन मोह लिया। डांगी भील समाज के युवा विवाह, होली और दीपावली में सामूहिक नृत्य करने के लिए एकत्र होते हैं। नृत्य के लिए 32 तरह के वाद्य यंत्र बजाये जाते हैं।

## राजस्व संग्रहण सुनिश्चित करें सभी विभाग : डीसी

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा कार्यालय कक्ष में सभी संबंधित विभागीय पदाधिकारी के साथ बैठक कर राजस्व संग्रहण व नीलम पत्रवाद से संबंधित समीक्षा बैठक की गई। इस दौरान इस वित्तीय वर्ष में निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध अब तक किए गए राजस्व संग्रहण का विभागवार समीक्षा किया गया। उन्होने कहा कि सभी विभाग कार्ययोजना बनाते हुए कार्य करें तथा सरकार द्वारा जो भी लक्ष्य राजस्य संग्रहण से संबंधी प्राप्त है उसका शत प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित करें। आंतरिक संसाधनों से राजस्व संग्रहण में बढ़ोत्तरी पर बल देते हुए कहा कि प्रशासनिक क्रियाकलाप में राजस्व संग्रहण काफी महत्वपूर्ण कार्य है, इसकी गंभीरता समझते हुए सभी पदाधिकारी कार्य करें। बैठक में वित्तीय वर्ष 2023-24 में निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध अब तक किए गए राजस्व संग्रहण की विभागवार समीक्षा में राज्य कर उपायुक्त शहरी अंचल द्वारा 45 प्रतिशत, राज्य कर उपायुक्त जमशेदपुर अंचल 50 प्रतिशत, राज्य कर उपायुक्त सिंहभूम अंचल 45 प्रतिशत, राज्य कर उपायुक्त आदित्यपुर अंचल 45 प्रतिशत, उत्पाद विभाग द्वारा 50 प्रतिशत, जिला परिवहन कार्यालय 64 प्रतिशत, कृषि विभाग 78 प्रतिशत, जेएनएसी 38 प्रतिशत, मानगो नगर निगम 72 प्रतिशत और जुगसलाई नगर परिषद द्वारा 78 प्रतिशत राजस्व संग्रह किया गया है। उपायुक्त ने राजस्व संग्रहण में किसी भी प्रकार की अनियमितताएं नहीं होने और सभी विभागों को राजस्व संग्रहण में अपनी पूरी क्षमता से प्रयास करने का निर्देश दिया।

## श्री श्री शीतला माता मंदिर समिति गड़ाबासा ने किया लौकी का वितरण



**जमशेदपुर।** गुरुवार को संध्या 4 बजे श्री शीतला माता मंदिर समिति गाड़ाबासा बागबेड़ा के द्वारा छठ व्रत धारियों के बीच लौकी वितरण किया गया। उक्त अवसर पर मंदिर समिति के संयोजक सह आजसू जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह ने बताया कि प्रत्येक वर्ष छठ व्रतधारियो के बीच नि:शुल्क लौकी वितरण किया जाता है। इससे पूर्व विगत कई वर्षों से इस तरह के आयोजन होता है और खासकर छठ जैसे महापर्व जो आस्था पवित्रता और सूर्य उपासना के इस महापर्व पर लौकी भात के लिए लौकी वितरण हुआ कल नारियल और प्रसाद हेतु स्माग्री का भी वितरण किया जाएगा। समिति का संकल्प है की कोई भी व्रतधारी प्रसाद या पैसे के अभाव में व्रत नही छूटे और उनकी आस्था को ठेस नहीं पहुंच सके। लौकी वितरण में मुख्य रूप से कन्हैया सिंह, कमलेश दुबे, आनंदी ओझा, नथुनी साह, अप्पू तिवारी, शैलेश त्रिपाठी, मुनेश्वर प्रसाद, अजय सिंह बब्बू, संजय प्रसाद, लालन झा, दीपू तिवारी समेत अन्य मौजूद रहे।

# शहीद करतार सिंह सराभा के बलिदान को शत-शत नमन : अमरप्रीत सिंह काले

## नमन परिवार ने करतार सिंह सराभा को दी श्रद्धांजलि

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** शहर की अग्रणी सामाजिक संस्था नमन परिवार द्वारा प्रत्येक वर्षों की भांति इस वर्ष भी करतार सिंह सराभा की शहादत दिवस पर संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले के नेतृत्व में सैकड़ों युवाओं, महिलाओं एवं कई गणमान्यों की उपस्थिति में उन्हें याद करके श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस मौके पर अमरप्रीत सिंह काले ने कहा करतार सिंह सराभा को अपने शौर्य, साहस, त्याग एवं बलिदान के लिए हमेशा याद किया जाता रहेगा।

उनके शौर्य एवं बलिदान की मार्मिक गाथा आज भी भारतीयों को प्रेरणा देती है और देती रहेगी। यदि आज के युवा सराभा के बताये हुए मार्ग पर चलें, तो न केवल अपना, अपितु देश का मस्तक भी ऊंचा कर सकते हैं। ऐसे क्रांतिकारियों की जीवन से आज की युवा पीढ़ी को मातृभूमि की रक्षा की सीख लेनी चाहिए। इस मौके पर बृजभूषण सिंह ने कहा कि देश की आजादी हेतु करतार सिंह सराभा जी ने मात्र 19 वर्ष की उम्र में अपना सर्वोच्च बलिदान देकर देश के युवाओं में राष्ट्रप्रेम की एक अलग ही लौ जला दी थी।

देश हमेशा अपने नायक, क्रांतिकारी करतार सिंह सराभा की स्मृतियों को संजोकर रखेगा। इस कार्यक्रम में रामकेवल मिश्रा, जसवंत सिंह भोमा, पप्पू राव ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम में वरुण कुमार, सतिंदर सिंह रोमी, लखिंदर सिंह, सरदार महेंद्र सिंह, प्रमिला शर्मा, किरन सिंह, बंदना नामता, पुतुल सिंह, मिनी सिंह, लख्खी कौर, ममता पुष्टि, ममता कपूर, ममता साहा, सावित्री देवी, नमिता उपाध्याय, संध्या रानी महतो, शुक्ला हलदर, सीता देवी, सुनीता सिंह, बबली सोनम, मंताशा खान, गौहर खान, कुसुम लता देवी, सोनी सिंह एवं अन्य सैकड़ों युवाओं ने उपस्थित होकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।



पुण्य तिथि पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते अमरप्रीत सिंह काले।

## खबर एक नजर में

### शतकवीर रक्तदाता मनोरंजन गौड सम्मानित

जमशेदपुर। जमशेदपुर ब्लड बैंक की संरक्षक रुचि नरेंद्रन ने गुरुवार को जमशेदपुर ब्लड बैंक परिसर में आयोजित एक समारोह में 100 बार रक्तदान करने वाले मनोरंजन गौड को गुलदस्ता एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानि किया है। गौड़ नगर के ऐसे तीसरे ओडिया रक्तदाता हैं जिन्होंने रक्तदान का शतक बनाया है। उत्कल एसोसिएशन साकची के उपाध्यक्ष एवं पत्रकार बादल भुइयां ने मनोरंजन गौड को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है। उन्होंने कहा कि एसोसिएशन की कार्य समिति के सदस्य भी मनोरंजन गौड़ है जिससे उनकी उपलब्धि पर पूरे समाज को गर्व है।


मनोरंजन गौड को सम्मानित करतीं रुचि नरेंद्रन।

### अंकुश ने 25वां व आलम ने 15वां एसडीपी दान किया





जमशेदपुर। रक्त जागरुकता अभियान के तहत रक्त के जरूरतमंदों को समय पर रक्त के कम्पोनेन्ट की उपलब्धता के लिए रेड क्रॉस के एसडीपी डोनेशन प्रभारी प्रभुनाथ सिंह के प्रयास से लगातार यह कार्य हो रहा है, जिसे अमूल्य जीवन की रक्षा हो पा रही है। आज इस कड़ी में टाटा स्टील कर्मी अंकुश कुमार ने एसडीपी के माध्यम से अपना 25वां रक्तदान किया, उन्होने आज अपना 10वां एसडीपी (सिंगल डोनर प्लेटलेट्स) दान किया। इसी क्रम में नियमित एसडीपी दान करने वाले ए आलम ने अपना 15वां एसडीपी दान कर 22 रक्तदान को पूरा किया। रेड क्रॉस ऐसे रक्तदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करता है, जो जीवनरक्षा के लिए लगातार तत्पर रहकर अपने व्यस्त समय के बीच भी रक्तदान करते हैं। रक्तदाताओं को जमशेदपुर ब्लड सेन्टर में एसडीपी डोनेशन प्रभारी प्रभुनाथ सिंह एवं सेन्टर के पदाधिकारियों ने सम्मानित किया।

### छोटागोविंदपुर यशोदानगर की युवती भटक कर पहुंची संबलपुर, सुरक्षित



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर छोटागोविन्दपुर क्षेत्र की एक 25 वर्षीय युवती पम्मी कुमारी भटककर उड़ीसा के सम्बलपुर जिला पहुंच गयी है, जिसके सम्बन्ध में रेड क्रॉस, पूर्वी सिंहभूम से जानकारी साझा करते हुए सम्बलपुर जिला मुख्यालय अस्पताल स्थित सखि सेन्टर ने युवती को परिवार तक पहुंचाने में मदद का आग्रह किया है। युवती को सम्बलपुर सखि सेन्टर में रखा गया है, जिसका सम्पर्क संख्या नंबर है -7325976100 तथा 7008477474 जबकि युवती जिसका नाम पम्मी कुमारी बताया जा रहा है, जिसके पिता का नाम दिनेश प्रसाद हैं, जो छोटा गोविन्दपुर, यशोदानगर (विवेक विद्यालय के पास) में रहते हैं। रेड क्रॉस ने इस सम्बन्ध में गोविन्दपुर थाना से संपर्क किया है, जिन्होने उचित कार्रवाई करने की बात कही है।

### बाल मेला के आयोजन में पूरा सहयोग करेगी क्रीड़ा भारती, सरयू राय को दिया आश्वासन



**जमशेदपुर।** गुरुवार को जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने 20-24 नवंबर को विश्व बाल दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले 'बाल मेला' 2023 को लेकर क्रीड़ा भारती जमशेदपुर के सदस्यों के साथ मेला परिसर में महत्वपूर्ण बैठक की। क्रीड़ा भारती के उपस्थित सदस्यों ने 5 दिन तक आयोजित होने वाले मेले में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करने की बात कही और मेले में भाग लेकर बाल मन के विकास के लिए क्रीड़ा भारती के तत्वावधान में कार्यक्रम भी आयोजित करने का निर्णय लिया। इस दौरान राय के साथ क्रीड़ा भारती के सभी सदस्यों ने मेला परिसर का भ्रमण कर आयोजन की तैयारियों का जायजा लिया और मेले के लिए अपने बहुमुल्य सुझाव दिए। इस दौरान मुख्य रूप से क्रीड़ा भारती के शिव शंकर सिंह, राजीव कुमार, सतनाम सिंह, सुखदेव सिंह, जगदीश कुमार, सुधीर सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

### शहीद करतार सिंह सराभा को पुण्यतिथि पर किया नमन



जमशेदपुर। सेंट्रल सिख नौजवान सभा ने गुरुवार को सेंट्रल गुरुद्वारा कमिटी के साकची कार्यालय मे शहीद करतार सिंह सराभा जी की पुण्यतिथि पर उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से उपस्थित तख़्त श्री पटना साहिब के महासचिव सरदार इंदरजीत सिंह और सेंट्रल गुरुद्वारा कमिटी के प्रधान सरदार भगवान सिंह ने नौजवान सभा के पदाधिकारियों से कहा कि आज के नौजवानों को शहीद करतार सिंह सरभा जी के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। मुख्य रूप से सेंट्रल गुरुद्वारा के चेयरमैन सरदार शैलेन्द सिंह, सरदार गुरमीत सिंह तोते, महासचिव अमरजीत सिंह और गुरचरण सिंह बिल्ला, सेंट्रल सिख नौजवान सभा के प्रधान अमरीक सिंह, इंदरजीत सिंह इन्दर, सुरेंद्र सिंह शिंदे, गुरनाम सिंह बेदी,मनिंदर सिंह, राजवीर भाटिया, अमन दीप सिंह, जुझार सिंह, अमनजोत सिंह, जगतार नगी,सोनू पांडे, नवजोत सिंह, हरभजन सिंह, परमिंदर सिंह गोल्डी आदि ने पुष्पअर्पित कर नमन किया।

### लोक समर्पण ने की छठ घाटों की सफाई



जमशेदपुर। शहर की प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था लोक समर्पण के तत्वावधान में संस्था के अध्यक्ष ललित दास के नेतृत्व में गुरुवार को छठ महापर्व के मद्देनजर बाबूडीह स्थित झरना घाट, एवं बारा घाट, लाल भट्ठा, भुइयांडीह में सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान लोक समर्पण के सदस्यों ने घाट पर झाडू लगाकर कुड़ा-करकट साफ किया। इस मौके पर लोक समर्पण के सचिव नीरज कुमार, कोषाध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल, ज्ञान सिंह चौहान, रूपेश साहू, सुभाष मुखी, दीपक सिंह, प्रदीप दूबे, अमृत सिंह, रितेश दत्ता के अलावे भाजपा सीतारामडेरा मंडल के महामंत्री मृत्युंजय यादव, जिला मंत्री मिथिलेश साव, जयराज रजक, लोहा यादव, धनराज गुप्ता, प्रकाश ठाकुर, संतोष साव, कुलदीप साव समेत कई अन्य लोग उपस्थित थे।

### कृत्रिम घाटों की सफाई करवाने में जुटे डॉ परितोष



**जमशेदपुर।** छोटा गोविंदपुर क्षेत्र में जिला परिषद सदस्य डॉ परितोष सिंह के द्वारा छठ व्रतधारी की सहूलियत को देखते हुए विभिन्न स्थानों पर कृत्रिम छठ घाट निर्माण का कार्य जारी है। इस क्रम में कपूरी पार्क, वीर शिवाजी पार्क, एलआईजी चौक में कृत्रिम छठ घाट का निर्माण कराया गया। साथ ही साथ खखरीपड़ा छठ घाट जहां गंदगी का अंबार था उसमें साफ सफाई का कार्य जारी है। वीर शिवाजी पार्क, रांची रोड छठ घाट, हिंद बॉयज क्लब घाट, अमलतास सिटी छठ घाट में साफ सफाई का कार्य जारी है।

## स्पीड न्यूज

### रेडक्रॉस सोसाईटी की बैठक 25 को

**मेदिनीनगर।** भारतीय रेडक्रॉस सोसाईटी की बैठक 25 नवंबर को दिन के 11 बजे से टाउन हॉल में होगी। बैठक में रेड क्रॉस के सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य है। इसकी जानकारी सोसाईटी के सचिव डा सत्यजीत गुप्ता ने दी। उन्होंने कहा कि बैठक में रेड क्रॉस के चुनाव के संबंध में विचार विमर्श किया जायेगा। उन्होंने बताया कि पूर्व में रेड क्रॉस की बैठक 17 नवंबर को आयोजित की गई थी। लेकिन जिला प्रशासन के निर्देश पर परिहार्य कारणों के साथ बैठक स्थगित कर दिया गया था।

### गांधी अस्पताल में मरीजों को विशेष सुविधा



**सतबरवा पलामू।** सदर मेदिनीनगर प्रखंड के पोलपोल में रांची डालटेनगंज मुख्य मार्ग किनारे बेसिक स्कूल के समीप गुरुवार को गांधी अस्पताल का उदघाटन संयुक्त रूप से अतिथियों के द्वारा फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम का संचालन सामाजिक कार्यकर्ता भरदुल सिंह ने की जबकि अध्यक्षता डॉक्टर समीम अंसारी कर रहे थे। मुख्य अतिथि सतबरवा थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी ने कहा कि गांधी हॉस्पिटल में मरीज को विशेष रूप से सुविधा मुहैया कराएं ताकि इस क्षेत्र का नाम हो। डॉ आरिफ रजी ने कहा कि आंख, कान, नाक रोग एवं नॉर्मल डिलीवरी के साथ सिजेरियन स्त्री रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग एवं जनरल सर्जरी के चिकित्सक अस्पताल में सेवा देंगे। डायरेक्टर सह संचालक अरुण कुमार, असलम अंसारी, अभिमन्यु सिंह ने बताया कि ग्रामीणों के स्थिति को ध्यान में रखते हुए यह अस्पताल खोला गया है। जिसमें डॉ रजी अहमद, डॉ असलम, डॉ शब्बीर अहमद, के अलावे कई चिकित्सक एवं चिकित्सा कर्मी 24 घंटे उपलब्ध रहेंगे। इस अवसर भाजपा नेता अवधेश सिंह चेरो, विधायक प्रतिनिधि शमीम अंसारी, सतीश प्रसाद, कामाख्या सिंह, राधेश्याम सिंह, रामाशीष सिंह, हाजी कयूम समेत कई लोग मौजूद थे।

### रक्त के जरूरतमंद मरीजों के परिजन भी करें रक्तदान : धीरज मिश्रा



**मेदिनीनगर।** जेलहाता स्थित वनजा आरोग्य केंद्र में भर्ती गढ़वा जिला अंतर्गत गोसांग निवासी रविंद्र नाथ दुबे की पत्नी को इलाज हेतू बी पॉजिटिव रक्त की आवश्यकता पर एम एम सी एच परिसर स्थित पलामू ब्लड बैंक मे सामाजिक कार्यकर्ता धीरज मिश्रा द्वारा संचालित सामाजिक संस्था इंसानियत का रिश्ता समूह के सक्रिय सदस्य सह मंझिआंव प्रखंड अंतर्गत ग्राम करकट्टा निवासी सहायक अध्यापक चंद्रशेखर उपाध्याय ने आठवीं बार अपना बी पॉजिटिव रक्तदान कर महिला मरीज की जान बचाई। लगातार दस वर्षों से पलामू में रक्तदान जागरूकता अभियान चला कर रक्तदान के प्रति लोगों को जागरूक कर रहे झारखंड आकलन सफल सह प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ के प्रदेश मीडिया प्रभारी धीरज मिश्रा ने कहा कि रक्तदान करना जीवनदान के समान है, रक्तदान की अहमियत का पता तब चलता है, जब हमारा कोई अपना रक्त के लिए मौत से जूझ रहा होता है, उस वक्त हमें ऐसे शख्स की जरूरत पड़ती है जो अपना रक्त दान कर रक्त के जरूरतमन्द मरीज की जान बचा कर नया जीवन दे सके। रक्तदाता चंद्रशेखर उपाध्याय ने लोगों को जागरूक और प्रेरित करने के लिए सामाजिक कार्यकर्ता धीरज मिश्रा द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि रक्तदान महादान होता है, धीरे-धीरे लोग इसका महत्व समझने लगे हैं। बल्ड बैंक में सभी बल्ड समूह की मात्रा उपलब्ध हो सके इसके लिए धीरज ने सभी राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक, स्वयं सेवी संगठनों से शिविर आयोजित कर रक्तदान करने का अपील किया है।

### लोगों की समस्याओं की जानकारी ली



**हरिहरगंज पलामू।** पिपरा प्रखंड के सरैया पंचायत सचिवालय में बुधवार को समारोह आयोजित करके स्वास्थ्य विभाग, कृषि, एसबीआई बैंक, बाल विकास परियोजना, उज्वला गैस योजना, खाद्य आपूर्ति, मनरेगा सहित कई विभाग के पदाधिकारीयों ने लोगों की समस्याओं को सुना। वहीं ऑन स्पॉट कई मामला का निष्पादन भी किया गया। पंचायत के मुखिया प्रियंका तिवारी ने भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत किया। उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए मुखिया ने कहा कि पंचायत में चौतरफा विकास के लिए शिविर लगाकर लोगों की समस्याओं का समाधान करने का प्रयास किया गया। पंचायत का विकास हो इसके लिए वे निरंतर प्रयास में लगे हुए है। मुखिया ने कहा कि जिनको उज्वला योजना का लाभ नहीं मिला है। उन सभी महिलाओं को गैस कनेक्शन मिलेगा। स्वास्थ्य विभाग के बीटीटी कृष्ण मुरारी मिश्रा संबंधित जानकारी देने का काम किया। मौके पर कृषि पदाधिकारी सर्जुन राम, विकास तिवारी, प्रमोद सिंह, हरेंद्र कुमार सिंह सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### ग्रामीणों की शिकायत पर बीडीओ ने सूठा पंचायत में योजनाओं का किया जांच



**पाटन पलामू।** ग्रामीणों की शिकायत पर पाटन बीडीओ दीपक कुमार मिश्रा ने पाटन के सुंठा पंचायत में चल रहे विभिन्न योजनाओं का जांच किया। बीडीओ मिश्रा ने बताया कि सुंठा पंचायत के ग्रामीणों का चल रहे योजनाओं पर शिकायत किया गया था। जिसके फलस्वरूप आज सुंठा पंचायत में चल रहे योजनाओं विद्यालय आंगनबाड़ी खेल मैदान में चेंजिंग रूम सहीत सभी योजना का जायजा लिया। उन्होंने सरकार के गाइड लाइन के अनुसार योजना को धरातल पर उतारने के लिए निर्देश दिया तथा उन्होंने बिचौलियों के बीच में नहीं पड़ने का निर्देश दिया। बीडीओ ने कहा कि किसी भी जनता को अगर कोई शिकायत होती है या दिक्कत है तो वह बेझिझक आकर हमसे मिल सकते हैं। उनकी समस्या को दुर करने का प्रयास किया जायेगा। बीडीओ के साथ बीपीआरओ कामेश्वर मेहता एवं मनरेगा के जेई उपस्थित थे।

### आरपीएस पब्लिक स्कूल में बाल मेला का हुआ आयोजन



**हुसैनाबाद पलामू।** जपला छत्तरपुर रोड ग्राम संढा में सीबीएसई द्वरा संचालित आरपीएस पब्लिक स्कूल में बाल मेला का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के शिक्षिकाओं ने मेमे पानी पूरी पास्ता, समोसा आदि विभिन्न चटपटा व्यंजनों का स्टॉल लगाया गया। स्टॉल में जाकर बच्चे व्यंजन का खूब आनंद लिए। मौके पर भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह व स्कूल के प्राचार्य अनुज शर्मा ने संयुक्त रूप से मेला के उदघाटन किया। मौके पर सिंह ने कहा कि बुनियादी शिक्षा में बच्चों केवल किताबी ज्ञान से नही बल्कि व्यहवारिक ज्ञान भी जरूरी हैं जिससे बच्चों में सर्वांगिक विकास होता। मौके पर रंजना, अनुप्रिया, शेफाली, आरती अविनाश आदि लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाये।

### सतबरवा : दो दिवसीय चेतमा मेला शुरू



**सतबरवा पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के रबदा पंचायत के चेतमा में लगने वाला दो दिवसीय जतरा मेला शुरू हो गया है। मेला में पारंपरिक हथियार के अलावे सूप-दउरा, देसी मिठाई की खूब बिक्री हुई। चतरा सांसद के पलामू जिला प्रतिनिधि धीरज कुमार और रांकी कला के पंचायत समिति सदस्य विकास तिवारी ने बताया कि चेतमा का जतरा मेला जिस स्थान पर लगता है वहीं से 1857 में सिपाही विद्रोह के समय अंग्रेजों से युद्ध करते हुए सैकड़ों अनाम लोग शहीद हो गए थे। नीलांबर और पितांबर दोनों भाई के अगुवाई में चेतमा मैदान में युद्ध लड़ी गई थी। उसी समय से जतरा मेला स्थल को बागी टांड कहा जाता है। वही बगल में एक आहर है जिसे मुरधोई आहर के नाम से जाना जाता है। वहां पर शहीद की विधवाओं ने यह प्रण लिया था कि जब तक मेरा देश आजाद नहीं हो जाता तब तक अंग्रेजी सेनाओं से हम महिलाएं अप्रत्यक्ष रूप लड़ाई में शामिल रहेंगे। रांकी खुर्द स्टेट के प्रदीप कुमार सिंह, जितेंद्र सिंह, विक्रम सिंह, बिंदेश्वरी सिंह, बृज कुमार महतो समेत कई लोगों का मेला लगाने में अहम योगदान होते रहा है।

# श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह श्रीमद् भागवत कथा स्थल पर सुरक्षा रहेगी चाक चौबंद : पुलिस अधीक्षक

- रिष्मा रमेशन ने किया स्थल का निरीक्षण, समिति के सदस्यों को दिए कई निर्देश



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के तत्वावधान में 21 से 28 नवंबर तक आयोजित श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ सह श्रीमद् भागवत कथास्थल का पलामू पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन ने गुरुवार को निरीक्षण किया। इसके साथ ही समिति के सदस्यों पदाधिकारी के साथ एक बैठक कर विचार विमर्श किया। पुलिस अधीक्षक ने इस दौरान महायज्ञ समिति को कई दिशा निर्देश दिए। कहा कि सुरक्षा व्यवस्था से कोई कोताही नहीं बरती जाएगी। श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह श्रीमद् भागवत कथा स्थल पर सुरक्षा चाक चौबंद रहेगी। पुलिस अधीक्षक के साथ सीडीपीओ सुरजीत कुमार, प्रशिक्षु डीएसपी राजीव रंजन, राजेश यादव, टीओपी तीन के प्रभारी मंटुस महतो, ट्रैफिक इंस्पेक्टर रामजीत सिंह शहर थाना के एसआई समेश तिर्की सहित कई पदाधिकारी यज्ञस्थल पर थे। पुलिस अधीक्षक यज्ञस्थल की तैयारी से काफी संतुष्ट दिखीं। साथ ही तैयारी की सराहना करते हुए कहा कि कलश यात्रा में स्थानीय पुलिस कर्मी तैनात रहेंगे। इस दौरान महायज्ञ समिति के महासचिव शैलेश दुबे को कुछ दिशा निर्देश दिया गया। मौके पर संरक्षक मनु प्रसाद तिवारी, संरक्षक कृष्णकांत चौबे, संरक्षक प्रवीण सिंह, आशीष भारद्वाज, संरक्षक नवीन तिवारी महासचिव शैलेश दुबे, कोषाध्यक्ष राकेश पाण्डेय, उपाध्यक्ष शैलेश तिवारी, रवि शर्मा, सुशील तिवारी, लल्लू पांडेय, संजय कुमार मिश्रा, विकाश दुबे, बृजेश शुक्ला, सचिव विशाल पांडेय, श्वेतांक गर्ग, शुभम दुबे, प्रदीप दुबे, संजय पांडेय, सौरभ दुबे, ज्ञानेश तिवारी, विक्रांत त्रिपाठी, चंदन तिवारी, अनिल दुबे, आर के चंदन, अविनाश शुक्ला, आशुतोष पांडेय, महेंद्र सिंह, सतीश पांडेय, रुपेश तिवारी, बिट्टू, अजीत चौबे, दिलीप तिवारी, आनंद प्रकाश दुबे, महिला प्रकोष्ठ प्रभारी मीना गुप्ता, श्वेता तिवारी, रानी शर्मा, संजू शुक्ला समेत श्रद्धालु उपस्थित थे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी अवधेश शुक्ला ने दी।

# शक्ति के स्रोत है भगवान भास्कर : नामधारी

## प्रकृति के साथ जुड कर रहने की प्रेरणा देता है छठ महापर्व : अरूणा शंकर

चैनपुर में सूर्य मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकली कलश यात्रा





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू)।** चैनपुर के पूर्व मुहल्ला के शिवा नदी के तट पर नवनिर्मित सूर्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान गुरूवार से शुरू हुआ। इसे लेकर गुरुवार को कलश यात्रा निकाली गयी, जिसमे काफी संख्या में श्रद्धालूओ ने भाग लिया। कलश यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड विधानसभा के प्रथम स्पीकर इंदर सिंह नामधारी और मेदिनीनगर नगर निगम की प्रथम मेयर अरूणा शंकर ने भाग लिया। मौके पर नामधारी ने कहा कि सूर्य शक्ति के स्त्रोत है, भगवान भास्कर के पूजा अर्चना से जो उर्जा की प्राप्ति होती है, उसे सकारात्मक कार्य में लगाना चाहिए, इससे समाज के अंदर एक बेहतर वातावरण तैयार होगा। मौके पर प्रथम मेयर अरूणा शंकर ने कहा छठ महापर्व हमें प्रकृति के साथ जुड कर रहने की प्रेरणा देता है।

जीवन में प्रकृति के साथ स्वच्छता आवश्यक है क्योकि जीवन में पवित्रता का महत्व होता है। जो लोग भी इस आयोजन से जुडे है, वह बधाई के पात्र हैं। बताया गया कि शिवा नदी तट पर मंदिर निर्माण के लिए संजय सिंह ने भूमि दान की है। उनके सक्रिय प्रयास और जनसहयोग से इस मंदिर का निर्माण कार्य पूरा किया गया। मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर चार दिनों तक कार्यक्रम चलेगा। कलश यात्रा शिवा नदी से निकल कर कोयल नदी तक गया। मौके पर संजय सिंह, पुनिता देवी, प्रदीप सिंह, प्रमोद कुमार, गीता सिंह, मधु सिंह, नवनीत कुमार सिंह, मित्तल कुमार, अभय कुमार सहित काफी संख्या में लोगो मौजूद थे। संचालन संतु पासवान ने किया।

# पवित्रता और शुद्धता सिखाता है छठ महापर्व : सोनू नामधारी

इंडियन रोटी बैंक हर साल पांच हजार छठव्रतियों को बांटती है वस्त्र, पूजन सामग्री, नहाय-खाय तक निशुल्क वितरण रहेगा जारी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सेवा के क्षेत्र में सालों से कार्यरत इंडियन रोटी बैंक ने हर साल की भांति आस्था के महापर्व छठ पर वस्त्र, पूजन सामग्री का निशुल्क वितरण किया। प्रदेश संरक्षक सोनू नामधारी के आवासीय कार्यालय में गुरुवार से शुरू हुआ साड़ी, धोती, पूजन सामग्री, आम की लकड़ी का दान नहाय खाय तक किया जा रहा है। मौके पर इंडियन रोटी बैंक को संचालित करने वाले संरक्षक सोनू नामधारी ने कहा कि झारखंड बिहार में आस्था के महापर्व को मनाने में हर धर्म, वर्ग, तबके के लोगों का जुड़ाव होता है। एकमात्र दर्शनीय देव भगवान सूर्य की उपासना वाला पर्व स्वच्छता एवं शुद्धता से जीवन जीने का शिक्षा देती है। जिसे मनाने में निस्वार्थ भाव से सेवा दी जाती है। सोनू नामधारी ने बताया कि सेवा के दिन इंडियन रोटी बैंक आपको धर्म-संप्रदाय, जाति-पाति से उपर उठकर जरूरतमंदों तक सेवाकार्य करती दिखाई पड़ेगी। साथ ही अपील करते हुए कहा कि नहाय खाय के दिन तक साड़ी, धोती, पूजन की सामग्री, आम की लकड़ी का निशुल्क वितरण आवास पर चलता रहेगा। इस दौरान राष्ट्रीय उप-प्रभारी दीपक तिवारी ने बताया कि 15 राज्यों में 112 यूनिट संचालित इंडियन रोटी बैंक का सेवादान धार्मिक आयोजनों में अछूता नहीं रहता है। निस्वार्थ भाव से सेवादान करने का दूसरा नाम इंडियन रोटी बैंक बन चुका है। इस दौरान छठव्रतियों ने इंडियन रोटी बैंक की सेवा की प्रशंसा की। सोना महल के धनंजय सोनी ने भागीदारी निभाते हुए सभी छठव्रतियों को शुभकामना दी। इस दौरान इंडियन रोटी बैंक के प्रदेश संयोजक साहेब नामधारी, उप संयोजक परवेज अख्तर, सतबीर कौर, दवेंदर कौर, अमरजीत कौर, रत्ना कौर, रामजी नामधारी, दिलीप गुप्ता, कमलेश दूबे, राकेश तिवारी मिकू, सुधीर सिंह, कृष्णा चंद्रवंशी, सतन पाल, अंशु शुक्ला, भुवनेश्वर बैठा आदि मौजूद रहे।

# सरकार की योजनाओं से गरीबों को लाभन्वित करें पदाधिकारी : उपायुक्त



**अबुआ आवास योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड सहित कई योजनाओं का शिविर में मिलेगा लाभ : उपायुक्त**

उपायुक्त रंजन ने कहा कि शिविरों में अबुआ आवास योजना के आवेदन भी लिये जायेंगे। वहीं 12वीं पास गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के तहत भी आवेदन प्राप्त किया जायेगा। इस हेतु आप सभी जनप्रतिनिधि 12वीं पास छात्रों को आवेदन करने हेतु प्रेरित करें। इसके अतिरिक्त बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, 15वें वित्त के अंतर्गत जनोपयोगी योजनाएं, भूमि का म्युटेशन, भूमि मापी, लगान रसीद, प्रमाण पत्रों से संबंधित कार्य, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, केसीसी, राशन व आधार कार्ड में संशोधन सहित अन्य कई योजनाओं से लाभान्वित किया जायेगा। उपस्थित जनप्रतिनिधियों को डीडीसी रवि आनंद ने कार्यक्रम से जुड़े विभिन्न पहलुओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दिया।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर गुरुवार को टाउन हॉल में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिले के उपायुक्त शशि रंजन, उप विकास आयुक्त रवि आनंद, जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, छत्तरपुर व हुसैनाबाद के विधायक प्रतिनिधि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर कार्यशाला का सुभारंभ किया। इस अवसर पर उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि सरकार के 4 वर्ष पूरे होने पर यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिले के दूरस्थ क्षेत्र में रह रहे लोगों तक सभी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से ही यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन में आप सभी जनप्रतिनिधियों का सहयोग अपेक्षित है। आप सभी अपने पंचायतों में लगने वाले शिविर में उपस्थित रहकर योजनाओं से लोगों को लाभान्वित करें।

# विधायक ने वादा निभाया, छठ घाट पर की डीप बोरिंग व मोटर की व्यवस्था



**हुसैनाबाद पलामू।** गत वर्ष छठ घाट पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान हैदारनगर के विजेता क्लब व जगराता क्लब के सदस्यों ने छठ घाट के समीप नाली निर्माण व पानी की समस्या को देखते हुए डीप बोरिंग की मांग की थी। विधायक कमलेश कुमार सिंह ने दोनो कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराने का वादा किया था। गत माह सात लाख रुपए की लागत से नली का निर्माण करा कर विधायक ने एक वादा पूरा कर दिया। जबकि छठ महापर्व के पूर्व ही 500 फिट डीप बोरिंग के अलावा मोटर आदि की व्यवस्था कर दोनो वादा पूरा करने का काम किया है। विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह ने कहा कि विधायक कमलेश कुमार सिंह जो वादा करते हैं, उसे पूरा भी करते हैं। उन्होंने गत वर्ष जितने छठ घाटों पर घोषणा की थी, उसे छत के आने से पहले पूरा कर दिया है। जिसमे हैदरनगर के मुख्य छठ घाट के अलावा अन्य दर्जनों छठ घाट का निर्माण विभिन्न गांव में किया गया है। हैदरनगर छठ घाट पर बोरिंग व मोटर की व्यवस्था करने के लिए विजेता क्लब व जगराता क्लब के सदस्यों ने विधायक कमलेश कुमार सिंह का आभार जताया है।

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से ला सकते हैं सकारात्मक बदलाव : उपायुक्त



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** कृत्रिम मेधा (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) से देश दुनिया में तेजी से बदलाव आ रहे हैं। यह समय की जरूरत भी है। सामाजिक सरोकारों के मद्देनजर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को स्वीकार करना सकारात्मक होगा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से हम तेजी से आगे बढ़ सकते हैं और सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। गवर्नेंस पर भी इसका प्रभाव तेजी से बढ़ रहा है। यह बातें पलामू उपायुक्त शशि रंजन ने कही। वे राष्ट्रीय प्रेस दिवस समारोह के अंतर्गत कृत्रिम मेधा के युग में मीडिया विषयक सेमिनार-सह-परिचर्चा कार्यक्रम में बोल रहे थे। उपायुक्त ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इतना सशक्त है कि आजकल हमलोग के मन की भावनाओं को भी समझने लगी है। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग पलामू प्रमंडल के उपनिदेशक आनंद ने संचालन करते हुए विषय प्रवेश कराया। उन्होंने कहा कि वर्तमान डिजिटल एवं तकनीकी युग में तथ्यपरक सूचनाओं के आदान-प्रदान में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का महत्वपूर्ण भूमिका है।

### सामाजिक कार्यकर्ता आशीष के नेतृत्व में की गयी छठ घाटों की सफाई



**सतबरवा पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के पोची गांव स्थित मलय नदी स्थित छठ घाट पर सामाजिक कार्यकर्ता आशीष सिन्हा के नेतृत्व में सफाई अभियान बुधवार को चलाया गया। मौके पर सिन्हा ने कहा कि मैं विगत 3 सालों से अपने सहयोगियों के साथ छठ घाट का सफाई करवाते आ रहा हूं। छठ महापर्व शुद्धता और साफ सफाई का पर्व है। इस लिए छठ घाट की सफाई जरूरी है। सफाई अभियान रांची रोड से मलय नदी तक किया गया। भगवान भास्कर की असीम कृपा से ही हम सभी सुखी जीवन जीते हैं। इस सफाई अभियान कार्यक्रम में मुखिया गिरवर प्रसाद राम, अजय उरांव, विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, संत ज्ञान शुक्ला, उमेश सोनी, सिंटू सोनी, श्रवण सोनी, मुकेश सोनी, प्रभात कुमार उपाध्याय, राजेश कुमार सोनी, सत्येंद्र सोनी, अक्षय सोनी, अरुण सिंह समेत कई लोग शामिल थे।

### सिक्का में भक्ति जागरण 19 को

**पड़वा पलामू।** पड़वा प्रखण्ड के सिक्का सूर्य मंदिर परिसर में छठ महापर्व के अवसर पर नौकरी पेशा संघ व नवयुवक संघ द्वारा भक्ति जागरण का आयोजन किया गया है। संघ के अध्यक्ष गुरूदयाल सिंह ने बताया कि सिक्का सूर्य मंदिर परिसर में सिक्का, गड़ेरियाडीह, कठौतिया आदि गांवों के छठ व्रति आती है। अध्यक्ष गुरूदयाल ने बताया कि भक्ति जागरण में बिहार के भोजपुरी गायिका अक्षरा गुप्ता व पलामू के भोजपुरी गायक अभिमन्यु सिंह क्रांति की टीम द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। छठव्रतियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए संघ के सभी सदस्य पुरी सक्रियता के साथ लगे हुए हैं।

# इंद्रदेव अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस में हुए शामिल



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनातू पलामू।** डूमरी दलदलीया के पूर्व मुखिया अलराम यादव उर्फ बली यादव के बड़े पुत्र इंद्रदेव यादव अपने समर्थकों के साथ पूर्व बिधायक देवेंद्र कुमार सिंह उर्फ बिट्टू बाबू के नेतृत्व मे कांग्रेस का दामन थाम लिया। मौके पूर्व बिधायक बिटू सिंह ने इंद्रदेव यादव, बैजनाथ यादव दशरथ यादव के मनातू प्रखंड के सुदूरवर्ती गांव दलदलीय मे जमे रहे। इंद्रदेव यादव एवं बिट्टू सिंह ने आपस में कई बातों को लेकर के चर्चा की। भूतपूर्व मुखिया बलराम यादव उर्फ बली यादव की इतिहास एवं की गई कार्य को इंद्रदेव यादव के द्वारा बताया गया जो कि बिट्टू सिंह ने काफी ध्यान से सुना। मौके पर सिंह ने कहा कि हमारा घर परिवार से इस घर का काफी पुराना रिश्ता रहा है और आगे भी रहेगा। जनता का आशीर्वाद मिलता रहे ताकि लोगों के समस्या का निदान करते रहें। दशरथ यादव ने कहा कि हम स्वर्गीय विदेशी बाबू से हमेशा इस प्रखंड पंचायत की बात को लेकर जाते थे तो एक बार जरूर मनातू डूमरी पंचायत पर ध्यान कर कुछ न कुछ विकास कार्य किया करते थे। मौके पर अनंत यादव, शोभन यादव, विनोद यादव, बैजनाथ यादव, नंदकिशोर यादव, बलेसर यादव, जोधि यादव, विलास यादव, दशरथ यादव, विजय यादव, राजकुमार यादव, विष्णु देव यादव, प्रकाश सिंह यादव, कपिल देव यादव, पंकज पासवान सहित कई कार्य कर्ता शामिल थे।

### जतरा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



**चैनपुर पलामू।** जतरा मेला सामाजिक संस्कृति व समरसता का संदेश देता है। यह भेदभाव मिटा कर परस्पर दिलों को जोड़ता है। उक्त बातें जिला परिषद सदस्य प्रमोद सिंह ने कही। वे मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र के जयनगरा गांव में आयोजित जतरा सांस्कृतिक कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि आदिवासी संस्कृति समृद्ध है। अपनी भाषा व संस्कृति को बनाए रखें। मुखिया अरविंद तिवारी ने कहा कि जतरा मेला में आदिवासी संस्कृति की जीवंत झलक मिलती है। प्रकृति प्रेमी आदिवासी समुदाय के बदौलत ही वन व पेड़ पौधे संरक्षित हैं। सरना समाज के संयोजक श्यामलाल उरांव ने अपनी भाषा व संस्कृति पर कायम रहने की बात कही। सचिव शंकर उरांव ने भी आदिवासियों को अपनी गौरवशाली परंपरा बनाए रखने पर बल दिया। इसके पूर्व कुंभ दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला पाहन बिंदेश्वरी उरांव व सरना समाज के अध्यक्ष सतन उरांव ने किया। मौके पर उप मुखिया लक्ष्मण चौधरी, वार्ड सदस्य मालती देवी व सरिता देवी, अशोक उरांव आदि मौजूद थे। इधर सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान मांदर व नगाड़े पर शानदार नृत्य गीत की प्रस्तुति की गई।

### युवा जागृति क्लब ने किया छठ घाटों की सफाई



**नौडीहा बाजार पलामू।** प्रखंड के नावाटाडं पंचायत में युवा जागृति क्लब के सदस्यों ने सोरहर नदी छठ घाट के सफाई किया। अध्यक्ष अमरेश श्रीवास्तव ने कहा हर साल के तरह इस बार भी छठ घाट के साफ सफाई व्यवस्था किया। पूरे बाजार में लाइट और छठ घाट पर गंगा आरती का व्यवस्था किया है। वहीं छठ व्रतियों के आम के लकड़ी और फल भी वितरण किया जायेगा। इस मौके पर क्लब के दीपू कुमार गुप्ता, मनोज कुमार गुप्ता, सडलं कुमार, प्रभात कुमार, अशोक कुमार गुप्ता, सनटू गुप्ता, विनय कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

### बिरसा मुंडा समिति मसीहानी ने मनायी बिरसा जयंती



**छतरपुर पलामू।** विरसा मुंडा समिति मसीहानी के तत्वधान में बिरस मुण्डा जयंती मनाया गया। मौके पर मुख्य अतिथि मोहन कुमार, समिति के अध्यक्ष रितेश चंद्रा, जितेंद्र गुप्ता, रिंकू सिंह, बनवासी कल्याण केंद्र के बनारसी उराव, बैजनाथ सिंह संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर अरबिंद गुप्ता, सुनील, नबाब, अम्बिका सिंह, अशोक सिंह, ओम प्रकाश उराव, जितेंद्र रंजन, विमल सिंह, राजकुमार, रवि, राहुल, प्रकाश, बूटन, उपेंद्र, शोभि, अनुज, प्रवेश, पप्पु, अंशु, सकेंद्र शामिल थे।

# जन कल्याण ट्रस्ट ने किया व्रतियों के बीच साड़ी वितरित



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जन कल्याण ट्रस्ट के केंद्रीय अध्यक्ष अजीत कुमार दुबे के आवास पर छठव्रतियों के बीच साड़ी वितरण समारोह आयोजित कर किया गया। जिसके मुख्य अतिथि गिरी रक्षा वाहिनी के कंपनी कमांडर अनुज कुमार झा, प्रभादेवी, ट्रस्ट के केंद्रीय प्रवक्ता अजय कुमार तिवारी, केंद्रीय संगठन सचिव नंदलाल दुबे, केंद्रीय सदस्य अखिलेश पाठक, रानी देवी एवं अंजना सिन्हा उपस्थित थे। मौके पर मुख्य अतिथि झा ने कहा कि जनकल्याण ट्रस्ट निरंतर समाज के लिए बेहतर कार्य कर रहा है। व्रतियों की सेवा करना पुनित कार्य है। अजीत कुमार दुबे ने झारखंड, बिहार, यूपी, एमपी के महान पर्व छठ पूजा को शुद्ध व समृद्धि एवं भगवान भास्कर के आराध्य पर्व पर की शुभकामना दी। मौके पर पूनम, रिंकी देवी, बिंदु देवी, शांति देवी, कुंती देवी, शोभा देवी, ममता देवी, अंजू सिंह, बबीता देवी, रूपा देवी, सरिता देवी, रंजू देवी, पूनम देवी को साड़ी प्रदान किया गया।

### समाजसेवी रामदास साहू ने किया छठ पूजा सामग्री का वितरण



**नीलांबर पितांबरपुर पलामू।** वरिष्ठ समाजसेवी स पाकी विधानसभा के भावी प्रत्याशी रामदास साहू ने पदमा स्थित आवास पर छठ महापर्व के लिए गेहूं का वितरण बुधवार को प्रारंभ किया। उन्होंने दर्जनों छठवतियों को गेहूं का पैकेट प्रदान किया। तत्पश्चात उन्होंने बताया कि 10 क्विंटल गेहूं का पैकेट बनाकर वह प्रसाद के लिए छत व्रत करने वाले महिला एवं पुरुषों के बीच उपलब्ध करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भगवान भास्कर के शुरू उपासना का यह पर्व विधानसभा क्षेत्र में खुशहाली होगा। छठ मैया सभी की मनोकामना पूर्ण करेंगे। उन्होंने कहा कि वह निरंतर धार्मिक कार्यों के आयोजन में सक्रिय भागीदारी निभाते रहेंगे। उन्होंने सभी धर्म और लंबियों से अपील की की छठ महापर्व धूमधाम एवं शांतिपूर्वक मनाएं। जिससे क्षेत्र में और लोगों के जीवन में सुख समृद्धि हो। मौके पर भोला साहू, एनी प्रजापति, गिरेंद्र कुमार, कृष्ण कुमार निराला, डोमन साहू, सुरेंद्र कुमार, उपेंद्र कुमार व आदि उपस्थित थे।

# सतबरवा : लक्ष्मण घाट में पंचायत निधि से नया छठ घाट का शुभारंभ



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सतबरवा पलामू।** लक्ष्मण घाट सतबरवा में नया छठ घाट निर्माण कार्य का शुभारंभ गुरुवार के सुबह में किया गया। मुखिया प्रतिनिधि कमलेश प्रसाद के द्वारा नव निर्माण छठ घाट जनता को छठ महापर्व मनाने के लिए समर्पित किया गया। उन्होंने कहा कि सतबरवा स्थित मलय नदी के तट पर नया छठ घाट का निर्माण 300 फीट में किया गया है। उन्होंने आस्था व्यक्त करते हुए कहा कि छठ मैया सभी की मनोकामना पूर्ण करते हैं। पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि होने के नाते मेरा प्रयास होगा कि छठ व्रतियों को किसी भी प्रकार की कठिनाईयों का सामना नहीं करना पड़े। छठ पर्व की महानता इतना है कि लोग बाहर से अपने अर्घ्य अर्पित करने घर पहुंचते हैं। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को नहाए खाए के साथ छठ महापर्व की शुरूआत होगी, दूसरे दिन खीरभोजन तथा तीसरे दिन शाम में अस्तचलागामी सूर्य देव जी को अर्घ्य और उसके सुबह में उदीयमान भूवन भास्कर को अर्घ्य अर्पित करने के बाद छठ पर्व पारन के साथ संपन्न हो जाएगा। यह पर्व कठिन, साफ-सफाई तथा समर्पण का है। वही उन्होंने कहा कि सतबरवा के लक्ष्मण और रामघाट छठ घाट की साफ सफाई की जा रही है। इस कार्य में सतन प्रसाद, राहुल दीवाना, सुजीत कुमार, सुदेश्वर सिंह समेत कई सामाजिक कार्यकर्ता करने में लगे हुए थे।

## स्पीड न्यूज

### छठ घाट सफाई कर रहे युवक की मौत

**बेरमो/गोमिया।** गोमिया प्रखंड के हजारी पंचायत अंतर्गत खुदगड्डा ग्राम में एक तालाब की साफ .सफाई के दौरान हादसा हो गयाए इस हादसे में एक युवक की मौत हो गयी। युवक की पहचान अजय कुमार प्रजापति 35 वर्षीय के रूप में हुई है। घटना के बाद वहां अफरा-तफरी का माहौल हो गया। मौके पर मौजूद संस्था के सदस्यों ने युवक को आनन .फानन में अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना पाकर गोमिया पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गयी है।

### श्रमदान से चिरकुंडा की सफाई का राजद ने लिया संकल्प

**कुमारधुबी।** चिरकुंडा शहीद चौक की साफ सफाई करती हुई राजद नेत्री व समाजसेवी सुनीता सिंह ने कहा कि चिरकुण्डा की आन बान और शान चिरकुंडा शहीद चौक हमेशा साफ सुथरा रहे इसके लिए नगर पारिषद के अलावा हम सभी चिरकुण्डा वासियों का भी फर्ज बनता है कि अपना श्रमदान जरूर करे ताकि अपना चिरकुण्डा एक मॉडल चिरकुण्डा के रूप में पूरे भारत मे पहचान बना सके। आने वाले समय में युवा राजद अपने पूरे राजद परिवार के साथ चिरकुण्डा मे साफ सफाई के लिए श्रमदान कर एक विशेष अभियान चलाएगी।

### मंत्री बेबी देवी ने भगवान बिरसा को किया नमन

**बोकारो।** बोकारो के नया मोड़ स्थित भगवान बिरसा मुंडा की आदमकद प्रतिमा पर राज्य सरकार में उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री बेबी देवी सहित दर्जा प्राप्त मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो उपायुक्त कुलदीप चौधरी पुलिस अधीक्षक प्रियदर्शी आलोक उप विकास आयुक्त श्रीमती कीर्तीश्री जीए अपर नगर आयुक्त सौरव भुवानिया चास के अनुमंडल पदाधिकारी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत सहित जिले के अन्य प्रशासनिक पदाधिकारियों ने पुष्प व माल्यार्पण कर धरती आबा को नमन किया। मौके पर मंत्री द्वय डीसी एसपी डीडीसी आदि ने जिले वासियों को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती व झारखंड राज्य 23 वां स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं दीं।

### बास्केटबॉल प्रतियोगिता के लिए चयन प्रक्रिया 17 को

**बोकारो।** बोकारो जिला बास्केटबॉल संघ की टीम 24 नवंबर से 26 नवंबर तक जमशेदपुर में आयोजित झारखंड राज्य सीनियर बास्केटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने जाएगी। बोकारो जिला की टीम की चयन प्रक्रिया 17 नवम्बर को सेक्टर 12 बोकारो के बास्केटबॉल कोर्ट में पूरी की जाएगी। चयन प्रक्रिया बास्केटबॉल के अनुभवी वरीय खिलाड़ियों के मार्गदर्शन में सम्पन्न होगी। यह जानकारी देते हुए जिला बास्केटबॉल संघ के सचिव संजीव सिंह ने कहा कि खिलाड़ियों को चयन प्रक्रिया के दौरान आधार कार्ड लाना अनिवार्य है।

### अंग्रेजी शराब की दुकान में नकली शराब बेचने का आरोप

**बेरमो/गोमिया।** गोमिया के आईईएल थाना क्षेत्र अंतर्गत बैंक मोड़ के समीप एक सरकारी अंग्रेजी शराब की दुकान में प्रिंट रेट से अधिक मूल्य लेने व नकली शराब बेचने के आरोप को लेकर बुधवार की देर शाम दुकानदार और ग्राहकों के बीच जमकर हंगामा हुआ। ग्राहकों ने बताया कि इस शराब की दुकान में मनमाने तरीके से प्रिंट रेट से अधिक शराब का मूल्य लिया जाता है। यहां कोई नई बात नहीं हैए दुकानदार की मनमाने रवैये के कारण अक्सर यहां ग्राहकों के साथ इस दुकान में नोक झोक होना सामान्य बात है। इसके अलावा ग्राहक दुकानदार पर नकली शराब बेचने का भी आरोप लगाये थे। बता दें कि बैंक मोड़ स्थित सरकारी शराब की दुकान में कुछ माह पुर्व नकली अंग्रेजी शराब और प्रिंट रेट से अधिक मूल्य लेने को लेकर एक्साइज विभाग ने छापेमारी की थी।

# डीसी-एसपी ने किया छठ घाट का निरीक्षण

**छठ महापर्व**

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** लोक आस्था के महापर्व छठ के अवसर पर सिंदरी पुलिस अनुमण्डल के अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी तथा झरिया शान्ति समिति एवं अन्य सामाजिक लोगों के सहयोग से झरिया स्थित राजा तालाब छठ घाट की सफाई की गई। इस अवसर पर उपायुक्त महोदय एवं वरीय पुलिस अधीक्षक महोदय एवं अन्य पदाधिकारी के द्वारा छठ घाट का निरीक्षण किया गया।

### छठ घाट को रूप देने में जुटे जनप्रतिनिधि

**तेतुलमुडी।** डिनोबली बस्ती छठ घाट को पूर्ण रूप देने में जुटे समाजसेवी, जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय ग्रामीण सर्वप्रथम छठ घाट जाने वाले रास्ते में जो सड़क खराब थी उसकी मरम्मत कराई गई ताकि छठव्रतियों को आने जाने में कोई परेशानी ना हो, आउटसोंसिंग प्रबंधन,बीसीसीएल प्रबंधन,पूर्व पार्षद नंदूलाल सेन्गुपता, का भी सराहनीय योगदान रहा, छठ घाट का विस्तारीकरण भी किया गया एवं टूटे हुए छठ घाट की सीढियों का मरम्मत किया गया। छठ घाट में दो नये सीढ़ियों का निर्माण भी किया जा रहा है। घाट के बगल में जमीन का समतलीकरण किया गया। टैंकर के द्वारा घाट में पानी गिराया जा रहा है ताकि छठ श्रदालुओं एवं भक्तजनों को पुजा अर्चना करने में परेशानियों का सामना ना करना पडे। घाट पर बांस के द्वारा सुंदर टेंट भी गाड़ी जा रही है। उक्त मौके पर ग्रमीण विस्थापित मोर्चा के सचिव विष्णु महतो, मुकेश महतो, लल्लू,आशु, मुकेश पासवान, शंकर महतो, सोहेल, रवि, सुजल, आजाद, संतोष मल्लाह, किशोर, छोटू, करण एवं अन्य लोग मौजूद थें।

### बेरमो में छठ घाटों की सफाई शुरू

बेरमो। बूढ़ीडीह छठ घाट की जेसीबी मशीन से सफाई कराते समिति के लोग के साथ पूर्व प्रमुख अनीता गुप्ता ने छठ घाट का निरीक्षण करने छठ घाट पहुंची और समिति के लोग साथ मौजूद रहे और उन्होंने कहा की लोक आस्था के इस पावन पर्व छठ के मौके पर सूर्य भगवान की उपासना के लिए दुग्दा इलाके के विभिन्न तालाबों व नदियों की छठ घाटे की साफ सफाई जोरों पर है। बुढ़ीडीह आदिवासी बहुल गांव होने के बावजूद भी छठ पूजा समिति बुढ़ीडीह द्वारा लगातार विगत वर्षों से व्रतियों की सेवा के लिए मुख्य सड़क से नदी तट की रास्ते की साफ .सफाई और आकर्षक विद्युत साज सज्जा करते आ रहे हैं। इस वर्ष भी पूजा समिति की ओर से जेसीबी मशीन लगाकर रास्ते को समतलीकरण कराया जा रहा है। पूजा समिति का यह कार्य बहुत ही सराहनीय है।

### बेरमो विधायक ने छठ घाटों का किया निरीक्षण

**बेरमो।** बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह ने फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न छठ घाटों में साफ .सफाई को लेकर निरीक्षण किया। साथ में ढोरी क्षेत्र के महाप्रबंधकए बेरमो अंचल अधिकारीए कार्यपालक पदाधिकारी फुसरो एवं बेरमो थाना प्रभारी उपस्थित रहे। संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर छठ घाटों की साफ .सफाई एवं नदियों की स्वच्छता सुनिश्चित कर लें ताकि छठ व्रतियों व श्रद्धालुओं को कठिनाई न हो।



# साड़म डैम किनारे छठ घाट की जेसीबी से हुई सफाई



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो/ललपनिया।** लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व छठ पूजा, नहाय खाय के साथ गुरुवार 17 नवम्बर से शुरू होगीए जो 20 नवम्बर को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ समाप्त होगा ।छठ पूजा की तैयारियां जोर.शोर से चल रही है ।भाजपापार्टी वरिय नेता देवनरायण प्रजापति केसौजन्य से पंचायत की मुखिया शोभा देवी की देख.रेख में गोमिया प्रखंड के साड़म पश्चिमी पंचायत का डेम किनारे छठ घाट की श्रमदान कर साफ सफाई किया। सबसे पहले उन्होंने जेसीबी मशीन से छठ घाट जाने वाले रास्ते से गंदगी को हटायी गयी। इसके बाद उक्त रास्ते की मरम्मति की गयी ।उपस्थित लोगों ने डेम में लगे झाड़ियों व कूड़ा.कचरा को साफ सफाई कियाए ताकि छठ ब्रतधारियों तथा श्रद्धालुओं को छठ पूजा के दौरान परेशानियों का सामना ना करना पडें। छठ पूजा को धार्मिक परम्परा के अनुसार नदियों व नहरों के छठ घाट के किनारे पुरूष व महिलाओं द्वारा सूर्य को अर्घ्य देकर बड़े उल्लास के साथ मनाया जाता है।

### रेल कर्मियों ने चलाया ऐप जागरूकता अभियान

**बोकारो।** दक्षिण पूर्व रेलवे आद्रा मंडल में यात्रियों को अनारक्षित टिकट हेतु यूटीएस ऐप का उपयोग करने हेतु चलाये जा रहे जागरूकता अभियान के तहत मंडल के बोकारो स्टील सिटी तथा बर्नपुर रेलवे स्टेशन पर जागरूकता अभियान चलाया गया और यूटीएस ऐप के उपयोग के प्रति यात्रियों को जागरूक किया गया। यूटीएस ऐप में पंजीकरण अनारक्षित टिकट बुक करने ऐप वॉलेट रिचार्ज करने आदि की जानकारी प्रदान की गई। ज्ञातव्य हो कि यूटीएस ऐप एक मोबाइल टिकटिंग एप है जिसके माध्यम से यात्रियों को अपने स्मार्टफोन पर अनारक्षित टिकट बुक करने की सुविधा प्रदान करती है। इससे यात्रियों को टिकट के लिए कतार में इंतजार करने की आवश्यकता नहीं होगी।

# श्यामडीह में चित्रांशों ने धूमधाम से मनाया चित्रगुप्त पूजा

### ● चित्रांश परिवार ने विधायक की पत्नी को किया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** बाघमारा अंचल चित्रगुप्त महापरिवार ट्रस्टी के द्वारा पूरे धूमधाम से श्री चित्रगुप्त महाराज की पूजा अपने प्रस्तावित स्थान श्यामडीह में की गई। बाघमारा, कतरासगढ़, कतरास बाजार, सिनीडीह, मलकेरा, लकड़का, छाताबाद, तेतुलमारी, सिजुआ, लोयाबाद आदि जगहों से करीब हजारों चित्रांश परिवारों ने आकर पूजा अर्चना की। समिति की ओर से 25 से अधिक वयोवृद्ध चित्रांशों को साल ओढ़ाकर एवं चित्रगुप्त भगवान की पुस्तक देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल बाघमारा विधायक की धर्मपत्नी सावित्री देवी को समिति के सदस्यों ने अपने आराध्य देव चित्रगुप्त महाराज की पुस्तक भेंट की। सावित्री देवी ने चित्रांश समाज को हर संभव सहयोग करने की बात कही। वही समिति का सचिव अमित सिन्हा ने बताया कि पहले बाघमारा के समस्त चित्रांश परिवार बाघमारा में घूम-घूम कर प्रत्येक वर्ष पूजा करते आ रहे थे। इसलिए कुछ वर्षों से पूरे बाघमारा के चित्रांश परिवार का पूजा श्यामडीह में स्थायी रूप से किया जा रहा है जो कि आगे भी चलता रहेगा।



### कार्यक्रम में थे मौजूद

कार्यक्रम में सेटलर मोहन प्रसाद लाला, अध्यक्ष बिजय सिन्हा, सचिव अमित सिन्हा, संगठन सचिव देवेन्द्र सिन्हा, कोषाध्यक्ष हिमांशु सिन्हा, शैलेन्द्र सिन्हा, पंकज सिन्हा, प्रवीण लाला, प्रवीण सिन्हा, राकेश सिन्हा, धनंजय श्रीवास्तव, अजीत प्रसाद, भरत लाला, ऋषिकेश लाला, अभिषेक सिन्हा सहित सैकड़ों चित्रांश मौजूद थे।

### भगवान चित्रगुप्त की प्रतिमा का विसर्जन

**सिनीडीह।** श्रीश्री चित्रगुप्त महा पारिवार बाघमारा अंचल सिनीडीह पूजा कमेटी ने विसर्जन से पूर्व भगवान श्री चित्रगुप्त जी महाराज के प्रतिमा को पूजन हवन किया। आरती के उपरांत सवा मन के बने दूध खीर का प्रसाद वितरण किया गया। जिसके बाद जूलूस निकाल ब्राहम्णडीहा बस्ती तालाब सिनीडीह में नाचते-गाते विर्सजन किया। रास्ते में चित्रांश बच्चों ने पटाखा फोड़ गुलाल उड़ाये। विर्सजन में संयोजक दिलीप वर्मा, संरक्षक बासुकी लाला, प्रशांत दयाल, अध्यक्ष उमेश श्रीवास्तव, महा सचिव समीर लाला, सचिव सुजीत सिन्हा, कोषाध्यक्ष अजय राणा, संगठन सचिव संजू लाला, सह संगठन सचिव नीरज लाला, उपाध्यक्ष अमित सिन्हा, प्रीतम सिन्हा, राजेश लाला मौजूद थे।

## एक नजर में

### आरपीएफ ने 27 बोतल अवैध शराब बरामद किया



**बोकारो।** बोकारो रेलवे सुरक्षा बल के एस आई नीना कुमारी धनंजय सिंह आदि ने शक के आधार पर स्टेशन पर घूमते हुए लगभग 20 वर्षीय एक युवक के ट्रॉली बैग की जाँच की तो विभिन्न ब्रांड की 27 अवैध शराब की बोतलें बरामद की जिसका कोई कागजात वह व्यक्ति नहीं दिखा सका। पूछताछ के बाद उस गिरफ्तार युवक ने अपना नाम प्रियांशु कुमार उर्फ भोलू एवं पता राजीव नगर पटना बताया। आरपीएफ ने शराब जब्त कर उत्पाद विभाग को आगे की कार्रवाई के लिए सौंप दिया है।

### चंद्रपुरा फुटबॉल मैदान में सांस्कृतिक कार्यक्रम

**बेरमो।** बोकारो जिला के चंद्रपुरा मे 16 नवंबर 2023 दामोदर घाटी निगमए चंद्रपुर ताप विद्युत केंद्र प्रबंधन द्वारा तृतीय जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर बुधवार की देर शाम यहां के फुटबॉल मैदान में हजारों दीप जलाकर खुशियां मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का डीवीसी के अधिकारियोंए कर्मचारी और स्थानीय लोगों ने आनंद उठाया। आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए वरिष्ठ महाप्रबंधक और परियोजना प्रधान मनोज कुमार ठाकुर ने कहा कि संगठित होकर निर्धारित समय में सकारात्मक कार्य करने से ही सफलता मिलती है। मौके पर वरिष्ठ महाप्रबंधक श्री रामप्रवेश शाहए महाप्रबंधक अभिशेक घोष ए उप महाप्रबंधक प्रशासन श्री टी टी दास केके सिंह संजीव कुमारए दिलीप कुमार ए इकरामुल हकए डॉ एस हेंब्रमए डॉ लक्ष्मण सोरेन ए वरीय प्रबंधक दिलीप कुमारए प्रबंधक रविंद्र कुमारए अशोक चौबे ए उमेश कुमार शर्माएअक्षय कुमार ए मोहम्मद मोइनुद्दीन ए भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रवीण कुमार सिंहए सुनील मिश्रा आदि उपस्थित थे। समारोह का संचालन सर्वजीत सिंह ने किया।

### ढोरी में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के समापन पर पुरस्कार वितरण

**बेरमो।** सीसीएल ढोरी क्षेत्र में सतर्कता जागरूकता सप्ताह समापन सह पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्र के महाप्रबंधक मनोज कुमार अग्रवाल ने कहा कि भ्रष्टाचार मुक्त भारतए विकसित भारत को हम सभी को प्रतिबद्ध होकर साकार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि नागरिक भागीदारी के माध्यम से सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी तथा सत्यनिष्ठा को बढ़ावा देने के लिएए यह जागरूकता हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। पुरस्कार वितरण के साथ कि कहा कि ऐसे कार्यक्रम हमारी संस्था द्वारा आयोजित किया जाता है ताकि नई पीढ़ी में भ्रष्टाचार से लड़ने की ताकत पैदा हो सके। कहा जब तक छात्र.छात्राएं जागरूक नहीं होंगे तब तक भ्रष्टाचार का खात्मा नहीं होगा।

# कायस्थ समाज ने की चित्रगुप्त पूजा

खबर मन्त्र संवाददाता



**पूर्वी टुंडी।** टुंडी प्रखंड अंतर्गत कोलहर पंचायत के लाला टोला गांव में कायस्थ समाज के लोगों ने भक्ति भाव के साथ अपने आराध्य देव चित्रगुप्त महाराज की पूजा अर्चना की। कार्यक्रम के इस अवसर पर उपस्थित समाज के लोगों ने अपने आराध्य देव की पूजा अर्चना के उपरांत साल भर का अपना लेखा-जोखा प्रस्तुत किया एवं पुष्पांजलि अर्पित कर महाप्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के इस अवसर पर आयोजित मिलन समरोह में संगत पंगत के जिला कमिटी के पदाधिकारी गण भी सम्मिलित हुए। पूजा अर्चना के बाद समाज के लोगों ने एक साथ मिलकार झारखंड के स्थापना दिवस एवं झारखंड के भगवान कहे जाने वाले बिरसा मुंडा के जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि भी दी। संध्या काल में सामूहिक भोजन के उपरांत आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में समाज के कलाकारों ने अपनी अपनी प्रतिभा की प्रस्तुति दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मनीष सिन्हा, पवन सिन्हा, ज्योतिष अंबष्टा, प्रणव शरण, करण रंजन, अविनाश शरण, अभिनव शरण, रवि शंकर, आशीष सिन्हा, अमन सिन्हा, प्रत्यूष सिन्हा, रितेश सिन्हा, गौतम सिन्हा, विवेक सहाय, प्रेम कुमार सिन्हा, प्रशांत कुमार सिन्हा, अंकित, तुषार, संकित, राजकुमार सिन्हा आदि लोगों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# बोकारो स्टील प्लांट ने जीता 23वां ग्रीनटेक पर्यावरण पुरस्कार 2023

### पर्यावरण शिखर सम्मेलन आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट ने पर्यावरण उत्कृष्टता श्रेणी में प्रतिष्ठित 23वां ग्रीनटेक पर्यावरण पुरस्कार 2023 जीतकर अपने नाम एक और उपलब्धि जोड़ ली है। ईसीएस विभाग ने आवेदन दायर किया व 07 नवंबर को जूरी सदस्यों के सामने एजीएम नितेश रंजन द्वारा प्रस्तुति दी गई और सभी प्रश्नों का सटीक समाधान जीएम एनपी श्रीवास्तव के द्वारा किया गया। दायर आवेदन और दी गई प्रस्तुति के आधार पर जूरी सदस्यों द्वारा सेल बोकारो स्टील प्लांट को पर्यावरण उत्कृष्टता श्रेणी में उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए विजेता घोषित किया गया। यह पुरस्कार 23.24 नवंबर 2023 को सोनमर्ग जम्मू और कश्मीर में निर्धारित 23वें वार्षिक ग्रीनटेक पर्यावरण शिखर सम्मेलन 2023 के दौरान प्रदान किया जाएगा। हाल ही में बोकारो स्टील ने कोयले की खपत को कम करने और कोक ओवन की उत्पादकता बढ़ाने के लिए अपशिष्ट उत्पाद डिकैन्टर टार स्लज का उपयोग शुरू किया है। बीएसएल ने अपशिष्ट को वेल्थ में बदलने का अभियान चलाया है जिससे 192.93 करोड़ रुपये के राजस्व सृजन में मदद मिली है।

### मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने डीसी को सौंपा पत्र

**बेरमो/ललपनिया।** गुरुवार को माननीय मंत्री ;दर्जा प्राप्तद्ध योगेंद्र प्रसाद ने उपायुक्त बोकारो को एक पत्र प्रेषित किया है। जिसमें उन्होंने गोमिया प्रखण्ड के स्वांग कोलियरी रोड सेल के कांटाघर को यथावत रखने व नियमित रूपसे प्रति माह रोड सेल का ऑफर निकालने पर जोर दिया है। मंत्री ने उपायुक्त को लोकल सेल संघर्ष मोर्चाए स्वांग कोलियरी ;गोमियाद्ध के ग्रामीणों से प्राप्त आवेदन के आलोक में कहा है कि इससे पहले प्रबंधन के संग वार्ता भी किया गया था।

# ओल्ड एज होम के बुजुर्गों ने संजय को दिये आशीष

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम एवं सहयोगी नगर स्थित ओल्ड एज होम में आश्रम में आश्रय ले रहे हैं बुजुर्गों संग आश्रम के मीडिया प्रभारी संजय चौरसिया ने अपना जन्मदिन अपनी पत्नी आरती देवी और दोनों बेटे अभय और आर्यन के साथ केक काटकर मनाया। संजय चौरसिया ने समस्त बुजुर्गों की जन्मदिन पर सेवा सम्मान कर नमन किया और उनका हार्दिक आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर बुजुर्गों के लिए स्वादिष्ट भोजन की व्यवस्था की गई थी। आश्रम के बुजुर्गों और आश्रम के अध्यक्ष नौशाद गद्दी के आश्रम में ही जन्मदिन मनाने का विशेष आमंत्रण पर संजय चौरसिया के जन्मदिन पर समस्त बुजुर्ग काफी खुश और उत्साहित थे। आश्रम के अध्यक्ष नौसाद गद्दी ने बताया पत्रकार संजय चौरसिया का सालों भर आश्रम में आना जाना लगा रहता है। बुजुर्गों के लिए आश्रम से अस्पताल तक यथासंभव सेवा, विशेष ख्याल और सम्मान करते हैं और हर समय अश्रम के बुजुर्गों का मनोबल बढ़ाते हैं आश्रम चलाने का कार्य बहुत ही कठिन है लेकिन जब संजय जैसे बुजुर्गो की सेवा ख्याल करने वाले साथी आश्रम को मिल जाता हैं तो बुजुर्गों की सेवा करनी का हिम्मतऔर मनोबल और भी बढ़ जाता है।

# केटीएमपीएल ने टासरा प्रोजेक्ट में किया भूमि पूजन

**मेगा प्रोजेक्ट का होगा निर्माण**

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिंदरी।** सेल टासरा प्रोजेक्ट की 28 वर्ष के लिए खनन परियोजना मेगा प्रोजेक्ट को धरातल पर उतारने के लिए पावरमैक की अनुषंगिक ईकाई कल्याणेश्वरी टासरा माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड (केटीएमपीएल) के सीएमडी किशोर बाबू और उनकी धर्मपत्नी ने टासरा प्रोजेक्ट का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर सेल चासनाला ईडी अरुण कुमार, महाप्रबंधक तरुण कुमार राय सहित पावरमैक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रवीण कोटा, केटीएमपीएल निदेशक टी रमेश भी मौजूद थे। वहीं टासरा और रोहड़ाबाँध के कुछ ग्रामीणों ने इसका विरोध भी किया। सेल चासनाला महाप्रबंधक तरुण कुमार राय ने बताया कि आगामी 28 वर्षों के लिए मेगा प्रोजेक्ट की शुरूआत की जा रही है।

### जमसं ने प्रबंधन से की बातचीत

खनन से पहले जनसुनवाई की माँग कर रहे जनता मजदूर संघ (कुंती गुट) के कार्यकताओं ने प्रबंधन के अधिकारियों से वार्ता की। वार्ता के बाद सेल प्रबंधक पंकज मंडल ने कहा कि महापर्व छठ पूजा के बाद इस ओर संघ के साथ बैठक की जाएगी और हर पहलू पर वार्ता होगी। उन्होंने कहा कि अवैध कोयला खनन पर पूरी तरह विराम लगा दिया जाएगा। इसको लेकर झामुमो महानगर उपाध्यक्ष रामू मंडल ने कहा कि एकमुश्त 224 एकड़ भूमि अधिग्रहण कर सेल प्रबंधन कोयला खनन शुरू करे, अन्यथा ग्रामीणों के साथ इसका विरोध किया जाएगा। भूमि पूजन के दौरान ग्रामीणों सहित पुलिस बल तैनात थे।

# डीवीसी प्रबंधन ने मनाया जनजातीय गौरव दिवस




खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/चंद्रपुरा।** डीवीसी चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र प्रबंधन द्वारा यहां के तेजस भवन स्थित सम्मेलन कक्ष में और बिरसा बाजार स्थित स्थापित शहीद बिरसा मूर्ति की प्रतिमा पर डीवीसी के वरिष्ठ अधिकारियों ए कर्मचारियों एवं अन्य कर्मियों द्वारा तृतीय जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर आज माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित किया गया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में वरिष्ठ जीएम और परियोजना प्रधान मनोज कुमार ठाकुर ने कहा कि देश को आजाद करने के लिए हमारे शहीद सपूतों ने अपनी कुबार्नी दी है। उस कुबार्नी को याद रखते हुए हम सभी का दायित्व बनता है कि अब देश को आर्थिक आजादी दिलाई जाए। भाजपा और विस्थापित नेता लखी हेंब्रम ने कहा कि समाज को समृद्धशाली बनाने की जिम्मेदारी हम सबों की है। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद उपस्थित लोगों ने उठाया और हजारों दीप प्रज्वलित किया।मौके पर वरिष्ठ जीएम रामप्रवेश शाह जीएम अभिषेक घोष डीजीएम टीटी दास केके सिंह संजीव कुमार दिलीप कुमार एकरामुल हक डॉ एस हेंब्रम डॉ लक्ष्मण सोरेन वरीय प्रबंधक दिलीप कुमार रविंद्र कुमार अशोक चौबे उमेश कुमार शर्मा अक्षय कुमार मो मोइनुद्दीन भाजपा नेता प्रवीण कुमार सिंह सुनील मिश्रा आदि उपस्थित थे। समारोह का संचालन सर्वजीत सिंह ने किया।

# विनाशक युद्ध

मानवता के इतिहास में इंसानी आतंक को समझने के लिए द्वितीय विश्वयुद्ध एक मौका देता है। इसके समाप्त हुए 75 साल हो चुके हैं लेकिन इस युद्ध को आज भी दुनिया के सबसे बड़ें विनाशक के रुप में माना जाता है। जर्मनी के तानाशाह हिटलर और इटली के मुसोलिनी ने पूरे यूरोप में उनके सहयोगी जापान के शासक ने एशिया में आतंक का राज कायम करने की कोशिश की थी। लेकिन विश्व की न्यायप्रिय जनता ने उनको पराजित किया। इंग्लैण्ड, फ्रांस सहित यूरोप के अन्य देशों में हिटलरी आतंक का डंका बज रहा था। उन दिनों यूरोप के ज्यादातर देशों में राजाओं का शासन था। इजरायल हो या रुस दोनों का युद्ध निदंनीय है और आतंकवाद तो धृणित ही है। वास्तव में संयुक्त राष्ट्र का गठन ही युद्ध के खिलाफ विश्वजनमत का ऐलान था। संयुक्त राष्ट्र का एक प्रमुख लक्ष्य यह भी था कि बाद की पीढ़ियों को युद्ध के संकट से बचाया जा सके। आतंकवाद आज की दुनिया में युद्ध छेड़ने का एक साधन है। इसको तबाह करने के लिए सभी देशों को एकजुट होना पड़ेगा। अमेरिका में लोकतंत्र की व्यवस्था थी। दूसरे विश्वयुद्ध में अमेरिका प्रमुख भूमिका अदा कर रहा था। सब ने मिलकर आतंकवादी हिटलर की तानाशाही सोच को हराया और दुनिया को आतंक के राज से मुक्त किया। उसके बाद पूरी दुनिया में लोकतंत्र की बयार बहने लगी थी। इंग्लैंड के लोकतंत्र को ज्यादातर देशों ने अपनाया। लिबरल डेमोक्रेटिक सोच और राजनीति का माहौल बना। दूसरे विश्वयुद्ध के बाद बहुत सारे देशों को आजादी नसीब हुई। आज भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों के स्थापित होने के पीछे भी इस युद्ध से उत्पन्न हुई स्थितियां मानी जा सकती है। आज पूरे विश्व में शांति सबसे बड़ी आवश्यकता बन गयी है जिसे हमने 75 वर्षो में लगातार काम किया है।

# घेरे में बघेल

भाजपा ने प्रवर्तन निदेशालय के बड़े खुलासे के बाद भूपेश बघेल को घेरा है। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने तो खुला आरोप लगाया है कि कांग्रेस छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव में हवाला ऑपरेटर के पैसे का प्रयोग कर रही है। ईरानी ने कहा है कि भूपेश बघेल के खिलाफ कुछ चौंका देने वाले तथ्य देश के सामने आए हैं। असीम दास से 5.30 करोड़ रुपये से ज्यादा बरामद हुए हैं। ईरानी ने इस पर सवाल पूछे हैं कि क्या यह सत्य नहीं है कि दो नवंबर को एक निजी होटल में असीम दास से पैसा बरामद हुआ? क्या ये सत्य नहीं है कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के नेताओं को शुभम सोनी के माध्यम से असीम दास पैसा पहुंचाते थे? क्या ये सत्य नहीं है कि शुभम सोनी को एक वॉयस मैसेज के माध्यम से आदेश दिया गया कि वह रायपुर जाए और बघेल को चुनाव खर्च के लिए पैसा दे? क्या यह सत्य नहीं है कि अलग-अलग बैंक खातों से 15.50 करोड़ धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत फ्रीज किया गया? क्या यह सत्य है कि असीम दास को दुबई भेजा गया था? शुभम सोनी महादेव के शीर्ष प्रबंधन का हिस्सा है। इसी शुभम ने स्वीकार किया है कि महादेव ऐप के प्रमोटर्स ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को 538 करोड़ रुपये रिश्वत दी। इस खेल में चंद्रभूषण वर्मा नामक अधिकारी की भूमिका भी सामने आई है। महादेव सट्टा ऐप की हल्की आवाज से उभरी गोलमाल की पूरी एबीसीडी प्रवर्तन निदेशालय ने पढ़ ली है। निदेशालय ने इस ऐप से संबद्ध 14 आरोपितों के खिलाफ 9084 पेज की चार्जशीट इसी साल 21 अक्टूबर को अदालत में पेश की है। अदालत में इसी माह 25 नवंबर को इस पर सुनवाई होनी है। प्रारंभिक चरण में 41 करोड़ की संपत्ति अटैच की गई है। चुनाव के बीच यह प्रकरण क्या प्रभाव डालता है। वैसे भ्रष्टाचार अब आरोप अधिक मुद्दा कम बन रहा है।

# सूर्य की शक्ति और उपासना का फल

**वैदिक** काल से भगवान सूर्य की उपासना का उल्लेख मिलता है। सूर्य को वेदों में जगत की आत्मा और ईश्वर का नेत्र बताया गया है। सूर्य को जीवन, स्वास्थ्य एवं शक्ति के देवता के रूप में मान्यता हैं। सूर्यदेव की कृपा से ही पृथ्वी पर जीवन बरकरार है। ऋषि-मुनियों ने उदय होते हुए सूर्य को ज्ञान रूपी ईश्वर बताते हुए सूर्य की साधना-आराधना को अत्यंत कल्याणकारी बताया है। प्रत्यक्ष देवता सूर्य की उपासना शीघ्र ही फल देने वाली मानी गई है। जिनकी साधना स्वयं प्रभु श्री राम ने भी की थी। विदित हो कि प्रभु श्रीराम के पूर्वज भी सूर्यवंशी थे। भगवान श्रीकृष्ण के पुत्र सांब भी सूर्य की उपासना करके ही कुष्ठ रोग दूर कर पाए थे।

सूर्य की साधना का महत्व

भगवान भास्कर यानी सूर्यदेव की साधना-आराधना का अक्षय फल मिलता है। सच्चे मन से की गई साधना से प्रसन्न होकर भगवान भास्कर अपने भक्तों को सुख-समृद्धि एवं अच्छी सेहत का आशीर्वाद प्रदान करते हैं। ज्योतिष के अनुसार सूर्य को नवग्रहों में प्रथम ग्रह और पिता के भाव कर्म का स्वामी माना गया है। जीवन से जुड़े तमाम दुखों और रोग आदि को दूर करने के साथ-साथ जिन्हें संतान नहीं होती उन्हें सूर्य साधना से लाभ होता हैं। पिता-पुत्र के संबंधों में विशेष लाभ के लिए सूर्य साधना पुत्र को करनी चाहिए।

सात घोड़ों के रथ पर सवार हैं भगवान सूर्य

हमारी सृष्टि के प्रत्यक्ष देवता भगवान सूर्य के रथ में सात घोड़े होते हैं, जिन्हे शक्ति एवं स्फूर्ति का प्रतीक माना जाता है। भगवान सूर्य का रथ यह प्रेरणा देता है कि हमें अच्छे कार्य करते हुए सदैव आगे बढ़ते रहना चाहिए, तभी जीवन में सफलता मिलती है।

**मंत्र से मूर्ति तक कुछ ऐसे प्रारंभ हुई सूर्य साधना**

वैदिक काल से ही भारत में सूर्य की पूजा का प्रचलन रहा है। पहले यह साधना मंत्रों के माध्यम से हुआ करती थी लेकिन बाद में उनकी मूर्ति पूजा भी प्रारंभ हो गई। जिसके बाद तमाम जगह पर उनके भव्य मंदिर बनवाए गए। प्राचीन काल में बने भगवान सूर्य के अनेक मन्दिर आज भी भारत में हैं। सूर्य की साधना-अराधना से जुड़े प्रमुख प्राचीन मंदिरों में कोणार्क, मार्तंड और मोढ़ेरा आदि हैं।

**सूर्य की साधना को समर्पित है रविवार का दिन**





-मधुकर मिश्र

सूर्यदेव की न सिर्फ उदय होते हुए बल्कि अस्त होते समय भी की जाती है। भगवान भास्कर की डूबते हुए साधना सूर्य षष्ठी के पर्व पर की जाती है। जिसे हम छठ पूजा के रूप में जानते हैं। इस दिन सूर्य देवता को अर्घ्य देने से इस जन्म के साथ–साथ, किसी भी जन्म में किए गए पाप नष्ट हो जाते हैं। अस्त हो रहे सूर्य को पूजन करने के पीछे ध्येय यह भी होता है कि – ह्यहे सूर्य देव, आज शाम हम आपको आमंत्रित करते हैं कि कल प्रात:काल का पूजन आप स्वीकार करें।

रविवार का दिन भगवान सूर्य को समर्पित है। इस दिन भगवान सूर्य की साधना-आराधना करने पर शीघ्र ही उनकी कृपा प्राप्त होती है। रविवार के दिन भक्ति भाव से किए गए पूजन से प्रसन्न होकर प्रत्यक्ष देवता सूर्यदेव अपने भक्तों को आरोग्य का आशीर्वाद प्रदान करते हैं।

**इस विधि से करें सूर्य की साधना**

सनातन परंपरा में प्रत्यक्ष देवता सूर्य की साधना-उपासना शीघ्र ही फल देने वाली मानी गई है। सूर्यदेव की पूजा के लिए सूर्योदय से पूर्व उठकर स्नान करें। इसके पश्चात उगते हुए सूर्य का दर्शन करते हुए उन्हें ॐ घृणि सूर्याय नमः कहते हुए जल अर्पित करें। सूर्य को दिए जाने वाले जल में लाल रोली, लाल फूल मिलाकर जल दें। सूर्य को अर्घ्य देने के पश्चात्प लाल आसन में बैठकर पूर्व दिशा में मुख करके सूर्य के मंत्र का कम से कम 108 बार जप करें।

**उगते ही नहीं डूबते सूर्य को भी देते हैं अर्घ्य**

सूर्यदेव की न सिर्फ उदय होते हुए बल्कि अस्त होते समय भी की जाती है। भगवान भास्कर की डूबते हुए साधना सूर्य षष्ठी के पर्व पर की जाती है। जिसे हम छठ पूजा के रूप में जानते हैं। इस दिन सूर्य देवता को अर्घ्य देने से इस जन्म के साथ-साथ, किसी भी जन्म में किए गए पाप नष्ट हो जाते हैं। अस्त हो रहे सूर्य को पूजन करने के पीछे ध्येय यह भी होता है कि – ह्यहे सूर्य देव, आज शाम हम आपको आमंत्रित करते हैं कि कल प्रातःकाल का पूजन आप स्वीकार करें और हमारी मनोकामनाएं पूरी करें।

क्यों करते हैं सूर्य के तीन प्रहर की साधना

सूर्य की दिन के तीन प्रहर की साधना विशेष रूप से फलदायी होती है।

1. प्रातःकाल के समय सूर्य की साधना से आरोग्य की प्राप्ति होती है।

2. दोपहर के समय की साधना साधक को मान-सम्मान में वृद्धि कराती है।

3. संध्या के समय की विशेष रूप से की जाने वाली सूर्य की साधना सौभाग्य को जगाती है और संपन्नता लाती है।

सूर्य के इस मंत्र से पूरी होगी मनोकामना

सूर्य की साधना में मंत्रों का जप करने पर मनोकामनाएं शीघ्र पूर्ण होती है। सुख-समृद्धि और अच्छी सेहत का आशीर्वाद प्राप्त होता है। तमाम तरह की बीमारी और जीवन से जुड़े अपयश दूर हो जाते हैं। सूर्य के आशीर्वाद से आपके भीतर एक नई ऊर्जा का संचार होता है। जीवन में सुख-समृद्धि और सफलता दिलाने वाले सूर्य मंत्र इस प्रकार हैं - एहि सूर्य सहस्त्रांशो तेजोराशे जगत्पते।

अनुकम्पय मां भक्त्या गृहणार्ध्य दिवाकर।।

ॐ घृणि सूर्याय नमः।।

ॐ ऐहि सूर्य सहस्त्रांशों तेजो राशे जगत्पतेए अनुकंपयेमां भक्त्याए गृहाणार्घय दिवाकररू।।

ॐ ह्रीं घृणिः सूर्य आदित्यः क्लीं ॐ।।

समृद्धि ही नहीं सेहत से भी जुड़े हैं सूर्य देव

सूर्यदेव की साधना से न सिर्फ सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है, बल्कि आरोग्य भी प्राप्त होता है। सूर्य को किए जाने वाले नमस्कार को सर्वांग व्यायाम कहा जाता है। इसे करने से अच्छी सेहत के साथ-साथ मानसिक शांति भी मिलती है। पढ़े सूर्य नमस्कार के मंत्र -

**ॐ सूर्याय नमः।**
**ॐ भास्कराय नमः।**
**ॐ रवये नमः।**
**ॐ मित्राय नमः।**
**ॐ भानवे नमः।**
**ॐ खगय नमः।**
**ॐ पुष्णे नमः।**
**ॐ मारिचाये नमः।**
**ॐ आदित्याय नमः।**
**ॐ सावित्रे नमः।**
**ॐ आर्काय नमः।**
**ॐ हिरण्यगर्भाय नमः।**

**जो** दोगे वही लौट कर आएगा , फिर चाहे सम्मान हो या अपमानह्वकिंतु सम्मान देने पर भी, कुछ लोग सार्वजनिक अपमान करने से नहीं चूकतेपरंतु कर्म का विधान भी है - जो सम्मान दिया है, वह जरूर लौट कर आता है ह्न अब उन्हीं लोगों से ही लौट कर आएगा, ऐसा जरूरी नहींह्न

**– निशा उरांव निदेशक पंचायती राज विभाग झारखंड**

## आपके ट्वीट

**श्रमिक** प्रधान राज्य से बाहर निकालना है झारखण्ड को। रिक्तियों को पूरा कर श्रमिकों का कल्याण करना लक्ष्य है। आइटीआई में बच्चों को मांग के अनुरूप प्रशिक्षण दें।

**– हेमंत सोरेन, सीएम झारखंड**





**मोदी** सरकार गरीबों के मौलिक अधिकार छीन रही है।

ये मानवता के विरुद्ध अपराध है।

देश के बेहतर भविष्य के लिए हमें हर वर्ग के अधिकारों का सम्मान करना ही होगा।

**– राहुल गांधी, कांग्रेस**

## खास बात

# गुरुदत्त के अनकहे किस्से

**अजय कुमार शर्मा**

**वहीदा** रहमान को हाल ही में दादा साहब फाल्के पुरस्कार से नवाजा गया है। वह गुरुदत्त की खोज थीं। उनकी पहली हिंदी फिल्म 'सीआईडी' थी। इसका निर्माण गुरुदत्त ने किया था। गुरुदत्त का वहीदा रहमान से मिलना एक संयोग था, लेकिन यह उनकी पारखी नजरों का ही कमाल था जिसने वहीदा रहमान में एक संवेदनशील अभिनेत्री को पहचाना और तराशा भी। गुरुदत्त की वहीदा से पहली मुलाकात अचानक हैदराबाद में हुई थी।

हुआ यह था कि गुरुदत्त के एक सहयोगी ने उन्हें एक हिट तेलुगु फिल्म के बारे में बताया था।उसका सुझाव था कि अगर इस फिल्म को हिंदी में भी बनाया जाए तो यह गुरुदत्त प्रोडक्शन के लिए भी अच्छा रहेगा। उन्होंने गुरुदत्त को यह फिल्म हैदराबाद आकर देखने के लिए कहा क्योंकि तब यह फिल्म वहां लगातार हाउसफुल चल रही थी। गुरुदत्त कार से हैदराबाद पहुंचने के लिए तैयार हो गए। कार में उनके साथ अबरार अल्वी और गुरु स्वामी भी थे। असल में उन्होंने पूरी रात यात्रा करके सुबह हैदराबाद पहुंचना तय किया था लेकिन हैदराबाद पहुंचते ही एक हादसा हो गया। ड्राइवर पूरी रात गाड़ी चलाने के कारण थका हुआ था जिस कारण कार अचानक एक भैंस से टकरा गई। किसी को चोट तो नहीं आई लेकिन कार काफी क्षतिग्रस्त हो गई। कार के मैकेनिक ने बताया कि इस गाड़ी को ठीक होने में कम से कम तीन दिन लगेंगे यानी जो यात्रा एक दिन फिल्म देखने के लिए तय की गई थी वह तीन दिन में पहुंच गई।

गुरुदत्त ने जब यह फिल्म देखी जिसका नाम मिसियम्मा था तो वह उनको पसंद नहीं आई। उन्हें लगा कि यह पूरी यात्रा तो बर्बाद गई और उन्हें कुछ प्राप्त नहीं हुआ। अब उनके पास दो दिन थे और एक चिंता कि इनको कैसे बिताया जाए। समय बिताने के लिए वह अपने एक फिल्म वितरक के ऑफिस जा पहुंचे। तभी उन्हें बाहर शोरगुल सुनाई दिया। गुरुदत्त ने बाहर देखा की बहुत सारे युवाओं ने एक चलती हुई कार को रोक लिया है। लड़की का नाम सुनकर गुरुदत्त थोड़ा चकित हुए और बोले यह तो मुस्लिम नाम है।

# सुदर्शन दिन

## विचार-प्रवाह

**अनादि वत्स**

**यह** तो नहीं पता कि उन छह दिनों ने मेरी जिंदगी में कितने बदलाव किए, लेकिन कुछ ऐसे अहसास जरूर कराए, जो शब्दों से परे हैं। अब तक की ज़िंदगी के सबसे खूबसूरत छह दिन, वो छह दिन जब मैंने अपने भीतर न जाने कब से दबे हुए कचरे को आंसुओं के जरिये बाहर निकलते महसूस किया, मन को पूरी तरह खाली हो जाते देखा, शरीर में हल्कापन पाया और सांसों की एक नई लय सुनी। छह दिनों के दौरान कोई मुश्किल नहीं, बंदिशों के नाम पर सिर्फ चाय/कॉफी और शराब से परहेज और अपेक्षा के नाम पर रोजाना महज तीन घंटे।

बात आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा संचालित सुदर्शन क्रिया की हो रही है। 2003 में एक नजदीकी रिश्तेदार ने सुझाया कि मुझे आर्ट ऑफ लिविंग का बेसिक कोर्स करना चाहिए, जिसमें योग और अध्यात्म के जरिये जीवन जीने की कला सिखाई जाती है। गुरुओं में तब कोई भरोसा न था, इसलिए मैंने रिश्तेदार की बात अनसुनी कर दी। लेकिन अचानक एक रात लगा कि चलो, करके देखते हैं।

तब बेसिक कोर्स छह दिन का होता था, मंगलवार से रविवार तक। मंगलवार से शनिवार तीन घंटे और रविवार को करीब छह घंटे। सुदर्शन क्रिया इसी कोर्स का हिस्सा है। खैर, एक मंगलवार बिना किसी पूर्वाग्रह के मैं दोपहर बाद 3 बजे आर्ट ऑफ लिविंग सेंटर पहुंच गया। रजिस्ट्रेशन काउंटर पर कुछ बेसिक बातें और नियम बताए गए।

हमारी एंट्री एक हॉल में हुई, जहां आध्यात्मिक गुरु श्रीश्री रविशंकर का एक फोटो लगा था और उसके पास एक शख्स बैठे थे।

## कार्टून वर्ल्ड

संक्रमण से बढ़ी सामाजिक दूरी...



साभार : कार्टून मूवमेंट

# गांव कभी बंद नहीं होता, शहर बंद तो भारत बंद होता है

**वीपी बैदिक**

## सामयिक

**भारत** बंद तभी माना जाता है, जब वह शहरों में दिखाई पड़े। गांव बंद रहें या खुले रहें, उससे कोई खास फर्क नहीं पड़ता। शहर जब सूनसान दिखाई पड़ते हैं और बाजार खाली रहते हैं, तब बंद को सफल माना जाता है लेकिन किसानों का यह बंद अब राजनीति का फुटबाल बनकर रह गया। देश के भाजपा शासित प्रांतों में इसे विफल और विरोधी प्रांतों में इसे सफल दिखाने की पूरी कोशिश की गई।

इसे दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि देश के वे राजनीतिक दल और नेता भी उन कृषि-कानूनों का आंख मींचकर विरोध कर रहे हैं, जो कल तक उसी तरह के सुझाव दिया करते थे और अपने चुनावी घोषणा-पत्रों में उसी तरह के कानून बनाने के वायदे किया करते थे। इसका अर्थ यह नहीं कि ये तीनों कृषि कानून निरापद हैं और इनमें सुधार की गुंजाइश नहीं है। इनमें सुधार की जरूरत निश्चय ही है लेकिन जो पार्टियां और नेता आज आंदोलन की बैलगाड़ी पर सवार होना चाह रहे हैं, उन्होंने अपनी असली हैसियत को उजागर कर दिया है।

विरोधी दलों के राजनीतिक दीवालियापन को इस किसान आंदोलन ने अनावृत्त कर दिया है। देश के विरोधी दलों के पास न तो कोई ऐसा नेता है, न मुद्दा है जो भाजपा या नरेंद्र मोदी को चुनौती दे सके। देश के दर्जन भर दलों ने अब अपनी बुझे हुए कारतूसों की बंदूक किसानों के कंधे पर रख दी है।

इस किसान आंदोलन की इस बात के लिए तारीफ करनी होगी कि उसने राजनेताओं को अपने मंच पर पसरने नहीं दिया। लेकिन आश्चर्य है कि जब 9 दिसंबर को फिर से सरकार और किसान नेताओं का संवाद तय हो गया था तो 8 दिसंबर को भारत बंद का नारा क्यों दिया गया ? हो सकता है कि किसान नेताओं को कुछ विघ्नसंतोषी राजनेता गुपचुप प्रेरित कर रहे हों या किसान नेता वार्ता के पहले सरकार पर दबाव बनाना चाहते हों। किसानों का यह आंदोलन इसलिए भी प्रशंसनीय है कि पूरे देश में उन्होंने कहीं भी तोड़-फोड़ या हिंसा का सहारा नहीं लिया। कुछ शहरों में जो हाथापाई और धक्का-मुक्की की घटनाएं घटी हैं, वे भी प्रतिस्पर्धी राजनीतिक दलों के बीच घटी हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की कथित नजरबंदी और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की गिरफ्तारी भी अनावश्यक प्रतीत होती है।

भारत बंद की अवधि पूरी होते-होते यह खबर भी आई कि गृहमंत्री अमित शाह ने कुछ किसान नेताओं को बातचीत के लिए अपने घर पर आमंत्रित किया है। यहां यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि जो किसान-नेता कृषि मंत्री नरेंद्र तोमर के साथ मिलते रहे हैं, उन सभी को अमित शाह ने क्यों नहीं बुलाया ? उनमें से कुछ को क्यों छोड़ दिया ? क्या किसान नेता अपने आप में बंटे हुए हैं या सरकार उनमें फूट डालने का दांव मार रही है ?

भारत बंद के बावजूद सरकार किसानों से बात करने को तैयार है, इससे साफ जाहिर होता है कि सारा मामला अभी अंधेरी सुरंग में नहीं पहुंचा है। सच्चाई तो यह है कि देश के 40-50 करोड़ किसानों की दशा अत्यंत दयनीय है। उन्हें टेका लगाने में भाजपा सरकार ने कोई कमी नहीं रखी है। उन्हें तरह-तरह के फायदे और सुविधाएं पिछले छह साल में वह देती रही है लेकिन आज भी हमारा किसान दुनिया के दर्जनों देशों के किसानों की तुलना में चार-छह गुना ज्यादा गरीबी में गुजारा करता है। न्यूनतम समर्थन मूल्य तो सिर्फ 6 प्रतिशत किसानों को मिलता है। 94 प्रतिशत किसान खुले बाजार में अपना माल बेचते हैं। वर्तमान किसान आंदोलन की रीढ़ समर्थन मूल्य वाला मालदार किसान ही है। वह ही सबसे ज्यादा घबराया हुआ है।

# संकट में आ सकता है देश का बिजली क्षेत्र

**वीणा मणि**

## आर्थिक

**बिजली** क्षेत्र में 80,000 मेगावॉट क्षमता के चल रहे या निमार्णाधीन उत्पादन संयंत्र विभिन्न वजहों से दबाव में आ सकते हैं। पिछले महीने आई भारतीय रिजर्व बैंक की अधिसूचना के बाद उनकी उधारी दिवालियेपन की ओर बढ़ सकती है। बहरहाल विश्लेषक बिजली क्षेत्र की अलग प्रवृत्ति को लेकर चिंतित हैं, जो स्टील क्षेत्र की तुलना में अलग है। अगर बिजली क्षेत्र में यह संपत्तियां फंसती हैं तो बड़े कारोबारियों के आने की संभावना कम हो सकती है।

कोयले की आपूर्ति कम होने, दीर्घावधि बिजली खरीद समझौते (पीपीए) न होने, बिजली वितरण कंपनियों से प्राप्त होने वाले बकाये के मिलने में देरी और नियामकीय आदेश में देरी ऐसी वजहें हैं जिससे ये परियोजनाएं फंस सकती हैं और नया प्रबंधन स्थिति में बहुत ज्यादा बदलाव नहीं कर सकता। 80,000 मेगावॉट में से 20,000 मेगावॉट से ज्यादा क्षमता के लिए करीब 1,000 अरब रुपये का निवेश हुआ है और जरूरी ईंधन आपूर्ति समझौते के साथ दीर्घावधि पीपीए हुआ है, लेकिन विभिन्न क्षेत्रो से जुड़ी वजहों से कर्जदाताओं का बकाया है।

स्टील क्षेत्र में तहां दबाव में पड़ी संपत्तियों में निजी इक्विटी कंपनियां और प्रतिस्पर्धी कंपनियां जैसे जेएसडब्ल्यू, आर्सेलर मित्तल, वेदांता और टाटा स्टील बोली लगा रही हैं, वहीं बिजली क्षेत्र में ज्यादातर निजी कंपनियां दबाव में हैं। दिवालिया समाधान प्रक्रिया से गुजर रही बिजली कंपनियों में से एक के साथ काम कर रहे इंसॉल्वेंसी के एक पेशेवर ने क हा कि परियोजना पूरी करने की लागत इतनी ज्यादा है कि कोई भी इन संपत्तियों में हाथ नहीं लगाना चाहता। यहां तक कि इन कंपनियों के प्रवर्तक भी संभवतः पिछले साल के अध्यादेश की बाध्यता के चलते बोली नहीं लगा सकेंगे, जिसमें खराब कर्ज वाले प्रमोटरों को बोली से बाहर रखा गया है।

स्टील क्षेत्र में बोली लगा रही हर कंपनी अपनी क्षमता बढ़ाने के लिए बोली लगा रही है और उसे मांग बढ? की संभावना है। बिजली और स्टील दोनों ही क्षेत्रों में मांग में बढ़ोतरी कम रही है, लेकिन बिजली क्षेत्र की समस्या ज्यादा जटिल है क्योंकि यह राज्य सरकारों से जुड़ी है और नियमन के दायरे में आती है।

वीसा पावर, जिसका कुल दावा करीब 17 अरब रुपये का है, के मामले को देख रहे एक सूत्र ने कहा कि दीवालिया पेशेवर सलाहकारों को यह जांच करने में लगा रहे हैं कि लंबित परियोजनाएं पूरी की जा सकती हैं या नहीं। हर हाल में व्यवहार्यता अध्ययन किया जा रहा है। इसके अलावा आईपी कंपनी को चलाने की योजना पर काम करेंगे और बोली का दायरा भी तैयार किया जाएगा। दिलचस्प है कि समाधान प्रक्रिया में चल रही बिजली कंपनियों में सरकारी कंपनी तेलंगाना स्टेट नॉर्दर्न पावर कंपनी लिमिटेड शामिल है। इसकी समाधान प्रक्रिया जनवरी 2018 में शुरू हुई।

स्टील क्षेत्र में प्रमोटर अपनी संपत्ति की बिक्री को लेकर निश्चिंत हैं और जब तक अध्यादेश उन्हें रोकता नहीं है, वे अपनी कंपनी के लिए बोली लगा सकते हैं, वहीं करीब 25,000 मेगावॉट क्षमता की संकटग्रस्त ताप बिजली कंपनियां दिवाला एवं दीवालियापन संहिता (आईबीसी) के दायरे से बाहर हैं। बिजनेस स्टैंडर्ड ने हाल ही में खबर प्रकाशित की थी कि इन संपत्तियों के खरीदार नहीं मिल रहे हैं।

## लेटर टू एडिटर

### मंशा पर संदेह

**केंद्र** सरकार के कृषि सुधार कानून लागू करने के प्रयासों और किसानों के विरोध की असलियत बताने वाला था। इस बात से सहमत हुआ जा सकता है कि भले ही केंद्र सरकार की मंशा भली हो लेकिन जिस तरह आनन-फानन में इन कानूनों को अध्यादेश के जरिये कोरोना संकट के दौरान लाया गया और जिस तरह राज्यसभा में पारित किया गया, उसने कई सवाल खड़े किये। **– मधुसूदन जमशेदपुर**

### भविष्य अंधकारमय

**खोखली** हुई कांग्रेस का पतन भी तय है। नेहरू आदि कुछ नेताओं का आचरण देखकर महात्मा गांधी को कांग्रेस के पतन का अहसास हो गया था। इसीलिए महात्मा गांधी ने विचार रखा था कि कांग्रेस को खत्म कर देना चाहिए। कांग्रेस की वर्तमान दुर्दशा देखकर गांधी जी की इच्छा पूर्ण होती प्रतीत हो रही है। कांग्रेस का कोई भविष्य नहीं है। कांग्रेस का संभलना देश हित में है।

**– अनिल शर्मा, रांची**


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### कार्तिक पूर्णिमा पर ठेठ नागपुरी 27 को

**जारी।** प्रखंड के जरडा पंचायत के हुटार में कार्तिक पूर्णिमा पर 27 नवंबर को रंगारंग ठेठ नागपुरी कार्यक्रम रखा गया है। समिति के अध्यक्ष बिलन भगत, सचिव शिवकुमार भगत व कोषाध्यक्ष सिकंदर नगेसिया ने बताया कि हुटार में प्रत्येक वर्ष कार्तिक पूर्णिमा पर रंगारंग सास्कृतिक कार्यक्रम होता है। इस वर्ष भी कार्यक्रम रखा गया है। जिसमें ठेठ नागपुरी कलाकार सुलोचना देवी, सहदेव बड़ाईक, भरत सिंह, जीवंती देवी, बेला कुमारी, राजमुनी कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, डांसर राधा कुमारी, दिलेंदर विश्वकर्मा दर्शकों को झुमायेंगे।

### राजद ने मनाया राज्य स्थापना दिवस

**लोहरदगा।** झारखंड राज्य स्थापना दिवस को लेकर जिला राष्ट्रीय जनता दल के जिलाध्यक्ष सुनील मेहता ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। मौके पर धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। साथ ही जिला मे राष्ट्रीय जनता दल संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया गया। मौके पर जिला अध्यक्ष सुनील मेहता, कायम अंसारी, जमरूद्दीन अंसारी, सहीमुद्दीन अंसारी, शमशेर अंसारी, महेश्वर, सरवन तिर्की, कुलदेव, मंजूर अंसारी, विजय बहादुर, कलम पाशा आदि उपस्थित थे।

### छठव्रतियों को दी गयी छठपूजन सामग्री



**कैरो।** प्रखंड मुख्यालय के आसपास के छठव्रतियों को सूप, गेंहू, नारियल आदि सामग्रियों व पूजन राशि का वितरण कैरो उपमुखिया सह समाजसेवी रवि प्रजापति ने दिया। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी आस्था का महापर्व छठ पर उपमुखिया ने व्रतियों को छठ पूजन सामग्री दी। उन्होंने कहा छठ महापर्व इस क्षेत्र में वृहत रूप से बड़ी आस्था और विश्वास के साथ मनाया जाता है। यह पवित्रता का बहुत बड़ा त्योहार है। मौके पर कृष्णा साहू, संजय साहू, रामप्रसाद पाल, रंजीत प्रजापति, धीरज कुमार, सुरेन्द्र रविदास, दिलीया भगत, विजय राम थे।

### तीन को होगी नियुक्ति की दक्षता परीक्षा



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में गुरुवार को मनरेगा अंतर्गत संविदा आधारित नियुक्ति हेतु आवश्यक तैयारियों को लेकर बैठक की गयी। इसकी दक्षता परीक्षा 03 दिसंबर को नदिया हिंदू +2 सीएम उत्कृष्ट विद्यालय, लोहरदगा में कराने का निर्णय लिया गया। परीक्षा ओएमआर शीट पर होगी जिसमें सभी प्रश्नों के उत्तर वैकल्पिक होंगे। बैठक में डीडीसी जय ज्योति सामंता, एसडीओ अमित कुमार, एसी सौरभ कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी, श्रम अधीक्षक, कार्यपालक अभियंता पथ, कार्यपालक अभियंता एनआरईपी, परियोजना पदाधिकारी डीआरडीए समेत अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### सेना के जवान स्व सुनील लकड़ा के आश्रित को अनुकंपा पर मिली नौकरी



**गुमला।** गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग झारखण्ड रांची से प्राप्त निर्देश के अनुसार कर्तव्य निर्वहनरत सेना के जवान स्व सुनील लकड़ा हवलदार 03 बिहार रेजिमेंट की आश्रिता पत्नी मधुवाणी लकड़ा को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति हेतु स्वीकृति दी गयी है। जिसके तहत गुरुवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने अपने कार्यालय कक्ष में मधुवाणी लकड़ा को अपने हाथों से नियुक्ति प्रमाण पत्र दिया एवं उनके आने वाले भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। उक्त के आलोक में मधुवाणी लकड़ा को अनुमंडल कार्यालय गुमला में तृतीय वर्ग (लिपिक) के पद पर पदस्थापित किया गया है। साथ ही उन्हें सरकार के द्वारा निर्धारित वेतन भत्ता के अतिरिक्त समय-समय पर स्वीकृत जीवन यापन भत्ता एवं अन्य भत्ते भी देय होंगे।

### बिरसा मुंडा को कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि

**गुमला।** झारखंड के 23वां स्थापना दिवस एवं बिरसा जयंती के उपलक्ष्य में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। साथ ही झारखंड स्थापना दिवस पर समस्त झारखंड वासियों को बधाई देते हुए प्रदेश सचिव श्री रमेश कुमार चीनी ने कहा कि हम सब को भगवान बिरसा मुंडा के बलिदान व त्याग को अपनाकर हम सबों को भी त्याग व समर्पण कर जनसेवा करना है एवं समाज को संगठित करना है। कार्यक्रम में प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी, प्रदेश प्रतिनिधि राजनील तिग्गा, जिल महासचिव संतोष कुमार गुप्ता, जिला महासचिव निशांत दुबे, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष अमृता भगत, युवा कांग्रेस प्रदेश को-ऑर्डिनेटर रोहित उरांव, जिला महासचिव रामनिवास प्रसाद, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष रूपेश कुमार सनी, अमर प्रदीप कुजुर, युवा उपाध्यक्ष जय सिंह, अरुण गुप्ता एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### सैकड़ों लीटर जावा महुआ जब्त, नष्ट



**चैनपुर।** चैनपुर पुलिस ने गुरुवार को मुख्यालय के विभिन्न जगहों पर अवैध महुआ शराब को पकड़ने के उद्देश्य से छापेमारी की है। इस दौरान कई घरों से जावा महुआ व महुवा शराब को जब्त कर उसे मौके पर नष्ट किया गया। इसके अलावा शराब विक्रेताओं को सख्त चेतावनी देते हुए आगे से शराब ना बनाने की हिदायत दी गयी। बताते चलें कि चैनपुर प्रखंड क्षेत्र में आये दिन शराब के कारण सड़क दुघर्टनाएं होती हैं। विशेषकर युवा वर्ग शराब के लत में पड़ता जा रहा है ये काफी चिंताजनक बात है। खासकर गुरुवार को लगने वाले साप्ताहिक बाजार के दिन अवैध महुआ शराब की धलड़े से बिक्री की जाती है।

### सरना झंडा गड़ी सह प्रार्थना सभा संपन्न



**घाघरा।** प्रखंड के इचा जुहा पतरा में सरना झंडा गड़ी सह प्रार्थना सभा कार्यक्रम गुरुवार को किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अध्यक्ष बलकु उरांव, पूर्व मुखिया आदित्य भगत थे। मौके पर बलकु उरांव ने कहा कि सरना प्रार्थना सभा आयोजित होने से समाज में एकजुटता आती है। पूर्व मुखिया आदित्य भगत ने कहा कि हमारा समाज प्राकृतिक का उपासना करता है। बच्चों में संस्कार युक्त शिक्षा देने का समाज को प्रेरित किया और नशा पान से दूर रहने की अपील की।

## नहाय खाय के साथ सूर्योपासना का महापर्व छठ आज से शुरू

खबर मन्त्र संवाददाता



**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र में नहाय खाय के साथ सूर्योपासना का चार दिवसीय छठ महापर्व आज से शुरू हो जायेगा। लोक आस्था का सबसे बड़ा पर्व को लेकर व्रतियों ने तैयारी शुरू कर दी है। प्रखंड मुख्यालय के अलावे पंचायत गांव के विभिन्न छठ घाटों की साफ सफाई हो गयी है। विदित हो कि शनिवार शाम को खीर भोजन तथा रविवार शाम को अस्ताचलगामी भगवान भुवन भास्कर को प्रथम अर्घ्य तथा सोमवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य दिया जायेगा। इसके साथ ही छठ का समापन होगा। छठ को लेकर गेहूं, सुप, दौरा, कतारी, कद्दू समेत अन्य पूजन सामग्री लेने में लोग व्यस्त हैं। वहीं सेन्हा में मां अंबे व्यावसायिक संघ गुरुवार को मेन रोड स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में बांधटोली, अरु, झलजमीरा, लोहरदगा, सेन्हा, बरवाटोली के छठव्रतियों के बीच लाल गेहूं बांटा। संघ के अध्यक्ष जोधनरायन साहु ने कहा कि प्रत्येक वर्ष छठ महापर्व पर संघ लाल गेहूं का वितरण किया जाता है। जिससे छठव्रतियों को गेहूं के लिए परेशानी न हो।

# कलम के सिपाही बनें और जनता के हित के लिए पत्रकारिता करें पत्रकार : अध्यक्ष

गुमला में मना प्रेस दिवस

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** प्रेस क्लब गुमला के द्वारा गुरुवार को सूचना भवन स्थित कार्यालय में राष्ट्रीय प्रेस दिवस मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रेस क्लब के कार्यकारी अध्यक्ष अश्विन कुमार दास ने की। मौके पर श्री दास ने कहा कि गुमला जिले में कागजों पर जरूर विकास के दावे ठोके जा रहे हैं।

परंतु धरातल पर सरकार की योजना व विकास योजनाओं की स्थिति खराब है।



बैठक में शामिल प्रेस क्लब के सदस्य।

वर्तमान समय में गुमला में कई अधिकारी सिर्फ अपना स्वार्थ देख रहे हैं, इसलिए जरूरी है आज प्रेस दिवस पर हम सभी संकल्प लें कि विकास योजनाओं की हकीकत खबरों के माध्यम से प्रस्तुत किया जाये। ताकि जनता की समस्याओं का निदान हो सके। जिला उपाध्यक्ष सुशील सिंह ने कहा है कि गुमला में अगर हम पत्रकारिता की बात करें तो आज से दो-तीन साल पहले पत्रकारिता की तूती बोलती थी। जनमुद्दों पर खबर छपते ही तुरंत कार्रवाई होती थी। समस्या भी दूर किया जाता था। परंतु अब अधिकारी काम से ज्यादा हवा हवाई दिखाने में आगे हैं। इसलित जनता के मुददे गौण होते जा रहे हैं। प्रशासन हकीकत देखना नहीं चाहता। बस वह अपनी बात रखना जनता है। पत्रकारों को एकजुट होकर अपनी बातों को उचित प्लेटफार्म में रखना चाहिए।

**क्या बोले कोषाध्यक्ष :** क्लब के कोषाध्यक्ष दीपक राम काजू ने कहा है कि प्रेस क्लब ठंड को देखते हुए गरीबों के बीच कंबल का वितरण किया जाये। इस अवसर पर मुकेश सोनी, किशोर जायसवाल, अनिल सिंह, दीपक गुप्ता, आरिफ हुसैन अख्तर, रूपेश भगत ने कहा है कि पत्रकारों को एकजुट होकर रहने की जरूरत है। अगर आप अगल-अलग रहेंगे तो इसका गलत संदेश जायेगा। साथ ही जो भ्रष्ट अधिकारी हैं। वे पत्रकारों के मनमुटाव का फायदा उठायेंगे।

**ये भी रहे उपस्थित :** बैठक में सुशील सिंह, अफताब अंजुम, दीपक वर्मा, दीपक गुप्ता, मुकेश सोनी, किशोर कुमार, मुकेश कुमार, नरेश जायसवाल, गणपत चौरसिया, आरिफ हुसैन, जॉली विश्वकर्मा, अंकित चौरसिया, रूपेश भगत, गुडडू चौरसिया, अंकित विश्वकर्मा सहित कई लोग थे।

# राज्यपाल आज गुमला में

## बदरी स्कूल मैदान में आयोजित कार्यक्रम में लेंगे भाग

- कार्यक्रम की तैयारी का डीसी व एसपी ने किया निरीक्षण, दिये निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता



कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते डीसी व एसपी।

**घाघरा।** प्रखंड के बदरी स्कूल मैदान में 17 नवंबर को होने वाले कार्तिक उरांव स्मृति जतरा सह खेलकूद प्रतियोगिता कार्यक्रम में महामहिम राज्यपाल के शामिल होने के पूर्व कार्यक्रम की तैयारी को लेकर उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी व पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। इस दरम्यान सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपनी-अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाते हुए मुस्तैद रहेंगे।

साथ ही आयोजन समिति के लोगों को कई त्रुटियां को सुधार करने का भी निर्देश दिया। उपयुक्त कर्ण सत्यार्थी ने मौके पर कहा कि राज्यपाल के आगमन के मद्दे नजर विधि व्यवस्था और सुरक्षा दृष्टिकोण से सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। आपात स्थिति से निपटने के लिए हर वक्त हमारे पुलिस अधिकारी और जवान तैनात रहेंगे।

उन्होंने आम लोगों से अपील किया है कि कार्यक्रम को सफल बनाने में बेहतर तरीके से सहयोग करेंगे ताकि इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाया जा सके। मौके पर मुख्य रूप से डीटीओ विजय सिंह बेरवा, एसडीएम राजीव नीरज, एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल, बिशनपुर अंचल अधिकारी धनंजय पाठक बिशनपुर बीडीओ चंदा भट्टाचार्य घाघरा, बीडीओ दिनेश कुमार, महेंद्र भगत, भिखारी भगत, तंबू उरांव, कृष्ण लोहारा, संजय पांडे, बिनोद साहू, आनंद डुंगडंग, विनोद महतो, प्रवीण कुमार, नीरज सिंह, विकास कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

# पत्रकारिता के उच्च मापदंडों को अपनाने की जरूरत : डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण

## पत्रकारिता में सही और तथ्य की पुष्टि कर समाचार जारी करना बहुत जरूरी : एसपी

खबर मन्त्र संवाददाता



पत्रकार को सम्मानित करते डीसी-एसपी।

**लोहरदगा।** राष्ट्रीय प्रेस दिवस के मौके पर सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय (सूचना भवन) स्थित सभागार में सेमिनार-सह-संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और विशिष्ट अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि आजादी के आंदोलन में पत्रकारिता की भूमिका रही। आंदोलन के दौरान महात्मा गांधी, बाल गंगाधर तिलक, न्यायमूर्ति राणाडे, आगरकर जी ने अपने-अपने तरीके से पत्रकारिता के जरिये आंदोलन को मजबूती दी। उस समय जिस मापदण्ड को पत्रकारिता के जरिये पत्रकारों ने स्थापित किया था वह बहुत उच्च स्तर का था। वर्तमान में उसी मापदंड को अपनाने की जरूरत है। वर्तमान समय में पत्रकारों को पुराने पत्राकारों के लिखे लेखों को पढ़ना चाहिए ताकि इससे लेखन शैली को और सुधारने में मदद मिलेगी। समाचार-पत्रों के जरिये उन्होंने पत्रकारिता को मजबूत बनाया। पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है। आज निष्पक्ष पत्रकारिता की आवश्यकता है। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमाँ ने कहा कि पत्रकारिता में सही और तथ्य की पुष्टि कर समाचार जारी करना बहुत जरूरी है। आज प्रतियोगिता का जमाना है लेकिन इस वजह से किसी समाचार को बिना सत्यापन जारी नहीं कर देना है।

## डीलर से कम राशन मिलने को लेकर ग्रामीणों ने उपायुक्त को दिया ज्ञापन

खबर मन्त्र संवाददाता

**कुडू, लोहरदगा।** कुडू प्रखंड अंतर्गत कोलसिमरी पंचायत के बारडीह गांव में कर्मा महिला मंडल के अध्यक्ष विनीता भगत के ऊपर राशन कम देने का इल्जाम लगाते हुए ग्रामीणों ने लोहरदगा उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीणों का कहना है की उन्हें राशन में चावल दो से चार किलो कम दिया जाता है जिसके बारे में विरोध करने पर विनीता भगत एवं कर्मा महिला मंडल के सदस्यों ने उनके साथ गलत गलत व्यवहार करते है। सही समय पर राशन भी नही दिया जाता। आवेदन में बताया गया है की अंतोदय कार्ड धारियों और लाल कार्ड धारियों को अगस्त माह में 17 किलो से 20 किलो ही राशन दिया गया, हरा कार्ड धारियों को ढाई किलो दिया गया, राशन दुकान माह में सिर्फ साथ दिन ही खुलता है इस बीच अगर कोई राशन नहीं ले पाया तो उन्हे राशन नहीं दिया जाता, किराशन तेल सात महीनों से नही दिया गया है। मामले को लेकर राशन डीलर विनीता भगत ने कहा कि उन्हें ही कम राशन दिया जाता है। प्रति बोरी एक से दो किलो राशन कम रहता है। अगर राशन उन्हें सही मात्रा में मिले तो वो लाभुको को सही मात्रा में राशन मुहैया करायेगी। मामले को लेकर एम ओ संदीप तिर्की ने बताया कि इस तरह का कोई मामला नहीं है।

## बज्म ए रब्बानी कमेटी गुमला का सत्र 2023-24 का वार्षिक चुनाव संपन्न

>> पुरानी कमेटी को ही सर्वसम्मति से रखा गया यथावत

खबर मन्त्र संवाददाता



**गुमला।** खानकाहे मशाएख-ए-रब्बानिया के तत्वाधान में बज्म-ए-रब्बानी कमेटी गुमला का सत्र 2023- 24 का वार्षिक चुनाव शमीम रब्बानी के आवास आजाद बस्ती में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता खानवादे रब्बानीया के पीरे तरीकत आले रसूल अल्हाज सैयद अहमद रब्बानी साहब और पीरे तरीकत आले रसूल अल्हाज सैयद मुफ्ती अमजद रब्बानी साहब ने की। जिसमें 2022-23 की कमेटी के सभी पदधारियों को 2023-24 के लिए यथावत रख चुनाव कराया। कमेटी के सचिव मो अमीर रब्बानी ने बीते कार्यकाल में शिक्षा स्वास्थ्य व समाज सेवा के क्षेत्र में कमेटी के कार्यों की जानकारी दी। शिक्षा को बढ़ावा देने को पठन सामग्री वितरण, समाज सेवा के क्षेत्र में रक्तदान और असहाय लोगों को आर्थिक सहयोग किया गया।

### मासूम से दुष्कर्म के आरोपी को भेजा गया जेल



**गुमला।** पांच वर्षीय मासूस बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी सुजीत उरांव उर्फ भंडरा को गिरफ्तार कर गुरुवार को गुमला पुलिस ने जेल भेज दिया। गुमला थाना में प्रेस कान्फ्रेंस कर थाना प्रभारी बिनोद कुमार ने बताया कि 16 नवंबर को आरोपी ने बच्ची को अपने घर के कमरे में ले जाकर कमरा बंद कर घटना को अंजाम दिया। जिसको लेकर पीड़िता की मां के द्वारा गुमला थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराया गया। पुलिस ने मामले पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। छापामारी अभियान में थाना प्रभारी बिनोद कुमार, पुअनि इंद्रजीत कुमार, पुअनि सुदामा राम, पुअनि रवि शंकर कुमार व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### छतीसगढ़ बॉर्डर पर गुमला पुलिस ने की वाहन जांच



**जारी।** छतीसगढ़ राज्य में होने वाले विधान सभा चुनाव को लेकर गुरुवार को झारखंड-छतीसगढ़ की सीमा पर गुमला पुलिस के द्वारा विशेष वाहन जांच अभियान चलाया गया। जहां जारी थाना क्षेत्र के गोविंदपुर से दरगाह और कमालपुर से जशपुर तक चेक पोस्ट बनाकर चैनपुर सर्किल इंस्पेक्टर बैजू उरांव और जारी थाना प्रभारी मनीष कुमार ने गहन वाहन जांच अभियान चलाया। इसके तहत सभी दो पहिया वाहन, चार पहिया वाहन और अन्य बड़े वाहनों को रोककर गहनता से जांच की गई। जांच के क्रम में किसी भी प्रकार का आपत्तिजनक वस्तु या अन्य चीज बरामद नहीं हुआ। सर्किल इंस्पेक्टर बैजू उरांव ने बताया कि यह जांच आगे भी जारी रहेगा।

## सड़क दुर्घटना में घायल युवक गंभीर स्थिति में रांची रेफर

खबर मन्त्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा।** थाना क्षेत्र के लोहरदगा घाघरा मुख्य पथ पर रामनगर पेट्रोल पंप के समीप देर शाम बाइक सवार युवक को अज्ञात टेंपो ने अनियंत्रित हो टक्कर मार दिया। जिससे युवक को अंदरूनी एवं बाहरी गंभीर चोटें आयी है। स्थानीय लोगों ने बताया कि बाइक चालक लोहरदगा की ओर से जेएच 01 ई वाई 2834 अपनी बाइक से घाघरा की ओर जा रहा था, उसी क्रम में अज्ञात टेम्पू ने टक्कर मार दी। वहीं घायल की पहचान घाघरा थाना क्षेत्र के चुमनु निवासी कुरचू उरांव का 28 वर्षीय पूत्र सतीश उरांव के रूप में किया गया है। युवक हेलमेंट पहन कर वाहन चला रहा था। जिसके कारण सर में चोट नहीं लगने की बात बतायी जा रही है। घायल युवक का सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा में प्राथमिक उपचार के पश्चात बेहतर इलाज हेतू सदर अस्पताल लोहरदगा भेजा गया। जहां से इलाज के उपरांत बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स भेजा गया है।

### बाइक से गिरकर तीन युवक घायल

**चैनपुर।** चैनपुर मुख्यालय के अस्पताल रोड के समीप बाइक से गिरकर गुरुवार को तीन युवक घायल हो गये। तीनों को चेहरे में चोट लगी है। घायलों में कांसीर के जितवाहन सिंह (17), नेहनु कुमार (14) एवं पवन सिंह (19) के नाम शामिल हैं। तीनों युवक बाइक से कांसीर से मडयकोना गांव जा रहे थे। तभी कुरूमगढ़ रोड स्थित आनंदपुर के समीप अनियंत्रित होकर गिर पड़े। जिसके बाद पुलिस एवं स्थानीय लोगों की मदद से तीनों घायलों को चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

## छठ घाटों की सफाई को ले प्रखंड प्रशासन उदासीन

- कमेटी के लोगों ने कहा नहीं मिला कोई सहयोग

खबर मन्त्र संवाददाता



**घाघरा।** घाघरा मुख्यालय के छठ घाटों में साफ सफाई को लेकर प्रखंड प्रशासन उदासीन रवैया अपना रही है। छठ पूजा समिति चांदनी चौक छठ नगर घाघरा के सदस्यों ने बताया कि छठ पूजा की शुरुआत शुक्रवार से नहाए खाए के साथ होगी। लेकिन अब तक प्रखंड प्रशासन द्वारा छठ घाटों के साफ सफाई को लेकर पूरी तरह उदासीन दिख रही है। अब तक कोई भी पहल नहीं की गई है। बता दे की नदी सिमटते जा रही है और कई जगह पर घाटों में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। बावजूद इस ओर कोई पहल नहीं किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। क्योंकि हिंदुओं के सबसे बड़ा महापर्व छठ पूजा होती है।

### पार्टी ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, उस पर खरा उतरने का करेंगे प्रयास : प्रदेश सचिव रौनक इकबाल



**लोहरदगा।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के नवनियुक्त सचिव रौनक इकबाल अंसारी ने कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय चेयरमैन सांसद इमरान प्रतापगढ़ी, प्रदेश के प्रभारी उमेर खान, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उमेर खान, झारखंड प्रदेश अल्पसंख्यक कांग्रेस के अध्यक्ष हाजी मंजूर अंसारी, प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर के प्रति आभार व्यक्त किया है। कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेवारी मुझे सौंपी है, उस पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। कहा कि कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग को नई बुलंदियों पर पहुंचा कर सोनिया गांधी, राहुल गांधी और झारखंड कांग्रेस के सभी वरिष्ठ नेताओं से पार्टी हित में जो जिम्मेदारी मिलेगी, उसे पूरा करूंगा।

# महापुरुषों के उपदेश को अपनाकर उनके बताये मार्ग पर चलें : बीडीओ

- रायडीह प्रखंड के केमटे पंचायत में वनवासी कल्याण केंद्र के द्वारा मनाया गया जनजातीय गौरव दिवस

खबर मन्त्र संवाददाता



कार्यक्रम में शामिल लोग।

**गुमला।** वनवासी कल्याण केन्द्र गुमला के तत्वावधान में रायडीह प्रखण्ड के केमटे पंचायत के लाटू चारटोली गांव में जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम धूमधाम के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रखण्ड विकास पदाधिकारी श्री अमित कुमार मिश्रा एवं मुख्य वक्ता सत्येन्द्र सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वनवासी कल्याण आश्रम शामिल हुए। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ अतिथियों नेधरती आबा भगवान बिरसा मुंडा, वनवासी कल्याण आश्रम के संस्थापक पूज्य बाला साहब देश पांडेय, मां भारती, भगवान श्री राम एवं श्रद्धेय जगदेव राम उरांव आदि के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित एवं पुष्पार्चन कर किया। मौके पर मुख्य वक्ता सत्येन्द्र सिंह ने जनजाति महापुरूषों के जीवनी एवं देश, धर्म, संस्कृति तथा समाज हित में किये गये उन महापुरूषों के कार्यो के बारे में विस्तृत जानकारी दिये तथा जनजाति गौरव दिवस हम सबके लिए स्वाभिमान, हमारी अस्मिता एवं श्रद्धा का विषय बताया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रखण्ड विकास पदाधिकारी श्री अमित कुमार मिश्रा ने कहा कि आज का दिन हम सब के लिए गौरव का दिन है। आज के दिन ही हमें भगवान बिरसा मुण्डा के स्मृति में झारखण्ड राज्य मिला है। हमें अपने महापुरूषों के उपदेशों तथा उनके बताये बातों पर चलने की जरूरत है। उन्होंने सरकार द्वारा संचालित लाभकारी योजनाओं के बारे में भी जानकारी दिये। वंड के प्रान्त संगठन मंत्री देवनंदन सिंह ने विषय प्रवेश कराया।

# लोगों के बीच आपसी भाईचारगी को प्रगाढ़ करता है खेल : सुखदेव भगत

- रामपुर में आयोजित दो दिवसीय सद्भावना डे नाइट मैच में कचमची फुटबॉल टीम हुआ चैंपियन

खबर मन्त्र संवाददाता



पुरस्कृत करते अतिथि।

**लोहरदगा।** सदर प्रखंड के ग्राम रामपुर में नौवीं दो दिवसीय सद्भावना डे नाइट फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया जिसका फाइनल मैच कचमची लोहरदगा बनाम इटकी रांची के बीच खेला गया। जिसमें कचमची 1-0 से चैंपियन हुआ। इस टूर्नामेंट के समापन समारोह में लोहरदगा के पूर्व विधायक सह जिला फुटबाल संघ के अध्यक्ष सुखदेव भगत बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए जिनका आयोजन समिति की ओर से गर्म जोशी के साथ इस्तकबाल किया गया। फाइनल मैच प्रारंभ होने से पूर्व मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। परितोषित वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुखदेव भगत ने सबसे पहले आयोजन समिति को भव्य सद्भावना फुटबॉल टूर्नामेंट कराने हेतु बधाई दी और कहा कि खेल आपसी भाईचारगी को प्रगाढ़ करता है। फुटबॉल खेल में जीवन का फलसफा समाहित है। फुटबॉल दुनिया का सबसे लोकप्रिय खेल है हमारे क्षेत्र में फुटबॉल खेल के प्रति लोगों में जुनून है। खेल से भी हम अपने जीवन के लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। झारखंड से भी काफी खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय स्तर पर हुआ है। खेल के माध्यम से आगे बढ़ने के लिए हमें पूरी प्रतिबद्धता एवं अनुशासन में रहकर खेलना होगा। लोहरदगा जिला में सैकड़ों फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन होता है।

## स्पीड न्यूज

### छठ घाट पर चलाया गया सफाई अभियान



**कुन्दा (चतरा)।** छठ पूजा को लेकर गुरुवार को कुंदा मुखिया सह महादेव मठ पूजा समिति अध्यक्ष मनोज कुमार साहु के नेतृत्व में महादेव मठ छठ घाट की साफ-सफाई किया गया।वही साथ में गांव के कई ग्रामीणों ने भी छठ घाट के अलावे मंदिर परिसर में साफ सफाई किया।छठ व्रतियों को छठ घाट पहुँचने में परेशानी ना हो इसे लेकर सड़क के किनारे लगे झाड़ी को हटाने के साथ ही सड़क को समतलीकरण किया गया। मौके पर मुखिया ने कहा कि इस बार कम वर्षा होने के कारण छठ घाट परिसर में पानी की समस्या है तत्काल नल जल के माध्यम से पेयजलापूर्ति की व्यवस्था की गई है। मुखिया ने आगे कहा कि छठ व्रतियों को पूजा के दौरान किसी भी तरह के परेशानी न हो इसे लेकर हर सुविधा का ख्याल रखा गया है लाइट, टेंट व साउंड की व्यवस्था भी करायी गयी है। घाट की सफाई में मौके पर रविशंकर वर्मा, सुनील गुप्ता, छोटू, बंटी, गुड्डु, सुधीर, कुंदन, प्रिंस, रघुनाथ सिंह समेत कई लोगों ने अहम भूमिका निभाई।

### मंत्री सत्यानन्द भोगता ने छठ तालाब का लिया जायजा



**चतरा।** राज्य के मंत्री सत्यानन्द भोगता गुरुवार को चार दिवसीय दौरे पर चतरा पहुँचे। इस दौरान मंत्री श्री भोगता ने चतरा नगरपरिषद क्षेत्र में हेरु नदी छठ घाट, छठ तालाब घाट, कठौतिया तालाब छठ घाट, बाबा घाट छठ घाट का निरीक्षण किया एवं वरीय अधिकारियों को साफ सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्था आदि को लेकर कई अहम दिशा निर्देश दिया। इस दौरान चतरा उपायुक्त अबू इमरान, पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन, पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी अविनाश यादव, अनुमंडल पदाधिकारी सुरेंद्र उरांव, नगरपरिषद एक्सक्यूटिव विनीता कुमारी समेत कई गणमान्य मौजूद रहे।

### कबरा मुखिया ने किया छठ घाट का निरीक्षण



**टंडवा (चतरा)।** लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर कबरा पंचायत मुखिया नीलेश ज्ञासेन उर्फ सोनू सिन्हा ने पंचायत क्षेत्र के कबरा, वृन्दा, किसनपुर, मधवापुर, सिसई, खैल्हा, कटाही मिश्रोल, उरदा स्थित छठ घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान छठ घाट स्थल के साफ-सफाई, बिजली व्यवस्था व छठ व्रतियों की सुविधाओं की जानकारी ली।साथ ही छठ घाटों पर गहरे पानी से बचने के लिए बांस से बेकेटिंग करने के निर्देश दिए। वहीं मुखिया नीलेश ज्ञासेन ने बताया कि आस्था के चार दिवसीय छठ महापर्व पर व्रतियों को छठ घाटों पर किसी तरह की परेशानी न हो इस पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जर्जर घाटों जल्द नवनिर्माण या मरम्मति कराया जाएगा एवं समय से पूर्व तालाब और उसके आसपास की सफाई करा लिया जाएगा। इस मौके पर अजय साव, अनु विश्वकर्मा समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

### राजकीय बुनियादी विद्यालय के प्रधानाध्यापक सम्मानित



सम्मानित करते लोग

**कांडी।** राजकीय बुनियादी विद्यालय सेमौरा में अयोध्या की तर्ज पर 2223 दिए जलाने के उपलक्ष्य में बुनियादी विद्यालय के प्रधानाध्यापक पुरुषोत्तम कुमार द्विवेदी को सम्मानित किया गया। भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष रामलाला दुबे, कांडी पंचायत के पूर्व मुखिया विनोद प्रसाद एवं सरकोनी पंचायत के मुखिया विनोद कुमार वर्मा एवं अन्य भाजपा नेताओं ने पुरुषोत्तम कुमार द्विवेदी को अंग वस्त्र देकर तथा फूल माला पहनाकर सम्मानित किया।

### महावीर कलेक्शन का उद्घाटन



पूजा अर्चना करते प्रोपराइटर

**गढ़वा।** शहर के सहिजना सहारा बैंक के समीप गुरुवार को महावीर कलेक्शन नामक प्रतिष्ठान खोला गया। इसका उद्घाटन दुकान के प्रोपराइटर जितेंद्र तिवारी ने पूजा पाठ कर किया। मौके पर उन्होंने कहा कि महावीर कलेक्शन में रेडीमेड कपड़े की सभी रेंज उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि उचित मूल्य पर दुकान में बच्चों से लेकर बुजुर्गों के सभी रैडीमेड कपड़े उपलब्ध है। मौके पर रास बिहारी तिवारी, रविन्द्र कुमार तिवारी, राकेश तिवारी, अम्बिका तिवारी, गोखुल दुबे, ऋषभ तिवारी, कुणाल तिवारी, पंकज कुमार मिश्रा, आयुष्मान तिवारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

# चार दिवसीय छठ पर्व शुक्रवार को नहाय-खाय के साथ प्रारंभ

## भगवान सूर्य माने जाते हैं प्रत्यक्ष देवता

**उमा शंकर**

**कोडरमा।** लोक आस्था का महान चार दिवसीय पर्व सूर्यषष्ठी व्रत शुक्रवार को नहाय-खाय के साथ प्रारंभ होगा। वहीं छठ व्रती 18 नवम्बर शनिवार को खरना एवं 19 नवम्बर रविवार को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देंगे। वहीं 20 नवम्बर सोमवार को उदयगामी सूर्य को अर्घ्य देने के साथ चार दिवसीय अनुष्ठान का विधिवत समापन हो जाएगा। शास्त्रों में द्वादश आदित्यों की कल्पना भगवान सूर्य की द्वादश शक्तियों के रूप में की गयी है। भगवान सूर्य प्रत्यक्ष देवता माने जाते हैं। इनकी पूजा की परंपरा बहुत पहले से भारत में ही नही बल्कि विश्व में व्याप्त है, क्योंकि सूर्य के प्रकाश से ही चन्द्र भी प्रकाशित होते हैं एवं तारे भी चमकते हैं जो अनेक ग्रहों, नक्षत्रों के रूप में माने जाते हैं।



भगवान सूर्य के कारण ही दिन तथा रात का वर्गीकरण सम्भव हो पाता है। आधुनिक वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी सौर ऊर्जा महत्वपूर्ण मानी जाती है। सूर्य की पूजा करने का विधान तो संध्योपासन में भी है, जिससे मानसिक एवं शारीरिक ऊर्जाएं प्राप्त होती हैं। इसके अतिरिक्त हमारी भारतीय संस्कृति भगवान सूर्य को परब्रह्म के रूप में मानती है। छठ पूजा पौराणिक काल से चली आ रही है, जिसका निर्देश लौकिक छठव्रत की कथाओं, मान्यताओं एवं महिलाओं द्वारा गाये जाने वाले गीतों में मिलता है और यह प्रत्यक्ष भी है। सत्व, रज, तम ये गुण छठी माता के नियंत्रण में काम करते हैं जो सृष्टि के संचालक एवं संबर्द्धक हैं। सूर्य षष्ठी व्रत का विाान सृष्टिकाल से ही चला आ रहा है। सूर्यषष्ठी व्रत श्रद्धा व विश्वास के साथ करने से मनुष्य के ज्ञाताज्ञात समस्त पापों का नाश होता है तथा मनोवांछित फलों की प्राप्ति होती है।

# नव विवाहित महिला का शव बरामद

## मायके वालों ने ससुराल वालों पर लगाया हत्या का आरोप

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जयनगर (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत गोहाल में गुरुवार की सुबह जयनगर पुलिस ने 21 वर्षीय नव विवाहिता का शव एक कमरा से बरामद किया है। वहीं शव की पहचान गोहाल निवासी संतोष दास की पत्नी मधु देवी के रूप में की गयी है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही मृतका मधु देवी के मायके वालों ने घटनास्थल पहुंचकर मधु देवी के पति सहित ससुराल वालों पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी उमानाथ सिंह, एसआई सुनील पासवान, पंचम तीगा ने दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचकर मामले की जानकारी लिया। इस दौरान मृतका के मायके वालों ने मधु देवी की हत्या करने के आरोप में शामिल आरोपियों को शिघ्र गिरफ्तारी करने की मांग कर रहे थे। इस दौरान मायके वालों ने लगभग 2 घंटे तक पुलिस को शव उठाने नहीं दिया। बाद में थाना प्रभारी उमानाथ सिंह एवं स्थानीय



लोगों द्वारा मायके वालों को काफी समझा बूझाकर शांत कराया और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। इधर घटना के बाद पुलिस ने पूछताछ के लिए मृतक के ननद एवं सास को हिरासत में लिया गया है।

वहीं मृतक के पिता चिगलावार निवासी दशरथ दास ने बताया कि उनके बेटी मधु देवी की शादी मार्च 2023 में गोहाल निवासी संतोष कुमार दास के साथ हिंदू रीति रिवाज तथा समर्थ दहेज के साथ किया गया था। उन्होंने कहा कि मेरी बेटी मधु को हमेशा पति, सास, ननंद द्वारा अतिरिक्त दहेज को लेकर प्रताड़ित करते रहते थे। वहीं उन्होंने आरोप लगाया है कि मेरी बेटी को पति समेत ससुराल वालों ने गला दबाकर रस्सी के फंदे में लटका हत्या कर दिया। इधर थाना प्रभारी उमानाथ सिंह ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है, इसमें जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं उन्होंने बताया कि शक के आधार पर मृतक के सास और ननद को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है।

### सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर बीडीओ ने की बैठक

**धुरकी।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में गुरुवार को अंचल अधिकारी जुल्फिकार अंसारी ने विभिन्न विभागों के कर्मचारियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की रूपरेखा तय करने के लिए सभी से बारी-बारी राय लिया। उन्होंने बताया कि प्रखंड में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को सफल बनाना है, क्योंकि योजना का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे सरकार का यही उद्देश्य है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि 15 नवंबर स्थापना दिवस के बाद सभी पंचायत में तिथि वार सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है, इसमें सभी विभागों के द्वारा स्टॉल लगाकर ऑन द स्पॉट एवं ऑफलाइन फॉर्म लेने की बात कही। थाना प्रभारी संतोष कुमार रवि ने बताया कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में शांति व्यवस्था कायम के लिए प्रशासन आपके साथ है प्रशासन सदैव आपके साथ रहेगी। बैठक में भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक, सहायक अभियंता, कनिय अभियंता, रोजगार सेवक, पंचायत सेवक, सभी जनप्रतिनिधि सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

### 70 लाभुकों को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत दिया गया गैस कनेक्शन

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित त्रिदेव ग्रामीण गैस वितरक के द्वारा गुरुवार को गैस गोदाम के समीप 70 लाभुकों को प्रधानमंत्री उज्ज्वला के तहत कनेक्शन के साथ वितरण किया। वहीं त्रिदेव गैस एजेंसी के प्रोपराइटर शंकर साव ने बताया कि मेरे स्टाफ राजेंद्र दास, राजकुमार, रंजीत कुमार, प्रवीण पांडे ने छठ पर्व को देखते हुए रात दिन मेहनत कर पूजा के अवसर पर कार्ड तैयार कर वितरण किया गया और लगभग दो सौ आवेदन की जांच की है, इन्हें भी जल्द ही वितरण किया जाएगा। वहीं सभी लाभुकों को मुफ्त में चूल्हा, टंकी गैस 14 किलो 200 ग्राम, पाइप, रेगुलेटर मुफ्त में दिया गया। इस मौके पर लाभुक लक्ष्मी कुमारी, भागिया देवी, सविता कुमारी, रुबी कुमारी, फुलवा देवी, अरमान खातून समेत अन्य लाभुक मौजूद थे।

राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर कृत्रिम मेधा के युग में मीडिया विषय पर सेमिनार का आयोजन

# पत्रकारों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर ही निर्भर नही रहना चाहिए : उपायुक्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** समाहरणालय स्थित साभागर में राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर जिला जनसम्पर्क कार्यालय द्वारा कृत्रिम मेधा (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के युग में मीडिया विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का उद्घाटन मुख्य अतिथि उपायुक्त मेधा भारद्वाज, डीएफओ सूरज कुमार सिंह व डीडीसी ऋतुराज ने संयुक्त रूप से किया। सेमिनार में शामिल पत्रकारों को राष्ट्रीय प्रेस दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उपायुक्त ने कहा कि जिले के सभी प्लेटफार्म के पत्रकार काफी बेहतर कार्य कर रहें है, उन्होंने कहा कि आप समाज के चौथे स्तम्भ है, ऐसे में समाज के प्रति आपकी जिम्मेवारियां और अधिक बढ़ जाती है, उम्मीद करते हैं कि इसी प्रकार पूरी निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने कृत्रिम मेधा विषय पर चर्चा करते हुए कहा कि बदलते समय




के साथ मीडिया के क्षेत्र में कई परिवर्तन हुआ है, आज आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का दौर है, मीडिया के क्षेत्र में भी इसका महत्व बढ़ा है, इसकी सहायता से समाचार संकलन कर उसे आसानी से तैयार कर हम तक पहुंचाया जा रहा है, लेकिन हमें पूरी तरह से इस पर निर्भर नही रहना चाहिए, बल्कि अपने सोर्स और नए तकनीक से जुड़कर समाज के नवनिर्माण के लिए पारदर्शी, प्रेरक और सशक्त पत्रकारिता कर समाज को एक नई और सकारात्मक दिशा देना चाहिए। वहीं डीएफओ सूरज कुमार सिंह ने कहा कि पत्रकार समाज का सर्वांगीण विकास में मुख्य भूमिका निभा रहे हैं, कई बार आपकी सहायता से लोगों की समस्याएं हम तक पहुंचती है और हम उसका निराकरण करते हैं।

राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर 'कृत्रिम मेधा के युग में मीडिया' विषय पर आयोजित चर्चा कार्यक्रम का किया गया आयोजन

# पत्रकारों की सुरक्षा के प्रति जिला प्रशासन हमेशा से संवेदनशील रहा है: डीसी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** राष्ट्रीय प्रेस दिवस 16 नवंबर के अवसर पर जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, चतरा के द्वारा गुरुवार को जिला समाहरणालय के सभा कक्ष में कृत्रिम मेधा (आर्टिफीसियल इंटेलिजेन्स) विषय पर चर्चा का आयोजन किया गया। कृत्रिम मेधा के युग में मीडिया विषय पर आयोजित चर्चा कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ उपायुक्त सहित पत्रकारों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जिले के उपायुक्त अबु इमरान ने वर्तमान दौर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बढ़ते दखल और मीडिया में कृत्रिम मेधा के प्रभाव पर भी अपनी बातें रखी। उन्होंने कहा की आज के समय में कृत्रिम मेधा मीडिया के अलावा जनसंचार के सभी क्षेत्रों में अपनी

**डीसी ने इलेक्ट्रोनिक एवं प्रिंट मीडिया के पत्रकारों को किया सम्मानित**




उपस्थिति दर्ज करा रहा है। उन्होंने इसके सकारात्मक एवं नकारात्मक पक्षों के बारे में बताया। साथ ही कहा कि तकनीकी के इस बढ़ते युग मे स्वच्छ एवं बिना बाहरी तत्वों के प्रभाव में आये कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने पत्रकारिता के बदलते स्वरूप के बीच प्रतिस्पर्धा पर भी प्रकाश डाला। अबु इमरान ने जिले के पत्रकारों से कहा कि आपकी सुरक्षा के प्रति भी जिला प्रशासन संवेदनशील है। आपकी किसी भी शिकायत पर प्रशासन त्वरित संज्ञान लेता है। चर्चा सत्र को संबोधित करते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चतरा अविनाश कुमार ने प्रेस काउंसिल एक्ट 1968 के प्रावधानों पर चर्चा किया उन्होंने कहा की मीडिया में तकनीक का दखल बढ़ा है। डीएसपी मुख्यालय केदार राम ने पत्रकारिता के क्षेत्र में कृत्रिम मेधा के बढ़ते प्रभाव पर अपना विचार रखा। जिला परिवहन पदाधिकारी ने कृत्रिम मेधा को समझाने के लिए समय समय मीडिया में चर्चित घटनाओं पर अपनी बात रखी। डीआरडीए के निदेशक ने भी चर्चा में हिस्सा लेते हुए इस पर अपना पक्ष रखा। कार्यक्रम के दौरान जिले से उपस्थित सभी पत्रकारों उपहार के तौर पर कलम,डायरी और शॉल देकर उपायुक्त के द्वारा सम्मानित भी किया गया। उक्त कार्यक्रम में उक्त के अलावे जिला परिवहन पदाधिकारी इंद्र कुमार जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाईक उपस्थित थे।

## एक नजर में

### शांति समिति की बैठक आयोजित



बैठक करते लोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**केतार।** प्रखंड के मुकुन्दपुर गांव स्थित सुप्रसिद्ध नारायण वन के सूर्य मंदिर प्रांगण में गुरुवार को महापर्व छठ पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक प्रमुख चंद्रावती देवी की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। इस अवसर पर रेंजर प्रमोद कुमार ने कहा कि नारायण वन का क्षेत्र वन परिसर में आता है ऐसी स्थिति में इस मंदिर को पर्यटन स्थल के रूप में बढ़ावा देने तथा मंदिर का विकास कराने के लिए मेरे द्वारा प्रयास किया जायेगा। उन्होंने कहा की मंदिर परिसर में जल्द ही पेयजल, स्नान आदि की समस्या दूर होगी।

मंदिर परिसर में पौधारोपण और सुंदरीकरण का कार्य किया भी कराया जायेगा। थाना प्रभारी कमलेश कुमार महतो ने कहा कि शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस मुस्तैद रहेंगी। उन्होंने कहा कि छठ घाट और मेला परिसर का सीसीटीवी कैमरे से भी निगरानी रखा जायेगा। उन्होंने कहा की चैन स्नैचिंग करने वाले गिरोह और असामाजिक तत्वों पर भी पुलिस और वलिंटियर नजर रखेगी। प्रमुख चंद्रावती देवी ने कहा कि पेयजल की व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए पंचायत समिति मद से जलमीनार लगाया जायेगा। साथ ही मंदिर कमिटी द्वारा तालाब और चेकडैम निर्माण सहित अन्य बिंदुओं को लेकर जिला में आवाज उठाऊंगी। मौके पर निगरानी समिति के रामेश्वर प्रसाद सिंह, बबलू सिंह, पंकज सिंह, मंदिर अध्यक्ष योगेंद्र सिंह, सचिव रविकांत चंद्रवंशी, प्रमुख प्रतिनिाि सुरेंद्र प्रसाद, बीडीसी प्रतिनिधि इम्तियाज आलम, नगीना वियार, गोपाल वियार, रिशु सिंह, दिल किशोर प्रसाद, जयराम पासवान, शिवभरोष सिंह, उमेश प्रसाद, बबलू सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### विभिन्न छठ घाटों की सफाई कार्य जारी



छठ घाट की सफाई करते लोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रंका।** आस्था का महापर्व छठ पूजा को देखते हुए रंका अनुमंडल अंतर्गत लोहवा पुल नदी छठ घाट, गिदीयाही नदी छठ घाट, रंका बाजार स्थित छठ घाट एवं अन्य छठ घाटों की साफ सफाई का कार्य जारी है। इन छठ घाटों पर बड़े-बड़े समाजसेवी, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग भी श्रमदान कर छठ घाटों की साफ सफाई कर रहे हैं। कहीं-कहीं जेसीबी मशीन के माध्यम से छठ घाटों की सफाई की जा रही है। छठ वृत्तियों को किसी प्रकार के परेशानी ना हो इसका भी ख्याल रखा जा रहा है।

रंका में मां काली युवा संघ के द्वारा छठ घाट के साथ-साथ छठ व्रत्तियों के आगमन मार्ग की भी साफ-सफाई किया जा रहा है। मौके पर मां काली युवा संघ के अध्यक्ष रंजीत सौंडिक, कोषाध्यक्ष सोनू मद्धेशिया, रंका मुखिया प्रतिनिधि सह समाजसेवी राजेश कुमार मद्धेशिया, समाजसेवी उत्तम पांडेय, दिनेश प्रसाद चंद्रवंशी, संदीप कमलापुरी, अमरेंद्र कुमार, पिंटू कुमार, छोटू कुमार, सोनू कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

### तीन पिकअप वैन में अठारह पशुओं सहित सात गौ तस्कर गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह को मिली गुप्ता सूचना के आधार पर मरकच्चो पुलिस ने तीन पिकअप वैन में अठारह पशुओं सहित सात गौ तस्कर को पकड़ा है। मिली जानकारी के अनुसार एसपी को सूचना मिली थी मरकच्चो थाना क्षेत्र के रास्ते अवैध रूप से गौ तस्करी की जा रही है। जिसके बाद थाना प्रभारी मरकच्चो लव कुमार के नेतृत्व में एक विशेष दल का गठन कर बुधवार रात्रि सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। जिसमें दल के सदस्यों के द्वारा तीन पिकअप वाहनों को रोका गया एवं उनकी जांच करने पर बिना कागजात के परिवहन किये जा रहे पशु पाए गए। इसके बाद तीनों पिकअप वाहनों के साथ कुल सात व्यक्तियों को गिरफ्तार कर थाना लाया गया। साथ ही इन वाहनों में लदे कुल 18 गायों एवं 06 बछड़ों को भी अग्रिम कार्रवाई व जांच के लिए थाना परिसर में लाया गया। गिरफ्तार व्यक्तियों में 23 वर्षीय सोनु कुमार पिता कमल यादव मिर्जापुर, थाना किन्जर, अरवल बिहार, 32 वर्षीय टुनटुन यादव, पिता स्व. भुनेश्वर यादव कोठिया थाना किन्जर जिला



अरवल बिहार, 28 वर्षीय जुमराती कुरैशी पिता स्व. कैयमुद्दीन कुरैशी साकिन वैनोरी, थाना मोहनिया जिला भभुवा बिहार, 21 वर्षीय प्रियतम कुमार पिता कामता प्रसाद मरसढा थाना आमेन परसबिगहा जिला जहानाबाद बिहार, 19 वर्षीय रोहित कुमार पिता बैजनाथ यादव मरसढा, थाना आमेन परसबिगहा जिला जिला जहानाबाद बिहार, 23 वर्षीय शिव कुमार पिता रामकृत यादव साकिन कुरकुरी थाना किन्जर, जिला अरवल बिहार व 21 वर्षीय गौतम कुमार पिता गोपाल यादव कुरकुरी थाना किन्जर जिला अरवल बिहार निवासी के नाम शामिल हैं। जिसको कानूनी प्रक्रिया के तहत जेल भेज दिया गया है। जांच दल में थाना प्रभारी लव कुमार, एसआई अनिल टोप्पो व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### ईलाज के दौरान मंगर बिरहोर की मौत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत दक्षिणी पंचायत स्थित ग्राम तेलियामारन बिरहोर टोला निवासी मंगर बिरहोर का ईलाज के दौरान सदर अस्पताल में बुधवार की रात्रि मौत हो गयी। ज्ञात हो कि मंगर बिरहोर को चार दिन पूर्व लकवा मार दिया था, जिसके बाद उसे ईलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया, जहां ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उनके निधन के बाद बीडीओ सह सीओ पप्पू रज्जक, दक्षिणी पंचायत के पूर्व मुखिया अनुराधा सीता, पंचायत सचिव श्याम सुन्दर यादव द्वारा आर्थिक मदद किया गया। वहीं बीएसओ कमल किशोर सिंह ने उनके परिजनों को 50 किलो चावल देकर मदद किया। मौके पर समाजसेवी सरफुद्दीन अंसारी, अफजल अंसारी समेत कई लोग मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### सेरक में पायोनियर कंपनी ने मेगा कृषि मेला का किया आयोजन


मेला में उपस्थित लोग।

**चंदवा।** पायोनियर धान बीज कंपनी में द्वारा गुरुवार को चंदवा प्रखण्ड के सेरक गांव में मेघा फसल कटाई दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें किसानों के बीच कृषि सम्बन्धी जानकारी दी गयी, जिसमे किसानों को पायनियर के 27पी37 संकर धान के खूबियों को बताया गया। बताया कि 27पी37 धान अन्य हाइब्रिड के अपेक्षा ज्यादा उपज देता है, लगभग 250 किसानों ने शिविर में सम्मिलित होकर इस फसल कटाई दिवस को देखा। किसानों ने भी माना की 27 पी 37 धान की बाली लंबी होती है, गाठन ज्यादा होता है, ज्यादा उपज होती हैऔर भी कृषि संबंधित अनेकों जानकारी किसानो को दी गयी। मौके पर लातेहार जिला के मैनेजर क्षितिज कुमार मेहता, कंपनी के एमडीआर लालबाबू गुप्ता, मिथलेश पांडे, महेंद्र उरांव, विकाश, रितेश, सुरेश उरांव, कलामुदीन अंसारी, सुनील उरांव, जगदेव उरांव, सुरेन्द्र लोहरा, सबिता उरांव समेत दर्जनों किसान मौजूद थे।

### झामुमो नेता ने कराया छठ घाट की सफाई

**बालूमाथ।** बालूमाथ झामुमो युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष औरंगजेब खान के द्वारा आने वाले लोकआस्था के पर्व को देखते हुए बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के धाधु ग्राम में गुरुवार को निजी कोष से छठ घाट की जेसीबी और मजदूरों की मदद से साफ-सफाई कराया गया। औरंगजेब खान ने बताया कि धाधु ग्राम स्तिथ छठ घाट के आसपास गंदगी का अंबार लगा हुआ था जिससे पूजा करने वाले लोगो को परेशानी हो सकता था। जिसको देखते हुए छठ पर्व को लेकर व्रतियों को कोई परेशानी का सामना न करना पड़े इसलिए छठ घाट की साफ-सफाई कराया गया है।

### सम्मानित किये गये पत्रकार आशीष टैगोर



सम्मानित करते जिप अध्यक्ष।

**लातेहार।** जिले के वरीय पत्रकार आशीष टैगोर को सम्मानित किया गया है। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती व राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर 15 नवंबर की संध्या पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर भवन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम के बेहतर संयोजन व मंच संचालन के लिए पत्रकार आशीष टैगोर को सम्मानित किया गया। जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार आदि ने स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उप विकास आयुक्त श्री कच्छप ने कहा कि पत्रकार आशीष टैगोर जिला प्रशासन का एक हिस्सा बन गये हैं। जिला प्रशासन के हर सांस्कृतिक एवं अन्य कार्यक्रमों में इनकी सहभागिता रहती है। मौके पर गोपनीय शाखा प्रभारी सजीत कुमार व जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कंडुलना, स्वर संगम के अविनाश कुमार, रीतेश, प्रेम व शंकर आदि उपस्थित थे। बता दें कि इससे पहले श्री टैगोर को जिला प्रशासन के द्वारा कई बार सम्मानित किया जा चुका है।

### आज से शुरू होगी आस्था का महापर्व छठ

**लातेहार।** चार दिवसीय महापर्व छठ की शुरूआत शुक्रवार से नहाए खाए के साथ शुरू हो रही है। इसमें सूर्य देव और षष्ठी माता की पूजा का महत्व है। बता दें कि चार दिनों तक चलने वाला यह महापर्व उषा, प्रकृति, जल, वायु और सूर्यदेव की बहन षष्ठी माता को समर्पित है। इसमें विशेष रूप से सूर्य देव को अर्घ्य देने की परंपरा है और यह परंपरा सदियों से चली आ रही है। आज भी लोग भक्तिभाव और पूर्ण श्रद्धा के साथ इसे मनाते हैं। इसलिए इसे लोकआस्था का छठ महापर्व कहा जाता है।

छठ पर्व पूरे चार दिनों तक चलता है और इसमें व्रती पूरे 36 घंटे का निर्जला व्रत रखती है। इसलिए छठ व्रत को कठिन व्रतों में एक माना गया है। इस साल छठ पर्व की शुरूआत आज से हो रही है। आज व्रती नहाय-खाय के साथ छठ पर्व की शुरूआत करेगी। वहीं 20 नवंबर को ऊषा अर्घ्य और पारण के साथ छठ पर्व का समापन हो जाएगा। छठ व्रत सुहाग की लंबी आयु, संतान के सुखी जीवन और घर पर सुख-समृद्धि की कामना के लिए रखा जाता है।

### चंदवा में कचरा लदा वाहन दुर्घटनाग्रस्त, चालक-उपचालक घायल

**चंदवा।** चंदवा-बालूमाथ मार्ग पर चंदवा थाना क्षेत्र के कामता-कुजरी के सीमाने पर कचरा लदा एक वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जानकारी के अनुसार उड़ीसा के एक प्लांट जाने को निकला वाहन उक्त स्थल पर अनियंत्रित हेते दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस दुर्घटना में चालक-उपचालक घायल हो गए। मिली सूचना पर एएसआई रंजय कुमार सदल बल वहां पहुंचे। घायल प्रकाश कुमार और निरंजन कुमार (दोनों बिहार) को चंदवा सीएचसी पहचाया, जहां दोनों का प्राथमिक इलाज किया गया। दुर्घटना की वजह अनियंत्रित गति से वाहन का परिचालन बताया जाता है। घटना के बाद पुलिस अग्रेतर कार्रवाई में जुट गई थी।

## पूजा समितियों को दिया बैरेकेटिंग और साफ-सफाई का निर्देश

# सांसद प्रतिनिधि और थाना प्रभारी ने सभी छठ घाटों का किया निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर चतरा सांसद सुनील कुमार सिंह के निर्देश पर गुरुवार को वन एवं पर्यावरण विभाग के सांसद प्रतिनिधि अजय सोनी ने छिपादोहर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार के साथ थाना क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों का जायजा लिया। जहां थान प्रभारी ने सभी पूजा समितियों को छठ घाट की साफ-सफाई करने और लाइट की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इसके अलावा कमिटी के सदस्यों को टेंट लगाने और एक नियंत्रण कक्ष स्थापित करने की बात कही ताकि किसी सूचनाओं का आदान-प्रदान किया जा सके। थाना प्रभारी ने कहा कि छठ पूजा पर विधि व्यवस्था संधारण को लेकर पुलिस बल की नियुक्ति की जायेगी। इस दौरान उन्होंने तालाब छठ घाट, गम्हरिया तालाब छठ घाट और केड़ पंचायत के गाड़ी डेम छठ घाट आदि घाटों का निरीक्षण किया गया। जिन घाटों पर पानी अधिक है, वहां पर बांस से बैरिकेडिग करने के निर्देश समिति को दिया। थाना प्रभारी ने कहा कि छठ व्रतियों को किसी प्रकार की परेशानी या दिक्कत नहीं होनी चाहिए। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि तेतर यादव, राजू प्रसाद, अशोक राम, सतीश प्रसाद, केड़ पूर्व पंचायत समिति सदस्य जलेश्वर राम, आशीष यादव, अजय सिंह और शंभू सिंह समेत कई अन्य लोगों उपस्थित थे।


निरीक्षण करते थाना प्रभारी व सांसद प्रतिनिधि।

## साप्ताहिक नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के तहत 11 जिले में भ्रमण कर जागरूक कर रहे है लतीफ अंसारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** साप्ताहिक नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के तहत झारखंड के गोड्डा जिले के लतीफ अंसारी झारखंड के 11 जिले में भ्रमण के लिए निकल चुके हैं। गुरुवार को लातेहार पहुंचे और यहां के लोगों को तंबाकू, गुटका सिगरेट आदि नशा से दूर रहने की अपील की। उन्होंने खबर मन्त्र से बातचीत में बताया कि 12 नवंबर को गोड्डा जिले से साइकिल से यह यात्रा शुरू की थी। जो देवघर, गिरिडीह, कोडरमा, हजारीबाग, चतरा होते हुए लातेहार पहुंचे हैं। इसके बाद पलामू, गढ़वा, लोहरदगा होते हुए रांची जिला पहुंचेंगे। उन्होंने आगे बताया कि यह अभियान झारखंड के सभी जिलों में चलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति के खिलाफ यह अभियान 2012 से ही शुरू की थी। जो लगातार जारी है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक दिन साइकिल से 100 किलोमीटर की दूरी तय करते हैं। लतीफ अपने साथ खाने पीने के सभी सामान अपने साथ लेकर चलते है। जहां भूख लगती है, वहां खाना बनाकर खा लेते है। उन्होंने कहा कि नशा के कारण कई लोगों के घर व परिवार उजाड़ चुके है। इसे रोकने के लिए यह अभियान शुरू की है। उन्होंने कहा कि ज्यादातर युवा नशा खोरी की चपेट में आ रहे है। इसे हर हाल में रोकना जरूरी है। इधर, लतीफ अंसारी की लातेहार पहुंचने पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कंडुलना ने उनका स्वागत किया और उनके द्वारा चलाई जा रही इस अभियान की सराहना की।


साइकिल यात्रा में निकले लतीफ अंसारी।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार शिक्षक की मौत

**लातेहार।** मनिका थाना क्षेत्र मे राष्ट्रीय मार्ग 39 रांची-डालटेनगंज मुख्य मार्ग पर देवबार मोड़ के समीप आज दिन गुरुवार को सड़क दुर्घटना मे एक व्यक्ति घायल हो गया। घटना का सूचना मिलते ही समाजसेवी अख्तर अंसारी मौके पर पहुंचकर घायल व्यक्ति को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनिका लाया। जहां पर मनिका स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉक्टर दिव्य क्षितिज कुजूर ने घायल व्यक्ति को जांच के उपरांत मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान शिक्षक मोहम्मद सरफराज सतबरवा पलामू के रहने वाले थे। शिक्षक लातेहार के नवागढ़ प्लस टू हाई स्कूल में पद स्थापित थे। गुरुवार को सतबरवा से लातेहार आने के कर्म में सड़क दुर्घटना में उनकी मौत हो गई। इधर घटना का सूचना पाकर मनिका थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह मनिका थाना एएसआई मिश्रा मांझी समेत पुलिस पुलिस बल के जवान स्वास्थ्य केंद्र मनिका पहुंचे जहां पर मृत व्यक्ति का शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया। घटना कैसे घटी पुलिस हर पहलू में मामले की जांच कर रही है।

## भाजपा नेता विजय दुबे की पहल पर सर्पदंश से मौत मामले में पीड़ित परिवार को मुआवजा


मुआवजा लेते परिवार।

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** भाजपा नेता विजय दुबे के अथक पहल से सर्पदंश से मौत मामले में पीड़ित परिवार को 4 लाख रुपये का मुआवजा मिला। बता दें कि थाना क्षेत्र के लोहरसी ग्राम निवासी बीरबल गंझु की मौत सर्प दंश से 29 सितंबर 21 को मौत हो गई थी। उसकी पत्नी सुमन देवी को कागजी कार्यवाई में श्री दुबे ने उन्हें मदद किया। पीड़ित परिवार को 2 वर्ष बाद आपदा प्रबंधन विभाग से चार लाख रुपए सुमन देवी के खाते में आवंटित किया गया है। पीड़ित परिवार मुआवजा पाकर श्री दुबे के प्रति अपना आभार प्रकट किया है और कहा कि इस धनराशि से अपने बच्चों के लालन पालन में काफी मदद मिलेगी।

## सहाय योजना अंतर्गत 3 दिवसीय खेल प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** स्थानीय हाई स्कूल खेल स्टेडियम में गुरुवार से सहाय योजना अंतर्गत खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार, झामुमो जिला उपाध्यक्ष सितमोहन मुंडा, मुखिया दुर्गावती देवी, अनिता भगत, जतरु मुंडा व अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के उपरांत फुटबॉल को कीक मार कर किया। प्रतियोगिता के पहले दिन फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें पहला मुकाबला जमीरा व माल्हन पंचायत के बीच खेला गया जिसमें माल्हन की टीम पेनाल्टी शूटआउट में विजयी रही, दूसरे मुकाबले में सेरक व कामता के बीच भिड़ंत हुयी जिसमे कामता की टीम विजय रही। आयोजन समिति ने बताया कि प्रतियोगिता के दूसरे दिन एथलेटिक्स में 100, 200 व 400 मीटर दौड़ व लौंग जम्प प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया जाएगा वहीं तीसरे दिन हॉकी व वॉलीबॉल प्रतियोगिता होगी जिसमें पंचायत स्तर पर चयनित 14 से 19 वर्ष आयु वर्ग के बालक बालिका भाग लेंगे। उद्घाटन के मौके पर पंचायती राज प्रखंड समन्वयक रितेश कुमार, इरशाद मुन्ना, मंजय उरांव समेत दर्जनों खेल प्रेमी मौजूद थे।


मौक पर उपस्थित लोग।

## पदाधिकारियों ने करवाया छठ घाट की सफाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**हेरहंज।** प्रखंड मुख्यालय स्थित करनदाग नदी छठ घाट की सफाई गुरुवार को प्रखंड प्रसाशन एवं पुलिस प्रसाशन के द्वारा करवाया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रदीप कुमार दास व थाना प्रभारी नितीश कुमार यादव ने दल बल के साथ छठ घाट पहुंच घाट की सफाई करवाया। प्रसाशन का सहयोग छठ पूजा समिति के युवाओं ने भी किया। युवाओं और सुरक्षा बलों ने मिलकर घाट को बनाया। थाना प्रभारी व थाना के पदाधिकारी विश्वजीत तिवारी व कैलाश कुमार मंडल खुद कुदाल उठाकर छठ घाट की सफाई करते नजर आये। इस वर्ष छठ वर्तियों के लिए बीडीओ व थाना प्रभारी के द्वारा खीरभोजन के प्रसाद के लिए 250 लीटर निःशुल्क दूध का भी शनिवार के दिन सुबह वितरण किया जायेगा। थाना प्रभारी नितीश कुमार यादव ने बताया की घाट की सफाई करवा दी गईं है। इसके अलावे छठ वर्तियों को छठ घाट आने जाने में परेशानी न हो इसे देखते हुए बाजार से छठ घाट तक लाइट की भी समुचित व्यवस्था कराई जाएगी। मौके पर बीडीओ प्रदीप कुमार दास, थाना प्रभारी नितीश कुमार यादव, एस आई विश्वजीत तिवारी, कैलाश कुमार मंडल, मुखिया पति सह राजद प्रखंड अध्यक्ष विश्वनाथ उराव, छठ पूजा समिति के अमित गुप्ता, कैलाश कुमार ठाकुर, नागेंद्र प्रसाद, सोनू गुप्ता, अरविन्द यादव, रंजीत गुप्ता, मनीष प्रसाद, महादेव गोसाई इसके अलावा जेसीबी मालिक राजीव ठाकुर एवं विद्याभास्कर प्रसाद का अहम भूमिका रहा सहित सुरक्षा बल के जवान शामिल थे।


सफाई कराते अधिकारी।

### छठ पर्व पर लागत मूल्य से कम कीमत पर दूध वितरण करेंगी हिंद भारती संस्थान

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित हिन्द भारती संस्था ने इस बार बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के छठ व्रतियों को लागत मूल्य से भी कम कीमत 52 लीटर दूध वितरण का निर्णय लिया है। जिसके लिए हिंद भारती संस्था द्वारा दूध के लिए अग्रिम बुकिंग प्रारंभ कर दी गई है। जिसके तहत अब तक सैकड़ो लोगों के द्वारा दूध बुकिंग की जा चुकी है। इसकी जानकारी देते हुए संस्था के अध्यक्ष रवि सिंह ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हिन्द भारती स्वयं सेवी संस्था द्वारा क्षेत्र के छठ व्रतियों के लिए संस्था द्वारा लागत मूल्य पर खरना प्रसाद के लिए दूध उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने लोगो से अपील करते हुए कहा कि जिन लोगों के छठ पूजा के लिए दूध चाहिए वे लोग बालूमाथ चेक नाका के पास किशोर वस्त्रालय एवं सरिता बुक स्टॉल में संपर्क कर दूध के लिए शुक्रवार दोपहर तक पैसा जमा कर बुकिंग करा सकते हैं। इसके बाद दूध बुकिंग के लिए पैसे नहीं लिया जाएगा। वहीं लोग मोबाइल नम्बर 7979972294 दीपक कुमार उर्फ बमभोला पर संपर्क कर सकते है।

## अफसरों की उदासीनता के कारण फल फूल रही है कई कंपनियां

# बरवाडीह : आरओ फिल्टर वाले बंद जार में मिली मकड़ी

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** पानी इंसान की बुनियादी जरूरत है। आज हर इन्सान चाहता है की वह शुद्ध और स्वच्छ पानी पिए। लेकिन कंपनियों द्वारा बोतल की नियमित साफ-सफाई पर ध्यान नहीं देकर शुद्ध पानी के नाम पर लोगों की जान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। ताजा मामला बरवाडीह प्रखण्ड मुख्यालय के मस्जिद मोहल्ला से आया है। जहां शिक्षक गुलाम अनवर ने बताया कि कावेरी एक्वा शुद्ध जल नामक छेंचा के विक्रेता के यहां से उनके यहां प्रतिदिन बीस रुपए जार वाली पानी खरीदी जाती है। 15 नवंबर दिन बुधवार को जब उन्होंने अपने जार को देखा तो बंद जार के अंदर मरी हुई मकड़ी नजर आई। जिसके बाद उन्होंने बंद बोतल को खोलना उचित नहीं समझा। गौरतलब है कि एक तरफ बीमारियों से बचने के लिए लोग शुद्ध पानी मानकर इन्हीं कंपनियों के पानी का इस्तेमाल कर रहे है, जिसे पीने के बाद वे और अधिक पीड़ित होते जा रहे है। बरवाडीह प्रखण्ड क्षेत्र में शुद्ध पानी बेचने के नाम पर लगभग एक दर्जन से भी अधिक कंपनियां संचालित है, जो कायदे कानूनों को धत्ता बताते हुए जार, कैन में पानी के साथ बीमारी परोसने का काम कर रही है। सरकारी अफसरों की उदासीनता का फायदा यह कंपनियां भरपूर उठा रही है। क्योंकि जानकारी के अनुसार इन कंपनियों की अब तक संबधित विभाग द्वारा किसी प्रकार की जांच नहीं की गई है, लेकिन बंद जार की बिक्री धड़ल्ले से हो रही है।


बंद जार के अंदर मृत मकड़ी।

### आगे से साफ-सफाई पर रखा जायेगा ध्यान : संचालक

इस संबंध में जब कावेरी एक्वा शुद्ध जल कंपनी के संचालक अनिल कुमार से दूरभाष पर पूछताछ की गई तो उन्होंने कहा कि मजदूरों की लापरवाही के कारण ऐसा हुआ होगा। जबकि उन्हें प्रतिदिन जार साफ करने का निर्देश दिया गया हैं। वहीं उन्होंने आगे से शिकायत नहीं आए इसके लिए साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की बात कही है।

## एक नजर में

### अन्नपूर्णा बीज भंडार के द्वारा 101 व्रतियों के बीच किया गया प्रसाद पैकेट का वितरण

**चंदवा।** चार दिनों तक चलने वाले लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर व्रती, श्रद्धालु समेत पूजा समितियां तैयारियों को अंतिम रूप देने में जोर सोर से जुट गई है। कई संस्थाएं व्रतियों को अपने स्तर पर सुविधा महिया करने के प्रयास में जुटी है, इसी कड़ी में अन्नपूर्णा बीज भंडार चंदवा के प्रोपराइटर अंकित कुमार व राजकुमार अग्रवाल के द्वारा छठ व्रतियों ने सहायतार्थ 101 प्रसाद पैकेट का वितरण किया गया। अंकित कुमार ने बताया कि अन्नपूर्णा बीज भंडार की ओर से इस वर्ष भी 1000 छठ व्रतियों के लिए नि:शुल्क ईंख (केतारी) का प्रबंध भी किया गया है। जिसका वितरण शनिवार की सुबह 8 बजे से बुध बाजार स्थित अन्नपूर्णा बीज भंडार प्रांगण में किया जाएगा इसके अलावे भुषाढ़, नगर व चकला में भी व्रतियों ने लिए ईंख उपलब्ध कराया जाएगा। इन्होंने व्रतियों से नि:शुल्क ईंख प्राप्त कर सेवा का अवसर देने की अपील की है। अंकित ने आगे कहा कि लोक आस्था के महापर्व में व्रतियों को सेवा करने का अवसर मिले वह सौभाग्य की बात है।

### छठ पुजा को लेकर बैठक सम्पन्न, कमिटी गठित, अध्यक्ष राजन भगत व सचिव बने राहुल कुमार


बैठक करते समिति के लोग।

**चंदवा।** शिव मंदिर आन परिसर में गुरुवार की सुबह महापर्व छठ को लेकर श्रद्धालुओं की बैठक संपन्न हुई। इसकी अध्यक्षता आदित्य प्रसाद ने की। बैठक में श्रद्धालुओं वृत्तियों को हर संभव सुविधा पहुंचाने के लिए विशेष चर्चा की गई। आन गांव स्थित घघरी नदी तट को साफ सुथरा कर छठ घाट निर्माण, घाट में प्रकाश की व्यवस्था, सड़कों में भी प्रकाश की उत्तम व्यवस्था समेत अन्य सुविधा बनाने पर लोगों ने विचार विमर्श किया। सर्वसम्मति से संचालन समिति का गठन किया गया। संरक्षक मंडली में मुखिया पति सरदार सिंह, कृष्ण प्रसाद भगत, आदित्य प्रसाद साहू, बलराम प्रसाद, मंगरा भुइंया, कृष्ण प्रसाद, लाल बिहारी यादव, ग्राम प्रधान हरि भुइंया, महेंद्र भुइंया, राजेंद्र यादव को शामिल किया गया है। संचालन समिति के अध्यक्ष राजन भगत, सचिव राहुल कुमार, उपाध्यक्ष लक्ष्मण यादव, सुजीत यादव, पवन प्रसाद महासचिव लवकेश यादव, सत्यनारायण सिंह, मंटू भुइंया, मणिलाल उरांव, भोला यादव कोषाध्यक्ष कमलेश यादव, रविंद्र प्रसाद, उपेंद्र भुइंया, मनी गंझू बनाए गए हैं। इनके अलावे कार्यकारिणी सदस्यों में राजेश भुइंया, शीष भगत, ललन यादव, उमेश भुइंया, धीरेंद्र यादव, अजय यादव, सुरेंद्र राम, उमेश यादव, अर्जुन यादव, महेश यादव, लखन उरांव को शामिल किया गया है। बैठक में बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### मध्याह्न भोजन अंतर्गत प्रखंड स्तरीय जन सुनवाई, 18 विद्यालयों का मामला निष्पादित



मौके पर उपस्थित जनप्रतिनिधि व पदाधिकारी।

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित संसाधन केंद्र में गुरूवार को प्रखंड स्तरीय सामाजिक अंकेक्षण एवं जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया किया गया। जिसमे ज्यूरी के रूप में प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, बीडीओ प्रतिमा कुमारी, राजू रामवृक्ष लोहरा ने जनसुनवाई में समग्र शिक्षा अभियान एवं मध्याह्न भोजन योजना के अंतर्गत जनसुनवाई मे उपस्थित थे वहीं प्रखंड सोशल ऑडिट यूनिट के तीन सदसीय टीम अनिल पासवान, केदार कुमार सिंह व महेंद्र कुमार गँझू की उपस्थित में प्रखंड के 18 विद्यालयों से आये मामलों का निष्पादन किया गया। पूर्व में समाजिक अंकेक्षण की टीम ने विद्यालय का निरीक्षण कर समग्र शिक्षा अभियान व मध्याह्न भोजन कार्यक्रम संचालन को निरिक्षण किया था। जिसको लेकर जनसुनवाई में संबंधित समस्याओं पर समाधान कर रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। इसमें अधिकांश मामलों का निष्पादन किया गया. वहीं कुछ मामलों को जिलास्तरीय जनसुनवाई के लिए रिपोर्ट भेज दिया गया। ज्ञात हो की कोरोना काल में छात्रों के बीच वितरण किए जाने वाले चावल क्षतिपूर्ति भता को लेकर कई विद्यालय से रिपोर्ट सौपी गई। मौके पर बीईईओ नागेन्द्र प्रसाद सिंह, बीपीओ नरेश कुमार रवि,सीआरपी संजीव कुमार, ईश्वरी कुमार, प्रकाश यादव, केदार सिंह, अनिल प्रसाद सहित सम्बंधित विद्यालय के शिक्षक उपस्थित थे।

### रामपुर नदी छठ घाट की महुआडांड़ हिन्दू महासभा ने जेसीबी मशीन लगाकर कराई सफाई


सफाई के दौरान मौजूद लोग।

**महुआडांड़।** महुआडांड़ प्रखंड अंतर्गत दिन गुरुवार को महुआडांड हिन्दू महासभा के अध्यक्ष मनोज जायसवाल के नेतृत्व में हिन्दू महासभा के द्वारा रामपुर नदी छठ घाट की सफाई जेसीबी मशीन के द्वारा सफाई कराई गई। छठ महापर्व लोक आस्था का पर्व माना जाता है। सफाई का खास ध्यान दिया जाता है। किसी प्रकार की कोई दिक्कत ना हो इसके लिए सारी व्यवस्था की जा रही है। कितने लोग छठ कर रहे हैं इसका अंदाजा तो नहीं है हालांकि हिन्दू महासभा के अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने बताया कि इस बार पार्किंग की भी व्यवस्था की जाएगी। वहीं चार दिवसीय महा पर्व पूरे धूम धाम के साथ मनाया जाएगा। इस सफाई कार्यक्रम में हिन्दू महासभा के अध्यक्ष मनोज जायसवाल, उपाध्यक्ष शंभु प्रसाद, महामंत्री भानु प्रसाद, बजरंग दल के पलामू प्रमंडल के विभाग संयोजक सुरज साहू, संदीप कुमार, अजय प्रसाद, आनंद नाथ शाह, प्रशांत सिंह, राकेश कुमार, संदीप प्रसाद, उज्वल धनुष, रामप्रवेश गुप्ता, राजेश ठाकुर, उज्जवल साहू, पंकज दास बाबू, विकास कुमार, सुरज गुप्ता, सत्यम कुमार आदि समेत हिन्दू महासभा के पदाधिकारीगण एवं सदस्य गण पूरे तन मन के साथ सफाई किये।

### नहाय खाय के साथ सूर्य उपासना का महापर्व छठ व्रत 17 नवम्बर से होगी शुरू: पंडित सर्वेश पाठक

**महुआडांड़।** नहाय खाय के साथ 17 नवम्बर दिन शुक्रवार से सूर्य उपासना के महापर्व छठ व्रत की शुरूआत हो रही है। दुर्गा बाड़ी महुआडांड के पंडित सर्वेश पाठक ने बताया कि नेम निष्ठा का यह पर्व 17 नवम्बर दिन शुक्रवार से शुरू होगी एवं 20 नवम्बर दिन सोमवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य के साथ छठ महापर्व का समापन होगा।

ये है कैलेंडर–17 नवम्बर 2023 दिन शुक्रवार नहाय खाय, 18 नवम्बर 2023 दिन शनिवार को खरना, 19 नवम्बर 2023 दिन रविवार को सूर्यदेव को पहला अर्घ्य दिया जाएगा। 20 नवम्बर 2023 दिन सोमवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य के साथ छठ महापर्व का समापन होगा।

### नगर पंचायत के प्रशासक ने किया छठ घाटों का निरीक्षण


छठ घाट का निरीक्षण करते प्रशासक।

**लातेहार।** नगर पंचायत प्रशासक राजीव रंजन ने पूरी टीम के साथ गुरूवार को जिला मुख्यालय के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने कई आवश्यक दिशा निर्देश जारी किया। उन्होने चटनाही के औरंगा नदी छठ घाट का निरीक्षण किया और छठ पूजा की तैयारियों की जानकारी सूर्यनारायण पूजा समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद सिंह व अन्य सदस्यों से ली। इसके अलावा उन्होने बानपुर छठ घाट का निरीक्षण किया।

स्पीड न्यूज

## एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**गोड्डा।** आज अपराह्न 4:30 बजे सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय, सभागार में 'राष्ट्रीय प्रेस दिवस' के अवसर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के सभी प्रिंट मीडिया में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया को सादर आमंत्रित किया गया लेकिन अब इस तरह के कार्यक्रमों में न प्रिंट मीडिया की दिलचस्पी रही न इलेक्ट्रोनिक मीडिया की। लेकिन फिर भी कुछ पत्रकार और मीडिया कर्मियों ने इसमें अपनी उपस्थिति दी। कार्यक्रम में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार, डा० दिलीप कुमार झा पत्रकार, अमित सिंह मिथिलेश कुमार सहित अन्य कई संवाददाता और स्टाफ उपस्थित रहे।

## सड़क पर बह रहा सैकड़ों लीटर पानी

**कुंदा।** सरकार की महत्वाकांक्षी योजना नल जल योजना है जो प्रत्येक इलाकों के हर घर में पीने का स्वच्छ पानी उपलब्ध करवाना है। लेकीन यह योजना मानो कुन्दा में भ्ष्टार्चार की भेंट चढ़ गई है लोगों का कहना है की गुणवत्तापूर्ण पाईप एवं कार्य नहीं होने के कारण पानी घर में न पहुँच कर सड़को पर बह रही है। जिससे सैकड़ो लीटर पानी बर्बाद हो रही है। वही सड़क कीचड़ में तब्दील हो चुकी है बतादें की ऐसी पानी की बहाव कई स्थानों पर देखने को मिल रही हैं। अब देखना दिलचस्प होगा की संबंधित विभाग इस पर क्या कार्रवाई करती है।

## प्री-मैट्रिक छात्रवृति योजना की जिला स्तरीय समिति की बैठक उपायुक्त ने की

**दुमका।** उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में गुरुवार को प्री-मैट्रिक छात्रवृति योजना की जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई जिसमें निशुल्क साइकिल वितरण योजना, छात्र-छात्राओं की संख्या, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना इत्यादि शामिल थे। इस दौरान उपायुक्त ने जिला कल्याण पदाधिकारी से सरकारी योजनाओं के योग्य लाभुकों के बीच वितरण से संबंधित विभिन्न जानकारियां ली और कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

## डायन प्रथा के खिलाफ डालसा ने चलाया जागरूकता अभियान

दुमका। 100 दिवसीय जागरूकता सह आउटरीच कैंपेन के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकार के पारा लीगल वालेंटियर ने गुरुवार को गोपीकांदर प्रखंड के गुम्मापहाड़ी ग्राम में एक नुक्कड़ सभा का आयोजन कर ग्रामीणों को जागरूक किया गया। ग्रामीणों को डायन प्रथा प्रतिषेध अधिनियम- 2001 के बारे में समझाते हुए कहा कि सती प्रथा के बाद यह देश का दूसरा कानून था। जो अंधविश्वास के खिलाफ बनाया गया। उन्होंने कहा कि यदि कोई भी व्यक्ति किसी अन्य व्यक्ति को डायन के रूप में पहचान करता हो और उस पहचान के प्रति अपने किसी कार्य, शब्द या रीति से कोई कार्यवाही करें तो इसके लिए उसे अधिकतम 3 महीने तक कारावास की सजा अथवा 1000 जुमार्ना अथवा दोनों से दंडित किया जाएगा।

## चोरी और मारपीट के मामले में एक अभियुक्त को जेल

**चतरा।** ए सि जे एम मोहम्मद उमर की अदालत ने चोरी और मार पीट के मामले में पहले से चल रहे फरार अभियुक्त मोहम्मद एहतेशाम उर्फ शेखू पिता मोहम्मद अमानुल्लाह को जेल भेज दिया। गौरतलब हो कि परिवाद पत्र 802/2021 के मुदालय मोहम्मद एहतेशाम ने आज न्यायालय में जमानत का आवेदन दिया था जिसे ए सी जे एम साहब ने खारिज कर जेल भेज दिया। इसके ऊपर चोरी और मारपीट का मामला दर्ज है। इस केस के परीवादी मोहम्मद यूसुफ ने 14 अगस्त 2021 को मोहम्मद अरमान पिता मोहम्मद नाजिर, फरहान पति मोहम्मद अमानुउल्ला, रुकैया फरहान पिता मोहम्मद अमानुउल्ला, मोहम्मद एहतेशाम अमनुउल्ला, शहनाज पति मोहम्मद अरमान सभी ग्राम कोल्डीहा, माली गोदाम रोड नियर फुरकान मस्जिद जिला गिरीडीह के रहने वाले के ऊपर मुकदमा दर्ज किया था।

# निलेश मुखिया हत्याकांड का साजिशकर्ता गोरख राय गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



**पटना।** चर्चित निलेश मुखिया हत्याकांड में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। निलेश मुखिया हत्याकांड के साजिशकर्ता भाइयों में से एक गोरख राय को पुलिस ने आखिरकार गिरफ्तार कर लिया है। गोरख राय की गिरफ्तारी झारखंड के लोहरदगा से हुई है। इस बात की जानकारी पटना के सिटी एसपी सेंट्रल वैभव शर्मा ने देते हुए बताया कि लोहरदगा के जंगल इलाके में गोरख राय छिपकर रह रहा था और इसी दौरान उसकी गिरफ्तारी हो गई। पटना पुलिस की मानें तो पिछले 15 दिनों से गोरख राय लोहरदगा में छिप कर रहा था। पुलिस ने गुप्त सूचना पर मिली जानकारी के आधार उसे गिरफ्तार किया है। निगम पार्षद पति निलेश मुखिया हत्या मामले में गोरख राय के अलावा उसके दो भाई पप्पू राय और धप्पू राय भी मुख्य साजिशकर्ता में शामिल है।

पटना के सिटी एसपी सेंट्रल की माने तो हत्याकांड के पहले ही साजिशकर्ता भाई हरिद्वार और दिल्ली भागे थे। बता दें कि निलेश मुखिया की हत्या विगत 31 जुलाई को पटना में कर दी गई थी। इस मामले में पुलिस ने 14 अगस्त को दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। हत्याकांड में पुलिस को इस बात की जानकारी मिली थी कि पप्पू और धप्पू और गोरख राय ने 25 लाख रुपए की सुपारी देकर निलेश मुखिया की हत्या करवाई है। हत्या के पीछे दोनों के बीच पिछले 8 से 10 साल से चल रही वर्चस्व की लड़ाई मानी जा रही है। निलेश मुखिया की हत्या के लिए अजय रायपर 25 लाख की सुपारी का पैसा लेने और पूरी घटना को अंजाम देने का आरोप है। बताया जा रहा है कि पप्पू राय घटना के दिन हरिद्वार में था। गोरख राय की गिरफ्तारी के बाद पटना पुलिस पप्पू राय और धप्पू राय की गिरफ्तारी में जुट गई है। पटना पुलिस का दावा है कि गिरफ्तार गोरख राय ने हत्याकांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है।

## एक नजर में

## अबुआ आवास योजना का किया शुभारंभ



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज के नेतृत्व में गुरुवार को अबुआ आवास योजना का शुभारंभ किया गया। इस दौरान उन्होंने जागरूक रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम को सम्बोाित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि ग्रामीण विकास विभाग द्वारा वितीय वर्ष 2023-24 में आवास योजना का लाभ योग्य लोगों को देने के लिए जागरूकता रथ को रवाना किया गया। यह रथ जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में घूम घूम कर आमजनों को अबुआ आवास योजना के प्रति जागरूक करने का कार्य करेगी। मौके पर जिप अध्यक्ष रामान यादव, डीडीसी ऋतुराज आदि मौजूद थे। समाहरणालय स्थित सभागार में डीडीसी ऋतुराज ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य सरकार के महत्वपूर्ण कार्यक्रम आपकी योजना आपकी सरकार जिले में 24 नवंबर से शुरू होगी, जो 26 दिसम्बर तक चलेगी। करीब एक माह तक चलने वाले उक्त कार्यक्रम के दौरान सभी प्रखंडों के पंचायतों में अलग अलग तिथियों को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

इस कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं का लाभ देने को लेकर आवेदन लिए जाएंगे, लाभुक अपने आवेदन के साथ मोबाइल नम्बर, मनरेगा जॉब कार्ड, आाार कार्ड, बैंक खाता आदि की जानकारी देनी होगी। कार्यक्रम में अबुआ आवास योजना पर मुख्य फोकस रहेगा, इसके अलावे सावित्रीबाई फुले समेत अन्य योजनाओं का लाभ के लिए आवेदन लिए जाएंगे, प्राप्त आवेदनों को ग्राम सभा से पारित किया जाएगा, उसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जिला स्तरीय समन्वय समिति की समीक्षा बैठक

## उपायुक्त ने दिए कई आवश्यक दिशा-निर्देश






खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक की गई। बैठक में दुमका जिला में संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास योजनाओं एवं विभिन्न विषयों की उपायुक्त ने गहन समीक्षा की। मुख्य रूप से आबुआ आवास योजना, स्वास्थ्य विभाग, आपूर्ति विभाग, शिक्षा विभाग, समाज कल्याण विभाग अंतर्गत योजनाएं, पंचायती राज, मनरेगा, आधार सीडिंग, बिरसा हरित ग्राम योजना, वीर शहिद पोटो हो खेल विकास योजना के तहत खेल मैदान निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना, आंगनबाड़ी केंद्र भवन निर्माण, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, कल्याण, पर्यटन, राजस्व, निर्वाचन, भू अर्जन समेत अन्य विषयों एवं विभागों पर एक-एक कर प्राप्त प्रतिवेदन एवं संबंधित विभाग के पदाधिकारियों से जानकारी लेते हुए कार्यों की वर्तमान स्थिति एवं आगे के कार्यप्रणाली को लेकर योजनाबद्ध तरीके से बेहतर कार्य करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया। जिला कल्याण विभाग की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने मुख्यमंत्री रोजगार सृजन हेतु ऑनलाइन आवेदन जनरेट करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने इस संबंध में आम जनों को योजना से जुड़ी जानकारी देने को कहा। जिससे योग्य लाभुक मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना का लाभ लेने हेतु ऑनलाइन आवेदन कर सके एवं योजना को लेकर अगले एक सप्ताह में विशेष रूप से आवेदनों की समीक्षा बैठक आयोजित करने का निर्देश दिया गया। पोशाक वितरण, छात्रवृत्ति भुगतान, बिरसा आवास एवं वन अधिकार समिति की भी समीक्षा की गई। समाज कल्याण विभाग की समीक्षा करते हुए उपयुक्त ने पोषाहार वितरण की जानकारी ली। उपायुक्त ने जिले के सभी वरीय पदाधिकारी को विभिन्न प्रखंडों में जाकर आंगनबाड़ी केंद्र, विद्यालय समेत अन्य योजना का नियमित रूप से निरीक्षण करने का निर्देश दिया। जिससे दिए जाने वाले पोषाहार, पठन पाठन समेत शिक्षक की उपस्थिति सुनिश्चित कराई जा सके। बैठक में उपायुक्त ने नीति आयोग द्वारा निर्धारित पैरामीटर को ध्यान में रखते हुए कार्य करने को कहा।

### लोक आस्था का पर्व छठ घाट की तैयारी तेज

# विधायक बसंत ने लिया जायजा, दिए कई आवश्यक निर्देश



छठ घाट का निरीक्षण करते विधायक

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** लोक आस्था का महापर्व को लेकर उपराजधानी दुमका शहर समेत जिले के विभिन्न प्रखंडों में तैयारी तेज हो गई है। लोग आसपास के तालाब एवं नदी के घाटों के सफाई में जुट गए है। पहले दिन नहाय खाय के साथ शुरू होने वाला चार दिवसीय लोक आस्था का पर्व छठ कद्दू-भात के साथ कल से शुरू होगी।

गुरुवार को विधायक बसंत सोरेन ने शहर के खूंटा बांध, बड़ा बांध, दुधानी तालाब सहित कई छठ घाटों का निरीक्षण किया। निरीक्षण कर विधायक ने पार्किंग सहित कई मुद्दों पर बेहतर तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया। विभिन्न छठ घाटों के निरीक्षण के दौरान विधायक ने प्रशासनिक अधिकारियों और पूजा कमेटी के सदस्यों से व्रतियों की सुविधा के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। सुरक्षा व्यवस्था, साफ सफाई, लाइटिंग, पार्किंग सहित कई मुद्दों पर बेहतर तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया। विधायक बसंत सोरेन ने छठ पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह लोक आस्था का महापर्व है, जो सदियों से मनाई जा रही है। छठ घाट आने वाले व्रती और श्रद्धालुओं को कोई परेशानी नहीं हो, इसका सभी को ध्यान रखना होगा। उन्होंने कहा कि लोग भक्तिपूर्ण माहौल में छठ पर्व मनाएं और सुरक्षा का विशेष ख्याल रखने की बात कही। उन्होंने इसके लिए प्रशासनिक महकमा को मुस्तैद रहने का निर्देश दिया। विधायक बसंत सोरेन के निर्देश के बाद भी कार्य में तेजी देखी गई और सभी छठ घाटों के साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखा जा रहा है। पूजा कमेटी के सदस्यगण भी इस कार्य में श्रद्धा व निष्ठा के साथ भाग लेकर छठ घाटो पर तैनात दिखे।

## उपायुक्त ने की शिक्षा विभाग की बैठक, दिए कई दिशा निर्देश

**कोडरमा।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में वितीय वर्ष 2023-24 में विद्यालयों को भेजे गए अनुदान राशि, उसके उपयोग, पोशाक क्रय एवं व्यय की स्थिति, मुख्यमंत्री विशेष छात्रवृत्ति योजना, साइकिल वितरण, बैंक खाता, शिक्षकों की उपस्थिति समेत विभिन्न बिन्दुओं पर समीक्षा कर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में डीसी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि विभाग द्वारा संचालित सभी कार्यों में प्रगति लाएं, सरकारी स्कूलों में अध्यनरत सभी छात्र-छात्राओं का बैंक खाता खुलवाना सुनिश्चित करें, स्कूलों में शिक्षकों और बच्चों की उपस्थिति शतप्रतिशत हो इसके लिए आवश्यक पहल करें। मौके पर डीसी के अलावे डीडीसी ऋतुराज समेत शिक्षा विभाग के पदाधिकारी आदि मौजूद थे।

## विधिक साक्षरता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**इटखोरी।** झालसा रांची के निदेर्शानुसार माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के मार्गदर्शन एवं माननीय सचिव महोदया के नेतृत्व में स्वामी विवेकानन्द +2 उच्च विद्यालय मयूरहंड में पीएल वी दयानन्द कुमार शर्मा के द्वारा विधिक साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता नोडल शिक्षक राजेन्द्र दास ने किया। उपस्थित छात्र एवम छात्राओं को मौलिक अधिकार, कर्तव्य, बाल विवाह, दहेज प्रथा, साइबर क्राइम, गुड टच, बैड टच इत्यादि के बारे में विधिक जानकारी दी गई।

### पुरानी रंजिश के कारण दो गुटों में हुई थी तकरार

# मूर्ति विसर्जन से इसका कोई ताल्लुक नहीं : एसडीपीओ गोड्डा



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** पथरा चौक पर दो गुटों की पुरानी रंजिश के कारण आपसी भिडंत हो गई । हालाकि संयोग वश मूर्ति विसर्जन के वक्त का समय था परंतु मूर्ति विसर्जन से अलग होकर ये आपसी लड़ाई की घटना सामने आई है। मौके पर उपस्थित पुलिस बल के जवानों पर भी पथराव किया गया जिसमें एक नगर थाना के एएसआई उमेश मोदी के साथ एक अन्य जवान को भी चोटें लगी है जिसकी चिकित्सा चल रही है और वो खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं। घटना की जानकारी के विषय में एसडीपीओ जेपीएन चौधरी ने बताया की आपसी पुरानी रंजिश के कारण दो गुटों में भिडंत हो गई और कुछ लोग घायल भी हुए हैं। ये मूर्ति विसर्जन को लेकर कोई विवाद नही थी लेकिन संयोगवश वक्त वही था। दोनो पक्षों की ओर से नगर थाना गोड्डा में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस की सक्रियता से मामला उसी वक्त शांत हो गई लेकिन अब पुलिस की जांच और पूछताछ के बाद ही मामला आगे बढ़ेगी।

### जिला अधिवक्ता संघ चुनाव का दूसरा दिन

# संयुक्त सचिव समेत दो उम्मीदवारों ने किया नामांकन



नामांकन करते अधिवक्ता

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव को लेकर नामांकन के दूसरे दिन मात्र दो उम्मीदवारों ने गुरुवार को नामांकन किया। जिसमे संयुक्त सचिव (प्रशासनिक) पद पर अधिवक्ता सोमनाथ दे एवं कार्यकारिणी सदस्य के पद पर मनोज कुमार मिश्रा ने नामांकन किया। पहले दिन कोषाध्यक्ष पद के लिए अधिवक्ता बिमलेन्दु कुमार ने नामांकन पर्चा दाखिल किया।संयुक्त सचिव (पुस्तकालय) पद के लिए रामफल लायक ने नामांकन किया। कार्यकारणी सदस्य के लिए अधिवक्ता चंद्रभूषण गुप्ता, परबीर कुमार दुबे एवं मिताली चटर्जी ने नामांकन पर्चा दाखिला किया। यहां बता दें कि 9 दिसंबर को जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव अध्यक्ष समेत विभिन्न 16 पदों के लिए मतदान होना है। जिसमे एक अध्यक्ष पद, एक सचिव, एक उपाध्यक्ष, एक कोषाध्यक्ष, एक सहायक कोषाध्यक्ष, दो संयुक्त सचिव एवं 9 कार्यकारिणी सदस्यों के उम्मीदवारी को लेकर मतदान होना है। गौरतलब हो कि झारखंड राज्य विधिज्ञ परिषद ने जिला अधिवक्ता संघ के 2023-2025 सत्र के कार्यसमिति का चुनाव सम्पन्न कराने के लिए चुनाव समिति के पदाधिकारियों को मनोनीत की है।

# 'अबुआ आवास योजना' को लेकर एकदिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता




**गोड्डा।** आज नगर भवन, गोड्डा में 'अबुआ आवास योजना' का जिले में वृहद रूप से प्रचार प्रसार कराने एवं आम लोगों को इस योजना के प्रति जागरूक कराने के उद्देश्य से एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ विधायक पोड़ैयाहाट प्रदीप यादव, जिला परिषद अध्यक्ष बेबी देवी, उपायुक्त-सह- जिला- दंडाधिकारी जिशान कमर, उप विकास आयुक्त स्मिता टोप्पो एवं जिला परिषद के सदस्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उपायुक्त, गोड्डा के द्वारा संबोधित करते हुए जानकारी दी गई कि अबुआ आवास योजना का शुभारंभ वित्तीय वर्ष 2023-24 में किया गया है, 'अबुआ आवास योजना' राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं से एक महत्वपूर्ण योजना है। इस योजना के अंतर्गत गरीब, असहाय लोगों को तीन कमरे का आवास बनाकर सरकार के द्वारा दिया जाएगा। आगे, उपायुक्त ने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का तीसरा चरण 24 नवंबर से 26 दिसंबर 2023 तक चलाया जाएगा, जिला प्रशासन सभी प्रखंडों के पंचायत में लगने वाले शिविर की सूची की तिथि एक-दो दिन में मुहैया करा दी जाएगी। उन्होंने समस्त जनप्रतिनिधियों से अपने गांव/ टोला में जाकर अपने-अपने पंचायत में लगने वाले शिविर की तिथि की व्यापक प्रचार प्रसार करने की अपील की गई। ताकि छूटे हुए सभी योग्य लाभूकों को लाभ दिया जा सके। विधायक, पोड़ैयाहाट प्रदीप यादव ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की प्रशंसा अन्य राज्यों में भी की जा रही है, की कैसे सरकार लोगों के द्वार पर जाकर योजनाओं का लाभ आम लोगों को दे रही है। हमारा झारखंड निरंतर विकास की ओर आगे बढ़ रहा है। आज सुदूरवर्ती क्षेत्र में रह रहे लोगों को भी सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। हम दृढ़ संकल्पित होकर योजनाओं का लाभ आमजनों को सही समय पर दे एवं अधिक से अधिक संख्या में सरकारी योजनाओं का लाभ मिले, इनके लिए जिला प्रशासन भी तेजी से कार्य कर रही है।उप विकास आयुक्त स्मिता टोप्पो के द्वारा पीपीटी के माध्यम से 'अबुआ आवास योजना' की मुख्य विशेषताओं पर प्रकाश डाला गया। वित्तीय वर्ष 2023-24 से 2025-26 तक (तीन वर्षों की अवधि) में झारखंड राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में 8 लाख आवास का निर्माण किया जाना है।

## पेज 1 का शेष

### नहाय-खाय के साथ आज से...

**छठ महापर्व पर सजे पूजा व फल बाजार :** छठ पर राजधानी रांची के कई इलाकों में छठ के उपयोगी सामानों की दुकानें सज गयी हैं। सूप-दौरा, गागर, नारियल, सूप, दौरा, मिट्टी के कलश, फल, आम की लकड़ी सहित अन्य पूजा के सामान बिक रहे हैं। रांची नगर निगम की टीम तमाम छठ घाटों की साफ-सफाई में जुट गयी है। उपायुक्त से लेकर तमाम अधिकारी छठ घाटों का लगातार मुआयना करने में जुटे हैं। वहीं तमाम सामाजिक संगठन के सदस्य भी तालाबों और अन्य घाटों की सफाई, विद्युत सज्जा में लग गये हैं। प्रशासन सुरक्षा इंतजाम में जुटा है।

### लुगू पहाड़ पर नहीं लगेगा...

उन्हीं को मानते हुए धारा-46 के तहत जमीन खरीद बिक्री के लिए मान्यता प्रदान किये जाने पर सहमति दी है। उक्त संबंध में राज्य सरकार आगे विधिसम्मत कार्यवाही करेगी। **वन पट्टा वितरण में तेजी लाने का निर्देश :** बैठक में वन अधिकार अंतर्गत अबुआ बीर अबुआ दिशोम अभियान के तहत वनों पर आश्रितों के बीच व्यक्तिगत एवं सामुदायिक वन पट्टे के वितरण तेजी लाने का निर्देश दिया गया। झारखंड में पेसा कानून लागू किये जाने संबंधी प्रस्ताव पर विचार विमर्श हुआ। सदस्यों से राज्य में बेहतर पेसा कानून लागू करने के निमित्त लिखित सुझाव भी मांगे गये। छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम, 1908 पर चर्चा सहित कई अन्य महत्वपूर्ण विकासात्मक मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श किया गया। **बैठक में इनकी रही उपस्थिति :** बैठक में विभागीय मंत्री सह टीएसी के उपाध्यक्ष चम्पई सोरेन, विधायक प्रो स्टीफन मरांडी, सीता सोरेन, दीपक बिरुआ, भूषण तिर्की, सुखराम उरांव, दशरथ गगराई, विकास कुमार मुंडा, राजेश कच्छप, सोनाराम सिंकू, शिल्पी नेहा तिर्की, मनोनीत सदस्य विश्वनाथ सिंह सरदार, जमल मुंडा, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे सहित अन्य उपस्थित थे।

### विशेष राज्य का दर्जा दो...

काम हुआ है तो लाभ मिला कि नहीं मिला? अगर दिक्कत है तो बताइये। अब हम लोग तो इसी तरह न काम करेंगे, नहीं तो हमलोगों के बोलने से कहीं छ्प जायेगा क्या, इसलिए घर-घर जाकर लोगों को अपने काम के बारे में बतायेंगे। **यात्रा का भी किया ऐलान :** मुख्यमंत्री केंद्र सरकार पर योजनाओं की राशि कम देने का भी आरोप लगाया। कहा कि राज्यों को केंद्र की योजनाओं का सही लाभ नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने एलान किया कि वह फिर से बिहार की यात्रा पर निकलने वाले हैं। नीतीश कुमार की यह यात्रा लोकसभा चुनाव को देखते हुए अहम हो सकती है। हालांकि इसके पहले भी नीतीश कुमार कई बार बिहार की यात्रा कर चुके हैं। एक बार फिर नीतीश कुमार एक्शन मोड में दिखने लगे हैं। गुरुवार को मुख्यमंत्री उद्यमी योजना की पहला किस्त जारी की गयी। इसके तहत उद्योग करने के लिए लाखों रुपये दिये जायेंगे।

# सैन्य संचार बहाल करेगा अमेरिका और चीन

## बाइडन और जिनफिंग के बीच बनी सहमति

एजेंसी

**वुडसाइड (कैलिफोर्निया)।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और उनके चीनी समकक्ष शी जिनफिंग ने तनावपूर्ण संबंधों के दौर के बाद कामकाजी संबंध स्थापित करने के लिए चार घंटे की मुलाकात के दौरान उच्च स्तरीय सैन्य संचार, मादक द्रव्य विरोधी सहयोग और कृत्रिम मेधा पर चर्चा फिर से शुरू करने पर सहमति व्यक्त की है। दोनों नेताओं की मुलाकात सैन फ्रांसिस्को में एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग शिखर सम्मेलन से इतर हुई। लगभग एक वर्ष से अधिक समय बाद यह व्यक्तिगत बैठक सैन फ्रांसिस्को से लगभग 40 किमी दूर दक्षिण में फिलोली एस्टेट में हुई। बाइडेन ने कहा कि हम खुलकर और स्पष्ट संचार के रास्ते पर लौट आये हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका और चीन ने अपने



द्विपक्षीय संबंधों में महत्वपूर्ण प्रगति की है। बाइडन ने कहा कि क्या जरूरी है और क्या नहीं है, क्या हानिकारिक है और क्या संतोषजनक है, यह सब कुछ निर्धारित करने के लिए यह सही दिशा में उठाया गया कदम है। अमेरिका पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के साथ अपनी प्रतिस्पर्धा जारी रखेगा, लेकिन हम इस प्रतिस्पर्धा को जिम्मेदारी के साथ जारी रखेंगे, ताकि यह किसी विवाद में न बदल जाए। बाइडन ने कहा कि जब दोनों पक्षों में बातचीत नहीं होती है तो मतभेद बढ़ जाते हैं, ऐसे में अब दोनों राष्ट्रपतियों को एक दूसरे का फोन उठाकर सीधे तौर पर एक दूसरे की बात सुननी चाहिए। पिछले साल तत्कालीन अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैंसी पेलोसी के ताइवान दौरे के बाद चीन ने सैन्य संचार बंद कर दिया था। बीजिंग स्व-शासित ताइवान को अपना क्षेत्र मानता है और जरूरत पड़ने पर बलपूर्वक इस पर अधिकार स्थापित करने की धमकी देता है। बाइडन ने कहा कि हालांकि, उनके बीच कई मतभेद थे, लेकिन शी अपनी बात को लेकर स्पष्ट रहे। उन्होंने कहा कि दोनों नेताओं के बीच बातचीत हमारी अब तक की सबसे रचनात्मक और लाभकारी चर्चाओं में से एक है। दोनों पक्षों ने उन क्षेत्रों में कई अन्य समझौतों की भी घोषणा की जो हाल के दिनों में तनाव की वजह बने हुए थे। दोनों देश संयुक्त रूप से कृत्रिम मेधा (एआइ) में अपार संभावनाएं तलाशने पर सहमत हुए। उन्होंने कहा कि जिस क्षेत्र में दोनों देशों के हित एक समान हैं वहां हम साथ मिलकर काम करने को तैयार हैं। दुनिया भी हमसे यही अपेक्षा करती है। बाइडन ने कहा कि आज, राष्ट्रपति शी और मैंने कई क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया, जिसमें रूस तथा यूक्रेन के बीच चल रहा युद्ध और गाजा में चल रहा संघर्ष भी शामिल हैं।

## बाइडन ने शी को फिर बताया तानाशाह

एजेंसी

**वुडसाइड (कैलिफोर्निया)।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने एक बार फिर चीन के राष्ट्रपति शी जिनफिंग को तानाशाह करार दिया। इसे ठीक एक घंटे पहले शी तथा बाइडन ने मुलाकात की थी और दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को बहाल करने के लिए रचनात्मक बातचीत की थी। दोनों नेताओं ने सैन फ्रांसिस्को में एशिया प्रशांत आर्थिक सहयोग शिखर सम्मेलन से इतर मुलाकात की थी। बाइडन ने इस वर्ष की शुरुआत में भी शी के बारे में ऐसा ही बयान दिया था। इस बारे में याद दिलाए जाने पर उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि देखिए वह ( तानाशाह) । बाइडन ने कहा कि मेरा मतलब है कि वह इस मायने में तानाशाह हैं कि वह ऐसे देश का नेतृत्व करने वाले व्यक्ति हैं जो कम्युनिस्ट देश है और जो ऐसी सरकार से चलता है जो हमसे एकदम अलग है। उन्होंने चार घंटे की बैठक के बारे में कहा कि हमने प्रगति की है। इससे पहले दोनों नेताओं ने नवंबर 2022 में इंडोनेशिया के बाली में जी20 शिखर सम्मेलन से इतर आमने-सामने की मुलाकात की थी। बाइडन ने इससे पहले कैलिफोर्निया में जून में चंदा इकट्ठा करने के एक कार्यक्रम के दौरान शी की तुलना तानाशाहों से की थी। हालांकि तब चीन के अधिकारियों ने बाइडन के उस बयान को बकवास और उकसावे वाला करार दिया था। अब बाइडन ने फिर उसी प्रकार का बयान दिया है जिससे चीन पुनः आक्रोशित हो सकता है।

# भारत समुद्री कानूनों के अनुरूप नौवहन और व्यापार की स्वतंत्रता के लिए प्रतिबद्ध : राजनाथ

## जकार्ता में रक्षा मंत्री बोले- संघर्ष और टकराव से आजीविका होती है नष्ट

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारत समुद्री कानून पर संयुक्त राष्ट्र समझौता 1982 सहित सभी अंतरराष्ट्रीय कानूनों के अनुसार अंतरराष्ट्रीय समुद्री क्षेत्र में नौवहन, हवाई उड़ान और निर्बाध वैध व्यापार की स्वतंत्रता के लिए प्रतिबद्ध है। श्री सिंह ने गुरूवार को इंडोनेशिया के जकार्ता में आसियान देशों के रक्षा मंत्रियों की 10वीं बैठक (एडीएमएम-प्लस) को संबोधित करते हुए आसियान के महत्व का उल्लेख करते हुए क्षेत्र में बातचीत एवं सर्वसम्मति को बढ़ावा देने में इसकी भूमिका की सराहना की। रक्षा मंत्री ने विभिन्न हितधारकों के बीच व्यापक सहमति पर आधारित क्षेत्रीय सुरक्षा पहलों का आह्वान किया। उन्होंने क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा बढ़ाने के लिए एडीएमएम-प्लस के साथ व्यावहारिक, दूरदर्शी और परिणामोन्मुखी सहयोग को बढ़ावा



देने के बारे में भी प्रतिबद्धता व्यक्त की। श्री सिंह ने जोर देते हुए कहा कि संघर्ष और टकराव से मानव जीवन की हानि के साथ साथ आजीविका नष्ट होती है, क्षेत्रीय एवं वैश्विक स्तर पर स्थिरता में बाधा आती है और इसका खाद्य सुरक्षा तथा ऊर्जा सुरक्षा आदि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने आसियान और इससे जुड़े देशों के साथ काम करने की भारत की प्रतिबद्धता दोहराई जिससे कि शांति, समृद्धि और सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। उन्होंने शांति पर अपने विचार रखते हुए महात्मा गांधी का हवाला देते हुए कहा कि शांति का कोई रास्ता नहीं है, केवल शांति है । रक्षा मंत्री ने स्थायी शांति और वैश्विक स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए बातचीत और कूटनीति की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने दुनिया भर में भारत के इस संदेश की पुष्टि की कि यह युग युद्ध का नहीं है और हम बनाम वह मानसिकता को छोड़ने की जरूरत पर बल दिया। श्री सिंह ने भारत-आसियान गतिविधियों विशेष रूप से संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों में महिलाओं के लिए पहल और समुद्री प्लास्टिक प्रदूषण नियंत्रण में आसियान सदस्य देशों की उत्साहपूर्ण भागीदारी की सराहना की। उन्होंने गत मई में आयोजित पहले आसियान-भारत समुद्री अभ्यास के साथ-साथ मानवीय सहायता और आपदा राहत कार्यों पर विशेषज्ञ कार्य समूह में आसियान सदस्य देशों की सक्रिय भागीदारी की भी सराहना की।

आतंकवाद को आसियान क्षेत्र सहित अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए एक गंभीर खतरा करार देते हुए उन्होंने आतंकवाद से निपटने के लिए विशेषज्ञ कार्य समूह की सह-अध्यक्षता करने का प्रस्ताव रखा। इस प्रस्ताव का एडीएमएम-प्लस ने समर्थन किया क्योंकि आतंकवाद इस क्षेत्र के देशों के लिए एक गंभीर चिंता का विषय बना हुआ है।

## चंद्रयान-3 का ऊपरी हिस्सा समुद्र में गिरा

**चेन्नई।** भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा है कि चंद्रयान-3 अंतरिक्ष यान को कक्षा में भेजने वाले भारतीय रॉकेट का ऊपरी चरण पृथ्वी पर वापस आया और उत्तरी प्रशांत महासागर से टकराया। इसरो के अनुसार, चंद्रयान-3 अंतरिक्ष यान को ले जाने वाले एलवीएम-3 रॉकेट के क्रायोजेनिक ऊपरी चरण ने बुधवार को दोपहर करीब 2.42 बजे पृथ्वी के वायुमंडल में अनियंत्रित रूप से पुनः प्रवेश किया। इसरो ने कहा कि संभावित प्रभाव बिंदु की भविष्यवाणी उत्तरी प्रशांत महासागर के ऊपर की गई थी। अंतिम ग्राउंड ट्रैक भारत के ऊपर से नहीं गुजरा। रॉकेट बॉडी उस वाहन (रॉकेट) का हिस्सा था, जिसने चंद्रयान -3 अंतरिक्ष को 14 जुलाई को इच्छित स्थान पर सफलतापूर्वक इंजेक्ट किया था। रॉकेट बॉडी का पुनः प्रवेश इसके प्रक्षेपण के 124 दिनों के भीतर हुआ। एलवीएम-3 एम-4 क्रायोजेनिक ऊपरी चरण का मिशन के बाद का कक्षीय जीवनकाल, इंटर-एजेंसी स्पेस डेब्रिस कोऑर्डिनेशन कमेटी द्वारा अनुशंसित एलईओ वस्तुओं के लिए 25-वर्षीय नियम के पूरी तरह से अनुपालन में है।

## विएना संधि का सम्मान करे कनाडा : भारत

**नयी दिल्ली।** भारत ने कनाडा में वेंकूवर में 12 नवंबर को भारतीय वाणिज्य दूतावास के कॉन्सुलर शिविर पर हमलों को लेकर चिंता जताते हुए कनाडा सरकार को विएना संधि के सम्मान सुनिश्चित करने की नसीहत दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने गुरुवार को कहा कि कनाडा में हमारा उच्चायोग और वाणिज्य दूतावास नियमित रूप से कांसुलर शिविरों का आयोजन करते हैं। ऐसा ही एक शिविर पेंशनभोगियों को जीवन प्रमाण पत्र प्रदान करने के लिए 12 नवंबर को वैंकूवर के पास आयोजित किया गया था। कुछ कट्टरपंथी तत्वों के परेशानी पैदा करने के प्रयासों के बावजूद यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया था। सौभाग्य से हमारे महावाणिज्य दूत उस वक्त उस स्थल पर मौजूद नहीं थे। हम राष्ट्रों को राजनयिक संबंधों पर वियना कन्वेंशन का सम्मान करने की आवश्यकता दोहराते हैं ताकि हमारे राजनयिक अपने राजनयिक दायित्वों का सुचारु रूप से निर्वहन कर सकें। श्री बागची ने कहा कि जहां तक उन घटनाओं का सवाल है जो दिवाली में ब्रैम्पटन या मिसिसॉगा के पास हुईं थीं। मुझे लगता है कि यह दोनों समूहों के बीच अशांति की प्रकृति में था। ईमानदारी से कहूं तो, मुझे नहीं लगता कि हमारे वाणिज्य दूतावास को कोई शिकायत मिली है। मैंने कुछ सोशल मीडिया रिपोर्टें देखीं। हम यह भी समझते हैं कि वहां के अधिकारी उस घटना की जांच कर रहे हैं।

# ढाई लाख सरकारी नौकरी और 450 रुपये में मिलेगा सिलेंडर

## राजस्थान में भाजपा का संकल्प पत्र जारी

एजेंसी

**जयपुर।** राजस्थान में भाजपा ने खोला पिटारा। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने विधानसभा चुनाव के लिए घोषणा पत्र (संकल्प पत्र) गुरुवार को जारी किया, जिसमें युवाओं को पांच साल में 2.50 लाख सरकारी नौकरी देने और गरीब परिवारों की महिलाओं को 450 रुपए में रसोई गैस सिलेंडर देने का वादा किया गया है। पार्टी ने यह भी कहा है कि वह पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) को केंद्र सरकार के साथ मिलकर पूरा करेगी। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने आपणो अग्रणी राजस्थान



संकल्प पत्र-2023 का विमोचन किया। उन्होंने कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार बनने पर परीक्षा पत्र लीक व अन्य घोटालों की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित किया जाएगा। नड्डा ने कहा कि हमारी सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि ऐसे मामलों में दोषियों को दंड मिले। नड्डा ने कहा कि केन्द्र सरकार ने हर क्षेत्र में राजस्थान के विकास किए कार्य किया है लेकिन हम डबल इंजन की सरकार चाहते हैं क्योंकि यहां पर तुष्टिकरण, परीक्षा पत्र लीक, घोटाले और भ्रष्टाचार वाली सरकार है और इसे हटाना आवश्यक है। नड्डा ने कहा कि अन्य पार्टियों के लिए घोषणा पत्र महज एक औपचारिकता है, पर भाजपा के लिए यह विकास का खाका है। इसलिए ये संकल्प पत्र मात्र पन्नों पर लिखे शब्द नहीं हैं यह हमारे लिए ऐसे वाक्य हैं जिन्हें पूरा करने के लिए हम कटिबद्ध हैं।

## शेयर बाजार में दूसरे दिन भी तेजी, सेंसेक्स 306 अंक चढ़ा

**मुंबई।** शेयर बाजारों में गुरुवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 306 अंक चढ़ गया। विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी प्रवाह और आईटी शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी रही। अमेरिका में महंगाई दर में उम्मीद से ज्यादा कमी आने और बॉन्ड प्रतिफल में गिरावट से शेयर बाजार की धारणा मजबूत हुई है। सेंसेक्स 306.55 अंक चढ़कर 65,982.48 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 89.75 अंक बढ़त के साथ 19,765.20 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस, एनटीपीसी, महिंद्रा एंड महिंद्रा और बजाज फिनसर्व में प्रमुख रूप से तेजी रही।

## दूसरा वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन आज

**नयी दिल्ली ।** भारत की अध्यक्षता में जी-20 के आखिरी वर्चुअल शिखर सम्मेलन के पहले शुक्रवार को दूसरा वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन वर्चुअल आयोजित किया जा रहा है जिसमें इजरायल फिलीस्तीन मुद्दे पर चर्चा होने की संभावना है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सुबह दस बजे उद्घाटन सत्र को संबोधित करेंगे।

# 'अटल' में वाजपेयी की मां का किरदार निभायेंगी नेहा जोशी

**मुंबई।** अभिनेत्री नेहा जोशी को नए शो 'अटल' में पूर्व भारतीय प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की मां कृष्णा देवी वाजपेयी का किरदार निभाने के लिए चुना गया है। यह टेलीविजन शो दिवंगत प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के बचपन के अनकहे पहलुओं की पड़ताल करता है। भारत में ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के बैकड्रॉप पर आधारित यह शो अटल बिहारी वाजपेयी के बचपन की जटिलताओं को उजागर करेगा, उन घटनाओं, विश्वासों और चुनौतियों पर प्रकाश डालेगा, जिन्होंने उन्हें एक ऐसा नेता बनाया, जो वे बने। नेहा ने कहा कि युवा अटल की मां कृष्णा देवी वाजपेयी की महत्वपूर्ण भूमिका निभाकर मैं कितना सम्मानित महसूस कर रही हूं, इसे व्यक्त करने के लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं। इतिहास और राजनीति के प्रति कृष्णा देवी के जुनून के बावजूद, वह शालीनता से अपने



पति, कृष्ण बिहारी वाजपेयी की समर्पित समर्थक बन गईं। उनके जीवन का मिशन अपने परिवार के भीतर सद्भाव बनाए रखना है, अपने पति की पसंद के पीछे दृढ़ता से खड़ा होना है। दृढ़ संकल्प और गहरी धार्मिक प्रतिबद्धता के साथ, वह चुपचाप ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन का विरोध करती हैं, और उत्साहपूर्वक भारत की मुक्ति की कामना करती है। उन्होंने कृष्णा देवी को वह आधारशिला कहा, जिस पर उनके बेटे अटल भरोसा करते हैं, उन्हें उनकी अथक दृष्टि और यथास्थिति पर सवाल उठाने की प्रवृत्ति विरासत में मिली है। उन्होंने कहा कि हो सकता है कि वह दुनिया के सामने अपने विचार न रखती हों, लेकिन वह अपने प्यारे देश को आजाद देखने की सच्ची इच्छा रखती हैं। अपने परिवार के प्रति उनकी अडिग प्रतिबद्धता, औपनिवेशिक उत्पीड़न के खिलाफ अनकही अवज्ञा और अपने बेटे के भाग्य को आकार देने में प्रभावशाली भूमिका कृष्णा को एक असाधारण चरित्र बनाती है।

## अरविंद अकेला कल्लू का छठ गीत 'गोदी में ललनवा' रिलीज

**मुंबई।** चार दिनों तक चलने वाला सूर्य उपासना का महापर्व छठ शुक्रवार से नहाए खाए के साथ शुरू होगा। इसी बीच भोजपुरी सुपरस्टार अरविंद अकेला कल्लू का छठ गीत गोदी में ललनवा रिलीज हुआ है। कल्लू का यह छठ गीत बेहद मार्मिक है, जो उस मां की वेदना और मर्म को प्रदर्शित करता है, जिसके घर कोई बच्चा नहीं हुआ है। कल्लू ने इस छठ गीत के माध्यम से एक ब्याही मां की पीड़ा को हरने के लिए इस पर्व के महत्व को बताया है। कल्लू ने कहा कि यह गीत बेहद भावनात्मक और छठ मां की महिमा को दशार्ने वाला है। इस गीत से कोई भी दिल से जुड़ जाएगा। यह गाना मेरे लिए बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह मेरे भी दिल के करीब है। उन्होंने कहा कि गोदी में ललनवा को गाते वक्त कई बार मेरा गला रूंध गया। छठी मां की भक्ति में इतनी शक्ति है कि वे सबों का दुख हरती हैं।

## स्पीड न्यूज

### सीबीआइ में दो नये एसपी नियुक्त

**नयी दिल्ली।** भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारी वसावा अमित नगीनभाई और सुहैल शर्मा को सीबीआई में एसपी के रूप में नियुक्त किया गया है। नगीनभाई वर्ष 2016-बैच के गुजरात कैडर के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी हैं और शर्मा वर्ष 2012-बैच के महाराष्ट्र कैडर के अधिकारी हैं।

कार्मिक मंत्रालय की तरफ से जारी एक आदेश के अनुसार, दोनों अधिकारियों को पांच वर्ष की अवधि के लिए सीबीआई में एसपी के रूप में नियुक्त किया गया है। केंद्र सरकार ने सीबीआई में डीआईजी के पद पर कार्यरत अभिषेक शांडिल्य और सदानंद दाते का कार्यकाल बढ़ा दिया है।

### जारी रहेगा सहारा से जुड़ा मामला : सेबी

**मुंबई।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की अध्यक्ष माधबी पुरी बुच ने गुरुवार को कहा कि साहारा के संस्थापक सुब्रत रॉय के निधन के बाद भी पूंजी बाजार नियामक समूह के खिलाफ मामला जारी रखेगा। फिक्की के एक कार्यक्रम से इतर बुच ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि सेबी के लिए यह मामला एक इकाई के आचरण से जुड़ा है और यह जारी रहेगा चाहे कोई व्यक्ति जीवित हो या नहीं।

### चीन : इमारत में आग से 26 की मौत

**बीजिंग।** उत्तरी चीन के शांक्सी प्रांत में एक कोयला खदान कंपनी की इमारत में गुरुवार को आग लगने से कम से कम 26 लोगों की मौत हो गई और 60 से अधिक लोग घायल हो गए। चीन के सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी। मीडिया की खबरों के मुताबिक, ल्युलियांग सिटी के लिशी जिले में स्थित पांच मंजिला इमारत की दूसरी मंजिल पर आग सुबह करीब छह बजकर 50 मिनट पर लगी।

### पाकिस्तान में चार आतंकवादी ढेर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर पश्चिम खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में गुरुवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच दो अलग-अलग मुठभेड़ों में एक सैनिक और चार आतंकवादी मारे गए। सेना की मीडिया विंग इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने बयान में कहा कि मुठभेड़ प्रांतीय राजधानी पेशावर के बाहरी इलाके में हुई, जहां सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों की कथित मौजूदगी पर खुफिया जानकारी के आधार पर एक ऑपरेशन चलाया। जिसके बाद, गोलीबारी शुरू हो गई, जिसमें चार वांछित आतंकवादी मारे गए।मृत आतंकवादियों के पास से हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक भी बरामद किए गए।

### यूएइ में पांच भारतीयों की निकली लॉटरी

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अलग-अलग शहरों में रहने वाले कम से कम पांच भारतीयों के या तो साप्ताहिक ड्रॉ निकले या उनकी लॉटरी निकली है। इनमें से एक व्यक्ति एक नियंत्रण कक्ष का ऑपरेटर है जिसकी 45 करोड़ रुपये की लौटरी निकली है। यूएई में बड़ी संख्या में भारतीय लॉटरी में धन लगाते हैं और इसमें से मध्यम वर्ग या फिर निम्न मध्यम वर्ग के व्यक्तियों की काफी संख्या होती है।

### टाइगर-3 ने कमाये 271 करोड़ रुपये

**मुंबई।** सलमान खान की एक्शन थ्रिलर फिल्म टाइगर 3 ने चार दिनों के अंदर दुनिया भर 271.50 करोड़ रुपये की कमाई की। निर्माताओं ने गुरुवार को यह जानकारी दी। यशराज फिल्म्स द्वारा निर्मित और मनीष शर्मा के निर्देशन वाली 'टाइगर-3' में कैटरीना कैफ और इमरान हाशमी भी हैं। 12 नवंबर को हिंदी, तमिल और तेलुगु में रिलीज हुई थी।


VERMA PRESS

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

vedanta
transforming for good



समस्त झारखंड वासियों को झारखंड स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनायें

ESL STEEL LIMITED






# दुनिया का एक मात्र सूर्य मंदिर देव, (औरंगावाद) जिसका द्वार पश्चिम की ओर



## विश्व को पुरातन परम्परा से कराया अवगत

### रातों रात बदल गई थी इस सूर्य मंदिर के मुख्य द्वार की दिशा, छठ पर लगता है यहां बड़ा मेला

छठ पर्व पर बिहार के औरंगाबाद में बना सूर्य मंदिर खूब चर्चा में रहता है। यह भारत का एकमात्र मंदिर है, जिसका प्रवेश द्वार पश्चिम दिशा में है। सौ फीट ऊंचे इस मंदिर का स्थापत्य और वास्?तुकला वास्?तव में अद्भुत है। कहते हैं कि इस मंदिर का निर्माण एक रात में किया गया था।

### रातों रात बदल गई थी इस सूर्य मंदिर के मुख्य द्वार की दिशा, छठ पर लगता है यहां बड़ा मेला

**भारत** में आश्चर्य और रहस्यमयी मंदिरों की कोई कमी नहीं है। जिस मंदिर में जाएं, उसका अपना इतिहास और अपनी कहानी है। लेकिन कुछ मंदिर वास्?तव में ऐसे हैं, जिनके बारे में सुनने के बाद इन्?हें करीब से और जानने की उत्सुकता बढ़ जाती है। ऐसा ही एक रहस्यमयी मंदिर बिहार के औरंगाबाद जिले में है। इसके बारे में कहा जाता है कि इस मंदिर ने खुद ही अपनी दिशा बदल ली थी। कुछ लोग इसे मुरादों का मंदिर भी कहते हैं। हम बात कर रहे हैं यहां के सूर्य मंदिर की। इन दिनों इस मंदिर में छठ पूजा की धूम मची हुई है। अभी से मंदिर में भक्तों का यहां तांता लगा हुआ है। यहां भक्तों की भीड को देखकर इसकी मान्?यता का अनुमान लगाया जा सकता है। तो आइए जानते हैं सूर्य मंदिर से जुड़ी कई अनोखी बातों के बारे में।





### एक रात में बना था मंदिर -

कहते हैं कि इस मंदिर का निर्माण खुद भगवान विश्वकर्मा ने एक रात में किया था। स्थानीय लोगों का मानना है कि इस मंदिर में दर्शन करने से आपकी सभी मुरादें पूरी हो जाती हैं। यह अद्भुत मंदिर अपने अंदर न जाने कितने रहस्य समेटे हुए है। किंवदंतियों के अनुसार, इस मंदिर की दिशा खुद ही बदल गई थी। इसका रहस्य भी बड़ा रोचक है।

### पश्चिम की ओर है दरवाजा -

आमतौर पर मंदिरों का दरवाजा पूरब की ओर होता है। यह देश का एकमात्र ऐसा मंदिर है, जिसका दरवाजा पश्चिम की ओर है। इस मंदिर में आप सूर्य देवता की मूर्ति को सात रथों पर सवार देख सकते हैं। इसमें उनके तीनों रूप उदयाचल, मध्?यांचल और अस्ताचल के रूप में मौजूद हैं। इसी कारण छठ पूजा में इस मंदिर की मान्?यता और बढ़ जाती है।

### क्या है रहस्य -

मंदिर का दरवाजा पश्चिम की ओर क?यों है, इसके पीछे भी दिलचस्प कहानी है। कथा के अनुसार, एक बार औरंगजेब मंदिरों को तोड़ने औरंगाबाद पहुंचा। लोगों ने इसे ना तोड़ने की विनती की। उसने कहा कि अगर इस मंदिर में वास्तव में भगवान हैं, तो इस मंदिर का प्रवेश द्वार पश्चिम में हो जाए। लोगों ने सूर्य देव से प्रार्थना की और अगली सुबह जब पुजारी पूजा करने पहुंचे तो देखकर दंग रह गए कि मंदिर का प्रवेश द्वार पश्चिम दिशा में था। हालांकि उल्टी दिशा में होते हुए भी लोगों को सूर्य देव के दर्शन कैसे होते हैं, यह आज भी रहस्य है।

सह मंदिर डेढ़ लाख साल पुराना है। मंदिर बिना सीमेंट के चूना गारा का इस्तेमाल कर आयातकार, गोलाकार, त्रिभुजाकार कई रूपों में कटे गए पत्थरों से मिलकर बनाया गया है। मंदिर के बाहर लगे शिलालेख पर लिखे श्लोक के अनुसार, इस मंदिर का निर्माण 12 लाख 16 हजार वर्ष पहले त्रेता युग में हुआ था और आज इस पौराणिक मंदिर के निर्माण को लगभग 1 लाख 59 हजार 20 वर्ष पूरे हो गए हैं।

### जगन्नाथ का दूसरा रूप है मंदिर -

यह मंदिर अपनी वास्?तुकला और इतिहास के लिए बड़ा प्रसिद्ध है। औरंगाबाद से 18 किमी दूर यह मंदिर 100 फीट ऊंचा है। कुछ लोग इसे ओडिशा में स्थित जगन्नाथ मंदिर का दूसरा रूप कहते हैं।

### सूर्य कुंड में प्रतिमा स्नान का महत्व -

इस मंदिर में सूर्यकुंड नामक तालाब का विशेष महत्व है। मान्यता है कि इस कुंड में स्नान करने के बाद ही सूर्यदेव की आराधना की जाती है। मंदिर की परंपराओं के अनुसार, हर दिन घंटी बजाकर सुबह 4 बजे भगवान को उठाया जाता है और उनकी प्रतिमा को स्नान कराया जाता है। फिर ललाट पर चंदन लगाकर नए वस्त्र पहनाए जाते हैं। हर साल चैत्र मास और कार्तिक मास में होने वाले छठ पर्व पर देश भर के लाखों लोग छठ व्रत के लिए एकत्रित होते हैं।

## छठ पर्व की शुरूआत आखिर कैसे हुई?

चार दिनों तक चलने वाला यह पर्व बड़ा ही कठिन है।इसमें शरीर और मन को पूरी तरह साधना पड़ता है इसलिए इसे पर्व को हठयोग भी माना जाता है। इस कठिन पर्व की शुरूआत कैसे हुई और किसने इस पर्व को शुरू किया इस विषय में अलग-अलग मान्यताएं हैं।

### क्या भगवान राम और सीता ने किया सबसे पहले छठ?



भगवान राम सूर्यवंशी थे और इनके कुल देवता सूर्य देव थे। इसलिए भगवान राम और सीता जब लंका से रावण वध करके अयोध्या वापस लौटे तो अपने कुलदेवता का आशीर्वाद पाने के लिए इन्होंने देवी सीता के साथ षष्ठी तिथि का व्रत रखा और सरयू नदी में डूबते सूर्य को फल, मिष्टान एवं अन्य वस्तुओं से अर्घ्य प्रदान किया।

सप्तमी तिथि को भगवान राम ने उगते सूर्य को अर्घ्य देकर सूर्य देव का आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद राजकाज संभालना शुरू किया। इसके बाद से आम जन भी सूर्यषष्ठी का पर्व मनाने लगे।

### महाभारत के इस योद्धा ने शुरू किया था छठ पर्व?

महाभारत का एक प्रमुख पात्र है कर्ण जिसे दुर्योधन ने अपना मित्र बनाकर अंग देश यानी आज का भागलपुर का राजा बना दिया। भागलपुर बिहार में स्थित है।

अंग राज कर्ण के विषय में कथा है कि, यह पाण्डवों की माता कुंती और सूर्य देव की संतान है। कर्ण अपना आराध्य देव सूर्य देव को मानता था। यह नियम पूर्वक कमर तक पानी में जाकर सूर्य देव की आराधना करता था और उस समय जरुरतमंदों को दान भी देता था। माना जाता है कि कार्तिक शुक्ल षष्ठी और सप्तमी के दिन कर्ण सूर्य देव की विशेष पूजा किया करता था।

अपने राजा की सूर्य भक्ति से प्रभावित होकर अंग देश के निवासी सूर्य देव की पूजा करने लगे। धीरे-धीरे सूर्य पूजा का विस्तार पूरे बिहार और पूर्वांचल क्षेत्र तक हो गया।

### सास बहू ने की थी पहली सूर्य पूजा

छठ पर्व को लेकर एक कथा यह भी है कि साधु की हत्या का प्रायश्चित करने के लिए जब महाराज पांडु अपनी पत्नी कुंती और मादरी के साथ वन में दिन गुजार रहे थे।

उन दिनों पुत्र प्राप्ति की इच्छा से महारानी कुंती ने सरस्वती नदी में सूर्य की पूजा की थी। इससे कुंती पुत्रवती हुई। इसलिए संतान प्राप्ति के लिए छठ पर्व का बड़ा महत्व है। कहते हैं इस व्रत से संतान सुख प्राप्त होता है।

कुंती की पुत्रवधू और पांडवों की पत्नी द्रापदी ने उस समय सूर्य देव की पूजा की थी जब पाण्डव अपना सारा राजपाट गंवाकर वन में भटक रहे थे।

उन दिनों द्रौपदी ने अपने पतियों के स्वास्थ्य और राजपाट पुनः पाने के लिए सूर्य देव की पूजा की थी। माना जाता है कि छठ पर्व की परंपरा को शुरू करने में इन सास बहू का भी बड़ा योगदान है।

### कौन हैं छठी मैया और किसने की इनकी पहली पूजा

पुराण की कथा के अनुसार प्रथम मनु प्रियव्रत की कोई संतान नहीं थी। प्रियव्रत ने कश्यप ऋषि से संतान प्राप्ति का उपाय पूछा। महर्षि ने पुत्रेष्ठि यज्ञ करने को कहा। इससे उनकी पत्नी मालिनी ने एक पुत्र को जन्म दिया लेकिन यह पुत्र मृत पैदा हुआ। मृत शिशु को छाती से लगाकर प्रियव्रत और उनकी पत्नी विलाप करने लगी। तभी एक आश्चर्यजनक घटना घटी।

एक ज्योतियुक्त विमान पृथ्वी की ओर आता दिखा। नजदीक आने पर सभी ने देखा कि उस विमान में एक दिव्याकृति नारी बैठी है। देवी ने प्रियव्रत से कहा कि मैं ब्रह्मा की मानस पुत्री हूं। संतान प्राप्ति की इच्छा रखने वालों संतान प्रदान करती हूं। देवी ने मृत बालक के शरीर का स्पर्श किया और बालक जीवित हो उठा।

महाराज प्रियव्रत ने अनेक प्रकार से देवी की स्तुति की। देवी ने कहा कि आप ऐसी व्यवस्था करें कि पृथ्वी पर सदा हमारी पूजा हो। राजा ने अपने राज्य में छठ व्रत की शुरूआत की। ब्रह्मवैवर्त पुराण में भी छठ व्रत का उल्लेख किया गया है।